दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 94 | जयपुर | गुरूवार , 06 फरवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष नवमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

अमेरिका ने 104 भारतीयों को जबरन भारत भेजा

इनमें पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग; यूएस एयरफोर्स विमान इन्हें अमृतसर छोड़कर लौटा

बढ़ता राजस्थान

अमृतसर (एजेंसी)। अमेरिका ने बुधवार को नई इमिग्रेशन पॉलिसी के तहत 104 अवैध प्रवासी भारतीयों को जबरन डिपोर्ट कर दिया। अमेरिकी एयरफोर्स का विमान सी-17 ग्लोबमास्टर इन्हें लेकर अमृतसर में एयरफोर्स के एयरबेस पर उतरा। इनमें पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग शामिल हैं। अमृतसर एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, इन लोगों का वैरिफिकेशन किया गया। यहां से इमिग्रेशन और कस्टम से क्लियरेंस के बाद पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया। करीब साढ़े 3 घंटे बाद यूएस एयरफोर्स विमान वापस लौट गया। अमेरिका ने कुल 205 अवैध भारतीयों को डिपोर्ट करने के लिए चिह्नित किया है। इन्हें भारत भेजा जाएगा। 186 भारतीयों को डिपोर्ट करने वाली लिस्ट भी सामने आई। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बाकी बचे लोग कहां हैं और कब डिपोर्ट किए जाएंगे। अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट के अनुसार 19 हजार अवैध प्रवासी भारतीय डिपोर्ट होंगे। ट्रम्प ने ये कार्रवाई ऐसे समय की है, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी को दो दिन की यात्रा पर अमेरिका जाने वाले हैं। 13 फरवरी को पीएम की ट्रम्प के साथ वार्ता प्रस्तावित है। वहीं पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप धालीवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प उनके दोस्त हैं। वे उनका प्रचार भी करने गए थे। वे ट्रम्प से मिलकर इसका हल निकालें।

ग्लोबमास्टर को भारत भेजने पर लगभग 6 करोड़ रुपए का खर्च

यूएस मिलिट्री का यह विमान भारतीय समय के मुताबिक, 4 फरवरी की सुबह 3 बजे अमेरिका के सैन एंटोनियो रवाना हुआ था। यह पहली बार है जब अमेरिका ने अप्रवासियों को भेजने के लिए सैन्य विमान का इस्तेमाल किया। ट्रम्प ने अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद अवैध तरीके से रह रहे बाहरी लोगों को डिपोर्ट करने के आदेश दिए थे। ग्लोबमास्टर को भारत भेजने पर लगभग 6 करोड़ रुपए का खर्च आया है। ये चार्टर्ड उड़ान से लगभग छह गुना ज्यादा है।

मौसम जयपुर
23.0° अधिकतम तापमान
9.0° न्यूनतम तापमान

बाजार शेयर बाजार
सेंसेंक्स | 78,271.28
-312.53 (0.40%)
निफ्टी | 23,696.30
-42.95 (0.18%)

सर्राफा सोना/चांदी
सोना | 87,315 /10g
चांदी | 99,500 /Kg

संक्षिप्त समाचार

1300 रुपए सोना, 2000 रुपए चांदी हुई महंगी

10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 86,500; चांदी हुई 98 हजार पार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठा-पटक और डॉलर की मजबूती का असर कीमती सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। बुधवार को भारतीय बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। जिसके बाद राजस्थान में 10 ग्राम सोने की कीमत 1300 रुपए बढ़कर 86,500 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत भी 2000 रुपए बढ़कर 98 हजार रुपए को पार कर गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बनी अस्थिरता की वजह से कीमती धातुओं की कीमत में आने वाले दिनों में और ज्यादा इजाफा होने की प्रबल संभावना है।

बढ़ता TOON!

दिल्ली में 57.85% वोटिंग

सबसे ज्यादा नार्थ-ईस्ट दिल्ली में 63.83%, सबसे कम साउथ-ईस्ट में 53.77% मतदान

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए वोटिंग का टाइम खत्म हो गया है। 57.85% लोगों ने इस बार वोट डाले हैं। सबसे ज्यादा नार्थ-ईस्ट दिल्ली में 63.83% और सबसे कम साउथ-ईस्ट में 53.77% मतदान हुआ है। यह भाजपा सांसद मनोज तिवारी का संसदीय क्षेत्र है। पिछले 12 सालों में यह सबसे कम वोटिंग है। पिछले 3 चुनावों के मुकाबले कम वोटिंग दिल्ली विधानसभा के पिछले 3 चुनावों के मुकाबले इस बार कम वोटिंग हुई है। साल 2013 में 65.63% वोटिंग हुई थी। 2015 में 67.12% और 2020 में 62.59% वोटिंग हुई थी। तीनों बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। इस बार 57.85% वोटिंग हुई है। हालांकि, यह आंकड़ा फाइनल नहीं है। गुरुवार सुबह यह फाइनल होगा।

एग्जिट पोल में भाजपा की सरकार ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा की सरकार बनती दिखाई दे रही है। 10 एग्जिट पोल आए हैं। 8 में भाजपा को बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है। 2 में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने का अनुमान है। एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 39, आप को 30 और कांग्रेस को एक सीट मिलने का अनुमान है। जेवीसी और पोल डायरी ने अपने एग्जिट पोल में अन्य को भी 1-1 सीट मिलने का अनुमान जताया है। सीलमपुर में फर्जी मतदान की शिकायत पर हंगामा हुआ भाजपा ने आरोप लगाया है कि सीलमपुर में बुर्के में महिलाओं से फर्जी मतदान करवाया जा रहा है। इस दौरान आप और भाजपा समर्थक एक-दूसरे से भिड़ गए, जिससे हंगामा होने लगा। बूथ लेवल ऑफिसर ने माना कि किसी और के नाम पर दूसरे लोग वोट डाल गए। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने जांच में कहा कि नाम एक जैसे होने की वजह से कंफ्यूजन हुआ। इसके बाद यहां पुलिस जांच कर रही है।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि नॉर्थ एवेन्यू एन ब्लॉक में 2000-3000 रुपए बांटे गए और लोगों की उंगलियों पर स्याही लगाई गई। यह सब चुनाव आयोग की नाक के नीचे हो रहा है। आप विधायक पर फ्लाइंग किस देने के आरोप में एफआईआर वोटिंग के दौरान आप के 2 विधायकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दिनेश मोहनिया के खिलाफ एक महिला ने फ्लाइंग किस देने का केस दर्ज कराया। ओखला विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया है।

26 साल का सूखा होगा खत्म, दिल्ली में अबकी बार बीजेपी सरकार!

दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद एग्जिट पोल्स भी सामने आ चुके हैं। लगभग सभी पोल्स में बीजेपी की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। यानी कि बीजेपी का 26 साल का सूखा खत्म होने जा रहा है। 10 एग्जिट पोल में आठ में दिल्ली में भाजपा की सरकार बनती दिख रही है। वहीं, दो एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी को चौथी बार सत्ता मिलती दिखाया गया है। दिल्ली में नतीजों का ऐलान आठ फरवरी को होगा।

सभी एग्जिट पोल को मिलाकर पोल ऑफ पोल में भी बीजेपी सरकार बनाती दिख रही है। पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 39 सीटें तक आ सकती हैं, जबकि आम आदमी पार्टी को 30 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक सीट ही आती दिख रही। विभिन्न एग्जिट पोल की बात करें तो मैटराइज के अनुसार, आम आदमी पार्टी को 32-37, बीजेपी को 35 से 40 सीट मिलने का अनुमान है। चाणक्य स्ट्रैटेजीस के अनुसार, आप को 25-28, बीजेपी को 39-44 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को दो से तीन सीटों का अनुमान है।

डीवी रिसर्च के अनुसार, आप को 26-34, बीजेपी को 36-44 सीटें आ सकती हैं। जेवीसी ने आप को 22-31, बीजेपी को 39-45 सीटें दी हैं। पी मार्क्यू के अनुसार, आम आदमी पार्टी को 21-31, बीजेपी को 39-49 सीटें दी हैं। पोल डायरी सर्वे एजेंसी के अनुसार, आम आदमी पार्टी को 18-25, बीजेपी को 42-50 सीटें तक मिलती दिख रही हैं। वहीं, पीपुल्स पल्स सर्वे के अनुसार, आम आदमी पार्टी को सिर्फ 10-19, बीजेपी को 51-60 सीटों के मिलने का अनुमान है।

एग्जिट पोल से खुश हुई बीजेपी

विभिन्न संस्थानों के एग्जिट पोल के नतीजों को देख कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खेमे में खुशी का माहौल है और पार्टी ने दावा किया है कि राष्ट्रीय राजधानी में अगली सरकार उसी की बनेगी। एग्जिट पोल के नतीजों के प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, मैं दिल्ली की जनता को बधाई देना चाहता हूं। दिल्ली की जनता ने आज भाजपा को इतना प्यार और आशीर्वाद दिया है। दिल्ली से आप-दा जा रही है और भाजपा आ रही है। दिल्ली की जनता भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चाहती है और विकास चाहती है। वहीं, नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने कहा, यह तय है कि आठ फरवरी को कमल खिलेगा। हम दिल्ली में सुशासन, स्वच्छ यमुना और रोजगार देंगे। अरविंद केजरीवाल को पूरा भरोसा है कि वे हार रहे हैं।

हिमाचल के पर्यटन स्थलों में ताजा हिमपात

मौसम विभाग ने आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की

बढ़ता राजस्थान

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात दर्ज किया गया, जबकि मौसम विभाग ने कुछ जिलों में आंधी और बिजली गिरने की आशंका व्यक्त करते हुए येलो अलर्ट जारी किया। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल और स्पीति तथा चंबा जिलों के कुछ स्थानों पर हिमपात हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, शिमला जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नारकंडा और कुफरी, चंबा के डलहौजी और कुल्लू जिले के मनाली और आसपास के इलाकों में हिमपात हुआ। मंडी जिले के सेराज, पराशर, शिकारी और कमरूनाग से भी हिमपात की खबरें मिलीं। हिमपात से होटल व्यवसायियों को पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद जगी। इससे लंबे समय से राज्य में सूखे की स्थिति को लेकर चिंतित बागवानों को भी राहत मिली। सेब की खेती के लिए बर्फ को फायदेमंद माना जाता है। हालाँकि, शुष्कता को पूरी तरह से रोकने के लिए हिमपात अपर्याप्त था। मौसम विभाग के अनुसार, कोठी में 33 सेमी, गोंदला में 11 सेमी, केलांग में 9 सेमी, कुकुमसेरी में 8.3 सेमी, भरमौर में 8 सेमी, मनाली में 7.4 सेमी, जोत में 6 सेमी, कल्पा में 5.1 सेमी और शिल्लारू तथा खद्राला में 5 सेमी हिमपात हुआ। शिमला शहर में ओलावृष्टि हुई, जबकि आसपास के जुब्बड़हट्टी और कुफरी में क्रमश: 8.3 सेमी और 4 सेमी बर्फ गिरी। राज्य में सबसे अधिक वर्षा सलोनी में 44.3 मिमी दर्ज की गई। इसके बाद कसोल में 30 मिमी, करसोग में 24.3 मिमी, भुंतर में 21.4 मिमी, जोगिंद्रनगर में 19 मिमी, बंजार में 18.2 मिमी, शिमला में 16.2 मिमी और गोहर में 16 मिमी बारिश हुई।

शिमला, जुब्बड़हट्टी, कांगड़ा, जोत, भुंतर, पालमपुर और सुंदरनगर में गरज के साथ वर्षा हुई। बिलासपुर और मंडी में हल्का कोहरा दर्ज किया गया। ताजा बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं और लाहौल एवं स्पीति पुलिस ने यात्रियों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

बांग्लादेश में फिर हिंसा भड़की

बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के घर में घुसे लोग, आगजनी और तोड़फोड़ की

बढ़ता राजस्थान

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश के कई शहरों में बुधवार देर रात फिर हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के ढाका स्थित धनमंडी-32 आवास पर धावा बोला और तोड़फोड़ की।

हिंसा सोशल मीडिया पर 'बुलडोजर जुलूस' के ऐलान के बाद हुई। जब हमला हुआ, तब सुरक्षाबल भी मौजूद थे। भीड़ को वहां से जाने के लिए समझाने की कोशिश की, लेकिन सारी कोशिशें नाकाम रहीं।

कुछ उपद्रवी आवास और संग्रहालय में भी घुस गए। बालकनी पर चढ़ गए और तोड़फोड़ की। बताया जा रहा है कि आवास में आगजनी भी की गई है। इसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

टी-20 आईसीसी रैंकिंग जारी, अभिषेक शर्मा नंबर-2 बल्लेबाज बने

अभिषेक ने 38 स्थान की छलांग लगाई; ट्रैविस हेड टॉप पर

बढ़ता राजस्थान

दुबई (एजेंसी)। भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा आईसीसी की टी-20 रैंकिंग में नंबर-2 पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन के बाद उन्होंने 829 रेटिंग पॉइंट्स की छलांग लगाई। टॉप पर ट्रैविस हेड और तीसरे नंबर पर तिलक वर्मा रहे। उन्हें एक अंक का नुकसान हुआ है।

आईसीसी ने बुधवार को नई रैंकिंग जारी की। टी-20 की बॉलिंग रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती को तीन स्थान का फायदा हुआ है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने ली ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक

आउट ऑफ द बॉक्स सोचें, ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन को लेकर नए स्पॉट विकसित करें : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने बुधवार को जिला परिषद में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की मैराथन बैठक ली जिसमें नगर निकायों, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, जलदाय विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया। इस दौरान सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसीईओ सुमन अजमेरा, टीओ विकास अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। मनरेगा की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने अपूर्ण कार्य 15 मार्च तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि वे अब हर माह इसकी समीक्षा करेंगे। इसके अलावा जियो टैगिंग के संबंध में कहा कि सभी विकास अधिकारी जेटीए के माध्यम से यह कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें और अगली समीक्षा बैठक में एईएन और जेटीए को भी साथ लाएं। कलक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विजिट के दौरान नरेगा के लाभार्थी ग्रामीणों से जरूर मिले और फीडबैक लें। विकास अधिकारियों द्वारा नरेगा अंतर्गत हुए मॉडल विकास कार्यों को जिला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जिस पर कलक्टर ने सफलता की कहानियाँ तैयार कर इन कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

कैच द रैन में करें नवाचार

कलक्टर ने बैठक में जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' को लेकर कहा कि सभी जल संरक्षण के क्षेत्र में कोई न कोई नवाचार करें जिससे राजसमंद जिला एक उदाहरण प्रस्तुत करे। कलक्टर ने जिले में वर्ष ऋतु से पहले-पहले कम से कम 1100 फार्म पॉण्ड तैयार करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को समुचित ढंग से लाभान्वित किया जा सके।

'लंग्स ऑफ पंचायत' करें तैयार

कलक्टर ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में जलाशयों के नजदीक कम से कम 200 पेड़ों का एक शानदार झुरमुट तैयार किया जाए। आगामी मानसून को लेकर अभी से ही पौधशालाओं में पौधे तैयार करने का कार्य मिशन मोड पर शुरू कर दें और ये पौधे 20 जून तक तैयार हो जाएं। गांवों में स्थित सभी स्टेडियम की बाउंड्री पर पौधारोपण अवश्य करें। इसके अलावा उन्होंने कचरा संग्रहण केंद्र, कैटल शेड, अमृत सरोवर, चारागाह विकास कार्य आदि को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए।

ग्रामीण पर्यटन को दें बढ़ावा

कलक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में बड़े तालाबों का चयन कर कोई न कोई ऐसे पर्यटन स्थल विकसित करें जहां आस-पास के गांवों के बच्चे पिकनिक मनाने आ सकें। इन तालाबों पर बोटिंग भी कराएं और आस-पास मनोरंजन पार्क विकसित करें। कलक्टर ने कहा कि हमें ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में आउट ऑफ द बॉक्स सोचते हुए कुछ नवाचार करने चाहिए।

सांसद और विधायक मद के कार्यों की समीक्षा

बैठक में जिला कलक्टर ने एमपीलैड तथा एमएलएलैड के तहत स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा इन कार्यों की पंचायतसमिति वार समीक्षा की। मगरा क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम तथा डीएमएफटी के तहत के लंबित कार्यों को भी जल्द पूरा करने हेतु कहा। कुंभलगढ़ क्षेत्र में आँगनवाडी केंद्र के छत मरम्मत जैसे छोटे कार्य भी समय से पूर्ण नहीं होने पर कलक्टर ने नाराजगी जताई और कहा कि कार्यों को लंबित रखना स्वीकार्य नहीं है।

प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया बोहरा का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)। नगर पालिका क्षेत्र स्थित एसएमएस ग्रुप परिसर में भाजपाईयों की बैठक हुई, जिसमें एसएमएम के संस्थापक डॉ शशिकांत बोहरा को उनके जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी गई। भाजपाईयों सहित विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बानसूर की प्रेरणा के रूप में उनका जन्मदिन मनाकर उनको माला साफा पहनाकर व मिठाई खिलाई। इस मौके पर भाजपाईयों ने मिठाई बांटकर भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की। भाजपा कार्यकर्त्ताओं और विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने उनकी ईश्वर से लम्बी आयु की कामना की। भाजपा सहित क्षेत्र के लोगों द्वारा जन्मदिन मनाने कारण है कि वे बानसूर विधानसभा क्षेत्र के पहले भाजपाई हैं। उन्होंने ने ही स्व. एडवोकेट हरिसिंह शेखावत को भाजपा का पहला अध्यक्ष नियुक्त करवाया था। जो बानसूर विधानसभा क्षेत्र के कीचड़ में कमल खिल रहा है। वहीं अन्य क्षेत्रवासियों द्वारा जन्मदिन इसलिए मनाया गया कि एसएमएस विद्यालय में पढ़े विद्यार्थी अनेक ऊँचे पदों पर बैठकर बानसूर का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर बोलते हुए डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि मुझे जो प्रेरणा मिली थी मैंने उसी प्रेरणा के बलबूते प्रेरणा देने का प्रयास किया हैं। मैं उन सब लोगों को धन्यवाद देता हूँ कि मेरे जन्मदिन को उन्होंने प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया है।इस मौके पर वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष, राजस्थान सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा,हेमन्तसिंह शेखावत, लोकेश वर्मा, सतीश बाल्मीकि, समाजसेवी निरंजनलाल सैनी ठेकेदार, सैनी महासभा के अध्यक्ष सुरेशचंद सैनी, विजय कुमावत, संदीप शेखावत, सतीश चौधरी, हेमलता सिसोदिया,एडवोकेट संकेत लाटा, सुनीता मीना, देवेन्द्र प्रजापत, मुकेश सुरेला सहित भाजपाई मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार पकाते समय रखें सावधानी, विभाग ने जारी किये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

सिणधरी,(कैलाश गोस्वामी)। जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यकर्ता के द्वारा पोषाहार पकाते समय गैस सिलेंडर के उपयोग के समय सावधानी बरतने के दिशा-निर्देश जारी किये गये है। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नितीन गहलोत ने बताया कि विभाग द्वारा जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यकर्ता के द्वारा पोषाहार पकाते समय गैस सिलेंडर के उपयोग के समय सावधानी बरतने के दिशा-निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं से विभाग द्वारा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए पौष्टिक एवं शुद्ध पोषाहार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये।

गैस सिलेंडर के उपयोग के सम्बन्ध में ध्यान रखने योग्य बातें

महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक ने बताया कि पूरक पोषाहार सेवा योजनान्तर्गत भोजन तैयार करने के लिये सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गैस उपयोग में ली जा रही है। गैस एजेंसियों द्वारा समय-समय पर गैस उपयोग के समय सावधानी बरतने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों आईएसआई मार्क गैस पाइप का उपयोग करें, जिसकी अधिकतम लंबाई 1.5 मीटर होनी चाहिए। उन्होने कहा कि पाइप निरीक्षण के लिए सहजता से उपलब्ध हो, साथ ही आग से दूर हो। गैस चुल्हे में नॉजल की पूर्ण लंबाई को ढंकते हुए अंदर की ओर लगाये। इसे केवल गीले कपडे से साफ करें, पाईप को नॉजल पर चढ़ाने के लिए साबुन के पानी का प्रयोग न करें। इसकी नियमित रूप से जांच करें, कोई दरार, गड्डे, लचीलापन न हो। पाईप को किसी अन्य वस्तु से न ढकें।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नवीन आवेदन करने से पूर्व राशन कार्ड में सभी सदस्यों की आधार सीडिंग अनिवार्य

बढ़ता राजस्थान

बालोतरा,(कैलाश गोस्वामी)। प्रमुख शासन सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नवीन आवेदन करने से पूर्व राशन कार्ड में सभी सदस्यों की आधार सीडिंग अनिवार्य है। जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने बताया कि राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 में प्राथमिक परिवारों के चयन व निष्कासन हेतु तथा खाद्य सुरक्षा योजना में खाद्यान्न से प्रतिमाह लाभान्वित करने हेतु तैयार प्राथमिक सूची के पात्र वंचित व्यक्तियों, परिवारों को जोड़ने व प्राथमिक सूची में शामिल अपात्र परिवारों को हटाने हेतु प्रावधान किया गया है। विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने हेतु नवीन आवेदन प्राप्त करने के संबंध में 26 जनवरी से पोर्टल प्रारम्भ किया गया है।

महाकुंभ से लौटे महंत हनुमान दास का ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा के बीच स्वागत

बढ़ता राजस्थान

सिणधरी, (कैलाश गोस्वामी)। प्रयागराज महाकुंभ से बुधवार को उपखण्ड क्षेत्र के चाडों की ढाणी पहुंचे के महंत हनुमानदास का पुष्पवर्षा के बीच स्वागत किया गया। महंत हनुमान दास ने कहा कि प्रयागराज यात्रा के दौरान काशी विश्वनाथ, अयोध्या, मथुरा, वृंदावन मेहंदीपुर बालाजी खाटू श्याम एवं नागाणा में भक्तों के साथ दर्शन लाभ लिया । ग्रामीणों ,बच्चों और महिलाओं ने हाथों में राम ध्वजा लेकर अगवानी की । महिलाओं ने आरती कर स्वागत किया। इसके बाद महंत हनुमान दास ने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत नारायण दास जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आरती की। ग्रामीणों द्वारा ढोल धमाके के साथ पुष्प व्यवस्था एवं मंगल गीत गाकर महाराज श्री का स्वागत किया। इस अवसर पर महंत हनुमान दास ने कहा कि ऊंच नीच के भेदभाव से ग्रसित लोग सनातन संस्कृति को नहीं समझ सकते। यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काल है। कोई मजहब, जाति और लिंग को भेद का आधार न बनाए। केवल स्त्री रक्षा के लिए रामायण हुआ। भारत की महान संस्कृति को बचाने के लिए छुआछूत, भेदभाव मिटाना होगा। इस दौरान ढंढ महंत लक्ष्मण दास ने कहा किसी भी तरह से संस्कृति से न अलग किया जा सकता है और न उनको अस्वीकार किया जा सकता है।

जिन वजहों से हम एक हो सकते हैं, उनको इतिहास की किताबों से निकालकर लाना होगा और सबको एक सूत्र में बांधना ही सनातन संस्कृति का मूल उद्देश्य है। इस दौरान भूंका महंत निर्मलदास ढंढ महंत लक्ष्मण दास, बाल ब्रह्मचारी मनसुख दास,बगाराम,भावाराम, चेतनराम, भीमाराम, अचलाराम, सहित बड़ी संख्या भक्त भाविक व ग्रामीण मौजूद रहे ।

7 दिन में चोरी का खुलासा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी, लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। केलवा थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी और लूट की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों का आज आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस थाने का घेराव किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चोरी के मामलों का जल्द खुलासा करने और चोरी हुआ सामान बरामद करने के लिए 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बामन टुकड़ा, मियारी, पडासली, मादड़ी, देवपुरा, रघुनाथपुरा, देवतलाई, भागल, भूंडल और हिम्मतपुरा आदि गांवों में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते दो महीनों में कई चोरी और लूट की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। ग्रामीणों ने पुलिस को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है।

यदि इस समय में चोरियों का खुलासा नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। इस बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुलिस को सख्त कदम उठाने होंगे।

इंजी. राजेंद्र डागा को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। महावीर जैन जागृति परिषद के ट्रस्टी इंजी. राजेंद्र डागा को इंस्टीट्यूशन ऑफ़ इंजीनियर्स (इंडिया) राजस्थान स्टेट सेण्टर, जयपुर में सम्मानित किया गया। परिषद के संस्थापक अध्यक्ष हिम्मतलाल वया ने बताया कि जयपुर के अभियंता भवन में आयोजित इस राज्य स्तरीय समारोह में इंस्टीट्यूशन ऑफ़ इंजीनियर्स राजस्थान के अध्यक्ष इंजी. महेंद्र चौहान, सचिव इंजी. डॉ. हेमंत गर्ग एवं स्टेट कौंसलर इंजी. एस. एस. यादव ने इंजी. डागा को आउटस्टैंडिंग इंजीनियरिंग सर्विसेज टू सोसाइटी अवार्ड प्रदान किया। इंजी. डागा ने प्रसिद्ध औद्योगिक संस्थानों में उत्कृष्ट इंजीनियरिंग, कॉन्ट्रेक्ट्स व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के साथ माल प्रबंधन के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाएं प्रदान की है और वर्तमान में परिषद के साथ अन्य कई सामाजिक, धार्मिक व साहित्यिक संस्थाओं में मानद सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

कक्षा 09 एवं 11वीं में समानान्तर प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

बालोतरा,(कैलाश गोस्वामी)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 एवं 11 में प्रवेश परीक्षा का आयोजन 8 फरवरी को किया जाएगा। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरनाथ सिंह चारण ने बताया कि 08 फरवरी, 2025 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र http://www.navodaya.gov.in/ पर जाकर डाउनलोड कर सकते है । कक्षा 9 के लिए परीक्षा का समय प्रातः 11.15 से दोपहर 01.45 बजे तक तथा कक्षा 11 वीं की परीक्षा का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक रहेगा।

हिंदुस्तान जिंक के सहयोग से आयोजित, वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल 2025 के लिए ज़िंक सिटी में भाग लेने को उत्सुक देश और विदेश के संगीत प्रेमी

अर्जेंटीना, ईरान, स्वीडन, स्पेन, आइवरी कोस्ट, कुर्दिस्तान, जर्मनी, हंगरी, रीयूनियन आइलैंड और कई अन्य देशों सहित 15 से अधिक देशों के 22 बैंड 7 से 9 फरवरी 2025 तक प्रस्तुति देगें

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सहयोग से सहर एवं पर्यटन विभाग द्वारा ज़िंक सिटी उदयपुर में आयोजित होने वाले वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल 2025 का पोस्टर एवं कलाकरों की सूची का अनावरण किया गया, इस कार्यक्रम में अब मात्र दो दिन शेष है।

स वर्ष आयोजित होने वाले इस भव्य महोत्सव का उद्देश्य राजस्थान के भूले हुए संगीत वाद्ययंत्रों और परंपराओं के संरक्षण और प्रचार-प्रसार एवं वैश्विक संगीत संस्कृतियों को अपनाना है। भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के विविध मिश्रण को एक साथ लाकर, यह महोत्सव 7 से 9 फरवरी, 2025 तक एक बार फिर जिंक सिटी - उदयपुर को संगीत और संस्कृति के जीवंत केंद्र में बदल देगा। हिंदुस्तान जिंक और राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के सहयोग और सहर द्वारा परिकल्पित, यह महोत्सव संगीत प्रेमियों के लिए निःशुल्क प्रवेश के साथ विश्व स्तरीय संगीत को सभी के लिए खास होगा। पिछले कुछ वर्षों में, यह महोत्सव एशिया में विश्व संगीत का सबसे अधिक लोकप्रिय उत्सव बन गया है, जिसमें सालाना 55,000 से अधिक लोग आते हैं। इनमें से कई अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के लिए, यह भारत में उनकी पहली प्रस्तुति होगी।

विश्व स्तर पर प्रसिद्ध प्रस्तुतियों के अलावा, समारोह में शान, कर्ष काले, कनिका कपूर, फरीदकोट, सुकृति-प्रकृति, यूफोरिया और वेस्टर्न घाट सहित कई भारतीय प्रतिभाएं भी शामिल होंगी। यह महोत्सव उदयपुर में तीन अलग-अलग स्थानों पर होगा, जिनमें से प्रत्येक एक अनूठा संगीतमय अनुभव प्रदान करेगा। मांजी का घाट (8 और 9 फरवरी, सुबह 8 बजे - 10 बजे) की सुबह प्रसिद्ध सिटी पैलेस और जग मंदिर के सुरम्य दृश्यों के सामने शांत, ध्यानपूर्ण प्रदर्शन होंगे। फतेह सागर पाल (8 और 9 फरवरी, दोपहर 3 बजे - शाम 5 बजे) पर दोपहर में विश्व संगीत का एक सुखद मिश्रण होगा, जिसमें रोमांटिक धुनें होंगी रात होते ही यह महोत्सव गांधी ग्राउंड (7-9 फरवरी, शाम 6 बजे से रात 10 बजे) में आयोजित होगा, जहां हाई एनर्जी वाली प्रस्तुति प्रत्येक दिन को शानदार बनाएगें। हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, कला और संगीत सार्वभौमिक भाषाएं हैं जो रचनात्मकता, सहिष्णुता, सम्मान, दया और सद्भाव को प्रेरित करती हैं। हिन्दुस्तान ज़िंक और वेदांता में, हमने हमेशा कला और संस्कृति का सहयोग किया है, युवा प्रतिभाओं को उनके कौशल का प्रदर्शन करने, सीखने और बढ़ने के अवसर प्रदान कर उन्हें मंच प्रदान करने का प्रयास किया है।

अनावरण समारोह में बोलते हुए, सेहर के संस्थापक निदेशक संजीव भार्गव ने कहा कि, वेदांता उदयपुर विश्व संगीत महोत्सव एक ऐतिहासिक आयोजन बन गया है, जो दुनिया के बेहतरीन संगीतकारों को भारत लाता है और दर्शकों को ध्वनियों और संस्कृतियों की विस्तृत श्रृंखला से परिचित कराता है। इस वर्ष की लाइनअप उस परंपरा को जारी रखती है, जो एक अनूठा, अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करती है।

तिघरिया ग्राम पंचायत से रणमल पाड़ा ग्राम पंचायत बनाने को लेकर एसडीएम को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। ग्राम तिघरिया के सैकड़ो लोगों ने ग्राम पंचायत तिघरिया से रणमल पाड़ा ग्राम पंचायत नवसृजित करने को लेकर ज्ञापन दिया। समस्त ग्राम वासियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि ग्राम पंचायत तिघरिया के कुछ हिस्से को पीलवा में जोड़ने की कार्यवाही चल रही है जिसका समस्त ग्रामवासियों ने एक राय होकर विरोध किया। किसी भी स्थिति एवं भौगोलिक परीस्थिति अनुसार पीलवा एवं गांव तिघरिया के लिए सही नही है, दोनों गांवों की लगभग 8 से 10 किलोमीटर दूरी है, दोनों गांव के मध्य हमेशा तनाव बना रहता है कई बार आपसी वर्ग संघर्ष की स्थिति बन चुकी है ऐसी स्थिति में किसी तरह। तिघरिया गांव से काटकर कुछ हिस्सों को पीलवा में जोड़ना न्याय उचित व न्याय संगत नहीं है। हमारे तिघरिया गांव की काफी आबादी ग्राम पंचायत ढेहरा, ग्राम पंचायत महमदपुर में जोड़ रखी है उन सभी को पृथक कर ग्राम पंचायत तिघरिया व दूसरी ग्राम पंचायत रणमल पाड़ा बनाई जाए, क्योंकि दोनों राजस्व गांव है एवं सरकार के नियम की पूर्ति करते हैं ।अगर किसी भी स्थिति में ग्राम पंचायत तिघरिया को तोड़ा जाता है तो समस्त गांव मतदान का बहिष्कार करेगा । इस अवसर पर पार्षद गोपेंद्र सिंह पावटा ने कहा कि शासन प्रशासन को गांव तिघरिया की मांग पर जरूर विचार करना चाहिए और जनभावना अनुरूप काम होना चाहिए, इस अवसर पर प्रीतम सरपंच, भगवान सिंह, ज्ञान सिंह, बलबीर सिंह, कप्तान, भरत सिंह, समय सिंह, रामहरि, चतरु, ज्ञानी, प्रेम सिंह, जगदीश, रामनिवास, सुल्तान, अवतार चंद्रभान जसवंत रामस्वरूप भारत रामराज सुभद्दी, लिलो, रतन, श्री राम, जनक, हंसराम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय के छात्र गणेश बैरवा का राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन, राज्य स्तरीय पुरस्कार से भी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय बेंगलुरू की ओर से सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर 11 फरवरी से 17 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है । जिसमे 10 राज्यो के 200 स्वयंसेवक एवं 10 कार्यक्रम अधिकारी भाग लेंगे जो अपने – अपने राज्यों की कला,संस्कृति,खान-पान वेश- भूषा, त्यौहार आदि का प्रदर्शन करने । राजस्थान क्षेत्रीय निदेशालय से 5 स्वयंसेवक,5 स्वयसेविकाओ एवं एक कार्यक्रम अधिकारी का चयन किया गया है । जिसमे लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय के एम ए (प्रवेश) इतिहास विभाग के छात्र गणेश बैरवा का चयन किया गया है । श्री एसपी भटनागर (निदेशक),डॉ मुदित गुप्ता (प्राचार्य) एवं डॉ चंदन रावत (समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारी) ने स्वयंसेवक को बधाई दी । गणेश बैरवा राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक होने के साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी है । उनके सराहनीय कार्य के लिए राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से गणेश बैरवा को वर्ष 2023 में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है ।

सबको बीमा अभियान के तहत 'बीमा रथ' को दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। सबको बीमा अभियान-2047 के तहत बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट जयपुर से बीमा रथ को रवाना किया गया। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा के नवनियुक्त 18 प्रशिक्षु अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री राकेश मीणा ने बताया कि बीमा रथ का संचालन सबको बीमा अभियान के तहत जयपुर जिले में आमजन के बीच प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बीमा रथ को हरी झंडी दिखाने के दौरान बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में शिरकत कर रहे अतिथियों एवं आमजन को बीमा रथ की उपयोगिता एवं बीमा प्रक्रिया के साथ-साथ बीमा से होने वाले लाभ की जानकारियों से रूबरू करवाया।

जामडोली थाना शुरू होते ही पुलिस ने पकडे मादक पदार्थ और देशी शराब की तस्करी करने वाले तीन बदमाश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। जामडोली थाना की शुरुआत होते हुए पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मादक पदार्थ और देशी शराब की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से गांजा,देशी शराब सहित अवैध हथियार जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

किसान रजिस्ट्री शिविरों का हुआ शुभारंभ किसानों को मिली 11 अंकों की विशिष्ट पहचान

शिविर में ग्रामीणों को अन्य विभागीय योजनाओं का भी मिल रहा लाभ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर जिले में बुधवार को किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन हुआ। शिविर के पहले ही दिन कैंप में रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों में खासा उत्साह देखा गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर किसान रजिस्ट्री शिविरों में लाभार्थियो की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किये गए। जयपुर जिले में शिविर के पहले ही दिन 3 हजार 417 किसानों की ई-केवाईसी की गई। वहीं, 981 किसानों का भूमि सत्यापन एवं 946 किसानों का एनरोलमेन्ट किया गया। साथ ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना से भी लाभांवित किया गया। शिविर में 1 हजार 530 किसानों की गैर संचारी बीमारियों का उपचार किया गया, 1 हजार 212 किसानों को आयुष्यमान कार्ड का वितरण किया गया तो वहीं, 1 हजार से अधिक किसानों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में 188 किसानों को विद्युत विभाग की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से लाभांवित किया गया। शिविर में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 27 किसानों को नवीन पट्टे वितरित किये गए, विमुक्त समुदाय के 8 सदस्यों को पट्टे वितरित किये, स्वामित्व योजना के तहत 94 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, 82 जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र वितरित किये गए साथ ही 106 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभांवित किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में 452 किसानों को मंगला पशु बीमा योजना से लाभांवित किया गया वहीं, 2 हजार 583 पशुओं का टीकारण किया गया। एक हजार से अधिक पशुओं का उपचार किया गया।

एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 31 मार्च 2025 तक प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट किसान आईडी बनाई जा रही है। शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। किसान रजिस्ट्री शिविरों के सफल आयोजन एवं आमजन की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट तय प्रारूप में जिला कलक्टर को सौंपी है। शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। अपनी ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन सहित अन्य जानकारियां हालिस करने के लिए आमजन एवं किसान दूरभाष नंबर 0141-2209905, 0141-2209906 पर संपर्क कर सकते हैं।

राजस्थान सरपंच संघ ने सरकार के आभार कार्यक्रम पर की जा रही टीका-टिप्पणी का किया विरोध

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। राजस्थान सरपंच संघ की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आभार कार्यक्रम को लेकर की जा रही टीका-टिप्पणी का कड़ा विरोध किया। संघ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाए जाने का फैसला ऐतिहासिक है, और इसे लेकर की जा रही राजनीति अनुचित है।

2020 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने बनाया था निवर्त्तमान सरपंचों को ग्राम प्रधान राजस्थान सरपंच संघ के अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल ने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय सरपंचों के हित में लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सरपंचों को प्रशासक नियुक्त कर एक ऐतिहासिक कार्य किया है। हम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत करते हैं और उनके इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हैं। सरपंच संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह गौड़ ने बताया कि सरपंच वह वार्ड पंच किसी भी राजनीतिक दल से चुने हुए नहीं होते हैं । ऐसे में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस तरह का बयान जारी करना निवर्तमान सरपंचों व नव नियुक्त प्रशासको का अपमान है । उन्हें अपना बयान वापस लेते हुए जनप्रतिनिधियों से माफी मांगनी चाहिए। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद मीना ने कहा कि यह मॉडल मध्य प्रदेश सरकार में पहले ही लागू हो चुका है। सरपंच संघ राजस्थान पिछले लंबे समय से राजस्थान सरकार से यही मांग कर रहा था कि सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाये जाने में मध्य प्रदेश मॉडल को लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे कमलनाथ सरकार ने सबसे पहले सरपंचों को प्रशासक के रूप में कमेटी बनाकर ग्राम प्रधान बनाने का निर्णय 6 मार्च 2020 को लिया था। अब राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की तरफ से इस फैसले का विरोध किया जाना उचित नहीं है। सरपंच के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा न्यू वर्तमान सरपंचों को जो प्रशासक नियुक्त किया है। वह एक ऐतिहासिक कदम है और सरपंच संघ ने इस निर्णय को ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इस फैसले से पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी।

इस दौरान सरपंच संघ के चितोड़ जिला अध्यक्ष गणेश साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद एक सरपंच रहे हैं और वह गांव की जनता की हर नब्ज को समझते हैं इसीलिए उन्होंने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सीकर जिला अध्यक्ष हनुमान झाझड़ा, कोटा जिला अध्यक्ष मोईजुउद्दीन गुड्डू ,प्रवक्ता राम प्रसाद चौधरी, सुरेश गढ़वाल कमलेश ,पाटीदार झालावाड़ गोर्धन सालवी, भेरू सिंह राठोर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ ने सभी मीडिया कर्मियों का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी उपस्थिति इस निर्णय को जनता तक पहुंचाने में सहायक होगी।

रोजगार सहायता शिविर में प्रशस्त हुई उज्ज्वल भविष्य की राह

- शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- शिविर में 331 अभ्यर्थी हुए लाभावित, मौके पर ही सौंपे गए नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में बुधवार को कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निजी क्षेत्र के 28 संस्थानों ने भाग लेकर कुल 237 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन एवं 94 बेरोजगार आशार्थियों का प्रशिक्षण हेतु चयन कर कुल 331 आशार्थियों को लाभान्वित किया गया। उप निदेशक नवरेखा ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को बेहतर रोजगार हेतु शिक्षा के साथ कौशल पर बल देने हेतु प्रेरित किया। साथ ही 14 आशार्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान कर प्रोत्साहित भी किया।

नवरेखा ने समारोह में अपने अनुभव साझा किये और विद्यार्थियों को स्वरोजगार, रोजगार के अवसरों एवं मुख्यमंत्री युवा संबल योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की। करियर काउंसलिंग सत्र में प्रेरणादायक वक्ताओं ने छात्रों को अपने करियर के प्रति जागरूक किया। महिला महाविद्यालय की निदेशक श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी एवं प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्रों को अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करने हेतु प्रेरित किया एवं अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्साहित किया।

सरकारी काम की आड़ में केबल चोरी करने वाली गैंग गिरफ्तार

केबल चोरी के कारण सात दिन तक टेलिफोन व ब्रॉडबैंड रहा था ठप, बदमाशों ने चोरी कर ली थी केबल तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। विधायकपुरी थाना पुलिस ने केबल चोरी करने वाले छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी सरकारी काम की आड में रात को जमीन में दबी बीएसएनएल केबल चोरी करने का काम किया करते थे। इन लोगों को कोई टोकता तो ये लोग सरकारी काम का हवाला देकर चोरी की वारदात किया करते। रात्री गश्त के दौरान पुलिस टीम को इन पर शक हुआ तो बदमाशों से पूछताछ की गई। इस पर बदमाशों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर इन के पास से लाखों रुपए की केबल,केबल काटने के उपकरण सहित नगदी और एक कार बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने शहर में अभी तक एक दर्जन से अधिक वारदात करना कबूल किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने केबल चोरी करने वाले 35 वर्षीय जाबिर हुसैन, 28 वर्षीय मोहम्मद सालिम,48 वर्षीय फिरोज, 44 वर्षीय आरफीन, 33 वर्षीय मोहम्मद दानिश और 37 वर्षीय मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार किया गया है सभी निवासी बिहार हाल जयपुर के रहने वाले है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गैंग रात को केबल चोरी का काम किया करती थी। कोई इन से अगर पूछताछ भी करता है तो ये लोग सरकारी काम का हवाला देते थे। इसलिए इन पर कोई शक नहीं करता था। इन लोगों ने हाल ही में उत्तर जिले की टेलिफोन व ब्रॉडबैंड केबल चोरी कर ली। जिस से एक सप्ताह तक इस इलाके की सेवाएं प्रभावित हुई। पुलिस टीम ने इन बदमाशों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक लोडिंग टेम्पो, एक स्विफ्ट कार, लाखों की केबल, केबल काटने के उपकरण सहित 1 लाख 72 हजार रुपए बरामद किए।

इस तरह से पकड़े गए केबल चोर

रात को गश्त के दौराने एमआई रोड पर 5-6 व्यक्ति भूमिगत केबल को निकालकर लोडिंग टैम्पों में डाल रहे थे। पास में ही एक स्वीफ्ट कार खडी थी, जो पुलिस की गाडी को देकर यहां से भागने की कोशिश करने लगे जिन पर संदेह होने पर बनवारी लाल मीणा थानाधिकारी विधायकपुरी मय जाप्ता के घेराबन्दी कर बदमाशों को पकड़ा।

जेडीए की बड़ी कार्रवाई

पटेल नगर योजना, खोरी रोपाड़ा, की तीस बीघा भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-10 ईकोलोजिकल जोन में जेडीए की योजना पटेल नगर, खोरी रोपाड़ा, में 60 करोड़ रूपये की करीब 30 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित जेडीए की योजना पटेल नगर, खोरी रोपाड़ा, जिला जयपुर में करीब 30 बीघा बेषकीमती सरकारी भूमि पर स्थानीय काष्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर अस्थाई रूप से चारदीवारी व अन्य अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा उक्त सरकारी भूमि पर पटेल नगर योजना विकसित की जा रही है। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत 60 करोड़ रूपये है। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 पुलिस आयुक्तालय जयपुर शहर से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानीय पुलिस थाना खो नागोरियान का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 817 बीघा व वर्ष 2025 में 306 बीघा आज तक कुल 1123 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

एसीबी ने रिश्वत मामले में सरपंच और उसके बेटे के खिलाफ कोर्ट में पेश किया चालान

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पच्चीस हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में सरपंच और उसके बेटे के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया है। एसीबी के अनुसार परिवादी की ओर से दी गई शिकायत में बताया कि उसके द्वारा ग्राम पृथ्वीपुरा में नरेगा का कार्य श्रमिकों द्वारा करवाया जाकर मस्टररोल भरी गई थी। उक्त कार्य को पास कराने के एवज में सरपंच राधेश्याम मेहर व उसके पुत्र रवि कुमार की ओर से परिवादी से रिश्वत की मांग की गई। इसकी शिकायत परिवादी ने 26 मार्च 2024 को एसीबी चौकी झालावाड़ पर की। इस पर शिकायत का गोपनीय सत्यापन किया गया। आरोपियों द्वारा सत्यापन के दौरान ही परिवादी से 10 हजार रुपए लिए गए। आरोपी राधेश्याम मेहर सरपंच व उसके पुत्र रवि कुमार को परिवादी से 25 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। जिस पर राधेश्याम मेहर सरपंच ग्राम पंचायत सरड़ा पंचायत समिति अकलेरा जिला झालावाड व रवि कुमार मेहर निवासी ग्राम सरड़ा झालावाड़ (प्राइवेट व्यक्ति) के विरुद्ध ब्यूरो मुख्यालय द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया। इस पर उप महानिरीक्षक शिवराज मीणा के निरीक्षण में प्रकरण का अनुसंधान पुलिस निरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (इन्टेलिजेन्स) कोटा चन्द्र कँवर की ओर से किया गया। इस प्रकरण में आरोपी सरपंच राधेश्याम मेहर के विरूद्ध सक्षम अधिकारी से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त की गई। प्रकरण में अनुसंधान के बाद आरोपियों के खिलाफ बुधवार को विशिष्ट न्यायाधीश सेशन न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोटा में चालान पेश किया गया।

पंचायत समितियों पर फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का हुआ शुभारंभ

1149 किसानों का पंजीकरण कर बनाई फार्मर आईडी, शाहपुरा में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह ने लिया शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा

बढ़ता राजस्थान

शाहपुरा (कमलेश अग्रवाल)। किसानों को सरकारी योजनाओं एवं लाभों से जोड़ने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी फार्मर रजिस्ट्री परियोजना का शुभारंभ आज बुधवार को जिले में किया गया, जिसके तहत 1149 किसानों का पंजीकरण कर उन्हें फार्मर आईडी प्रदान की गई।

प्रत्येक पंचायत समिति में एक-एक ग्राम पंचायत पर तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाहपुरा तहसील में आयोजित शिविर का निरीक्षण जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू द्वारा किया गया। जिला कलक्टर श्री संधू ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। शिविर में किसानों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। आगामी दिनों में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में इसी प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसान इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

यातायात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो फरवरी को यातायात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। आरोपियों ने यातायात संचालन के दौरान कार्रवाई को लेकर मारपीट की थी और पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास भी किया था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो फरवरी को यातायात पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल रोशन लाल पर यातायात संचालन के दौरान 52 फीट हनुमान मंदिर आगरा रोड पर मारपीट और गाड़ी चढाने का प्रयास करने वाले मजहर शब्बीर उर्फ जावेद,वसीम खान और फिरोज खान उर्फ अन्ना को गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपी बौली जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन बरामद किया है।

सम्पादकीय

रोबोट हमारे परिवार का हिस्सा बन सकते हैं?

विज्ञान की निरंतर प्रगति और अकल्पनीय अनुसंधान से समूचा विश्व तेजी से बदल रहा है। आबादी की चुनौतियों के बीच घटती प्रजनन दर और घटती जन्म दर जैसी समस्याएं आधुनिक विज्ञान से टक्कर लेने के लिए तैयार हैं। ऐसी हालत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एक संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा है। अब सवाल खड़ा होने लगा है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा बन सकता है? स्वीडन के उमेओ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एआई और किन्शिप नामक परियोजना के माध्यम से इस प्रश्न का समाधान ढूंढ़ने में लगे हैं हैं। अमेरिका से प्रकाशित होने वाली साइंस दिल्ली नामक पत्रिका में प्रकाशित पेपर में डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने लिखा है कि यह परियोजना इस बात की जांच करने में लगी है कि काल्पनिक कथाओं जैसे विज्ञान कथा कहानियों और फिल्मों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई को किस प्रकार बताया और समझाया गया है, ताकि यह समझा जा सके कि हम एआई को क्या अपने जीवन या परिवार के हिस्से के रूप में ऐसी दुनिया की कल्पना कर सकते हैं, जहां रोबोट परिवार का हिस्सा बन सके। डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने यह भी लिखा है कि यह परियोजना सिर्फ रोबोट और एआई के बारे में नहीं कार्य कर रही है, बल्कि परिवार और रिश्तों को कैसे बेहतर ढंग से सजाया, संवारा और चलाया जा सकता है, उसपर भी काम कर रही है।

डॉ. ऑस्ट्रोम ने आगे लिखा है कि इसमें कोई दो राय नहीं है जब हमारे घनिष्ठ रिश्ते हमारे समाज का आधार बनते हैं जिसमें देखभाल की जिम्मेदारियों से लेकर जीवन में होने वाली तमाम परिवर्तनकारी निर्णयों तक हर चीज को नियंत्रित करना पड़ता है। उन्होंने आगे लिखा है कि जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में जिसमें स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक देखभाल मैं आगे बढ़ रहा है,वैसे-वैसे हम अधिक से अधिक इस पर भरोसा भी कर रहे हैं। यहां तक कि मानव और गैर-मानव(रोबोट) के बीच की सीमाएं तेजी से घटती जा रही हैं। ऐसी स्थिति में जहां यह विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है , वहीं पर हमारे परिवार से लेकर हमारी कम्युनिटी के बीच जगह बनाती हुई एआई की संभावित भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठने लगे हैं।

एआई और नाते-रिश्ते तक पहुंचने की संभावनाओं पर आधारित इस परियोजना की आधारशिला काल्पनिक कथाओं पर गहन शोध कार्य जारी है है। अनुसंधानकर्ताओं ने इस विषय में विशेष चिंता की है कि अगर रोबोट घर का सदस्य बन गया तो क्या हमारे विशेष रुचि का ध्यान रख पाएगा और क्या पारिवारिक संबंधों में एआई की क्षमता विद्यमान है। ऐसी दशा में इसमें दो राय नहीं कि जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्ध हो रही है, देखभाल करने वालों से लेकर हर परिवार में सभी के सहयोग-सहायता देने वाली सुविधाओं की आवश्यकता बढ़ती जाती है। इस मामले में एआई-संचालित रोबोट और वर्चुअल असिस्टेंट संभवत: इस अंतर को भर सकते हैं तथा मैत्रीपूर्ण व्यवहार, भावनात्मक अनुभव और व्यावहारिक देखभाल प्रदान कर सकते हैं। हालाँकि, इससे परिवार और रिश्तेदारी की प्रकृति के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा हो सकता है या यह हमारे रिश्तों को सहारा देने वाला एक उपकरण मात्र बंद कर रह जाएगा? जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण हिस्सा होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह विचार करना आवश्यक है कि हम इन प्रौद्योगिकियों से कैसे और क्यों जुड़ना चाहते हैं। क्या रोबोट रूपी मां या रोबोट रूपी भाई-बहन या बच्चा हो तैयार किया जा सकता है? क्या, इस तरह की दुनिया जल्दी ही आने वाली है ? एआई या रोबोट के द्वारा तैयार पारिवारिक रिस्ते परियोजना हमें इन सवालों का पता लगाने और एक ऐसे दुनिया की कल्पना साकार हो सकती है, जहां एआई हमारे परिवारों का हिस्सा बन सकता है।

आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

6 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पुर्तगाल और स्पेन के बीच 1715 में युद्ध समाप्त हुआ।
- हालैंड और ब्रिटेन के बीच 1716 में गठबंधन का नवीनीकरण।
- 1778 में ब्रिटेन ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- फ्रांस ने अमेरिका को 1778 में मान्यता प्रदान की।
- मैसाचुसेट्स 1788 में संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान को मानने वाला छठा राज्य बना।
- सिंगापुर की खोज सर थॉमस स्टैमफर्ड रैफेल्स ने 1819 की।
- ओट्टो 1833 में आधुनिक समय में यूनान के पहले सम्राट बने।
- अमेरिका- स्पेन के बीच 1899 में लड़ाई समाप्त।
- अमेरिका के एरिजोना में 1911 में पहला वृद्धाश्रम खोला गया।
- तीस वर्ष से अधिक की आयु की महिलाओं को 1918 में ब्रिटेन में मतदान करने का अधिकार मिला।
- कार्डिनल एशिले रैट्टी 1922 में पोप चुने गए।
- लीबिया के बेनगाजी शहर पर ब्रिटिश सेना ने 1941 में कब्जा किया।
- ब्रिटेन नरेश जार्ज छठवें के निधन के बाद यानि सन 1952 में 26 साल की एलिजाबेथ द्वितिय ने इंग्लैंड की महारानी की गद्दी संभाली।
- 1959 में भारत में केरल उच्च न्यायालय का न्यायाधीश के रूप में अन्ना चांडी को नियुक्त किया गया। वह उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली महिला न्यायाधीश बनी।
- 1985 में ब्रिटिश उपन्यासकार जेम्स हेडली चेइज का स्विट्जलैंड में निधन।
- जस्टिस मैरी गॉडरन 1987 में आस्ट्रेलियाई हाई कोर्ट की जज बनने वाली पहली महिला बनीं।
- पाकिस्तान में सन 1994 से सार्वजनिक फांसी पर प्रतिबंध लागू।
- देश का पहला पेस मेकर बैंक 1999 में कोलकाता में स्थापित हुआ।
- विदेश मंत्री टारजा हैलोनेन 2000 में फिनलैंड की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गईं।
- 6 फरवरी, 2002 के दिन भारत ने सीमा में घुस आया पाकिस्तान के जासूसी विमान को मार गिराया था।
- रुस ने संयुक्त राष्ट्र के बिना अनुमति लिए इराफ के खिलाफ सैनिक कार्रवाई किए जाने पर 6 फरवरी, 2003 के दिन अमेरिका को चेतावनी दी थी।
- अमेरिका के पश्चिमी तटीय क्षेत्र में 6 फरवरी, साल 2008 को भयंकर तूफान आया, जिससे भारी तबाही हुई।
- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 6 फरवरी साल 2008 को आइसलैण्ड के राष्ट्रपति रैग्रा ग्रिमसन से बातचीत की।

6 फरवरी को जन्मे व्यक्ति

- 1890 में भारत रत्न सम्मानित महान् स्वतंत्रता सेनानी ख़ान अब्दुल गफ्फार ख़ान का जन्म।
- 1891 में उड़ान के क्षेत्र में अग्रणी डच-एंटन हरमान फोकर का जन्म।

विशेष आलेख

बदलती जीवनशैली और ओबेसिटी (मोटापे) की समस्या

मिलावट, अशुद्धता के इस दौर में, बदलती जीवनशैली के कारण मनुष्य के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस क्रम में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही थी कि देश में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जो चिंता का विषय है। पाठकों को बताता चलूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही थी कि, खेल को भारत के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब कोई देश खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करता है, तो उसकी प्रतिष्ठा और प्रोफ़ाइल भी बढ़ती है।

सुनील कुमार महला

पहल की तुलना म आज मनुष्य की जीवनशैली में आमूलचूल परिवर्तन आए हैं। आज मनुष्य की जीवनशैली इतनी व्यस्त हो गई है कि मनुष्य के पास अपने स्वास्थ्य के लिए भी समय नहीं बचा है। कहा गया है स्वास्थय ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है। लेकिन आज मनुष्य अपने स्वास्थ्य का सही तरीके से ख्याल नहीं रख पा रहा है। घटते जंगलों के कारण बढ़ते प्रदूषण, औधोगिकीकरण के बीच आज मनुष्य को अनेक बीमारियां घेर रहीं हैं। न हवा शुद्ध रही है और न मिट्टी और जल। चहुंओर प्रदूषण का बोलबाला है, ऊपर से मनुष्य का एंड्रॉयड मोबाइल, लैपटॉप , इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स और अन्य इलेक्ट्रानिक संसाधनों पर अधिक समय बिताना, बाहर का खाना विशेषकर जंक फूड और फास्ट फूड पर निर्भरता, शहरों में देर रात सोना और सुबह देर से जागना, पारिवारिक अलगाव, एकाकीपन जैसी समस्याएं आज आम हो चुकीं हैं। इन कारणों से तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ापन, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय की बीमारियां लोगों को घेर रही हैं।सच तो यह है कि आज मनुष्य की बदलती जीवनशैली के कारण देश में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारियों का जोखिम बढ़ता है। अधिक वजन से फेफड़ों पर दबाव बढ़ता है, जिससे अस्थमा और नींद से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं, तो जोड़ों पर अधिक दबाव पड़ने से गठिया और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। खेलों को भारत के विकास और उसके युवाओं के आत्मविश्वास से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि-एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बड़ी सुंदर तस्वीर यहां(देवभूमि उत्तराखंड में) दिख रही है। नेशनल गेम्स में इस बार भी कई देसी पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है तथा इस बार के नेशनल गेम्स, एक प्रकार से ग्रीन गेम्स भी हैं। इसमें एनवायरमेंटल फ्रेंडली चीजों का काफी इस्तेमाल हो रहा है। नेशनल गेम्स में मिलने वाले सभी मेडल और ट्रॉफियां भी ई-वेस्ट से बनी हैं। मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम पर यहां एक पौधा भी लगाया जाएगा। ये बहुत ही अच्छी पहल है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में बढ़ती मोटापे की समस्या (ओबेसिटी) को लेकर अपनी चिंताएं जताई। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि आज हमारे देश में ओबेसिटी (मोटापे) की समस्या तेजी से बढ़ रही है। देश का हर एज ग्रुप, और युवा भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। ये चिंतनीय इसलिए है क्योंकि मोटापा सब बीमारियों का घर कहा जाता है। मोटापे के कारण शुगर(डायबिटीज), हृदय रोग,जैसी अनेक बीमारियों का रिस्क युवाओं में विशेषकर बढ़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हमारे युवाओं को अपनी डाइट और व्यायाम आदि पर फोकस करते हुए अपनी जीवनशैली को संतुलित करने की आवश्यकता है। आज भी भागम-भाग और व्यस्त जिंदगी में हमें यह चाहिए कि हम अपने लिए थोड़ा-सा समय निकालकर एक्सरसाइज करें। टहलने से लेकर वर्क-आउट करने तक, जो भी संभव हो सके हमें अवश्य करना चाहिए। शहरी जीवनशैली में हम न तो आज अपनी डाइट पर ही फोकस करते हैं और न ही अपने स्वास्थ्य पर। हर कोई आज पदार्थ की ओर भाग रहा है। ज्यादा से ज्यादा पाने की होड़ ने हमें कहीं का भी नहीं छोड़ा है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारा फोकस आज के समय में बैलेंस्ड इनटेक पर नहीं रह गया है और हम फास्ट फूड और जंक फूड की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। हमें इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हमारा खाना/खान-पान न्यूट्रिशियस हो, पौष्टिक हो, संतुलित हो। हाल फिलहाल,सच तो यह है कि प्रधानमंत्री की मोटापे के विरूद्ध अपील को व्यापक जन-समर्थन मिला है। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचो, दक्षिण पूर्व एशिया ने नियमित फिजिकल एक्टिविटी और संतुलित, पौष्टिक आहार के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान का खासतौर पर उल्लेख किया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बाद लोगों में फिजिकल फिटनेस को बनाए रखने के प्रति जागरूकता का भाव पैदा हुआ है। वास्तव में,विश्व स्वास्थ्य संगठन और आइसीएमआर मोटापे को वैश्विक बीमारी मानते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 1975 के बाद से मोटापा तीन गुना बढ़ चुका है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2016 में 1.9 अरब वयस्क अधिक वजन के थे। विज्ञान जर्नल द लांसेट के मुताबिक, वर्ष 2022 में भारत में 5-19 वर्ष की आयु के 1.25 करोड़ बच्चे अधिक वजन के थे। देश में वयस्क महिलाओं में मोटापे की दर वर्ष 1990 की 1.2 फीसदी से बढ़कर वर्ष 2022 में 9.8 हो गई । इतना ही नहीं, आंकड़े बताते हैं कि इसी अवधि में ही पुरुषों में मोटापे की दर 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 5.4 फीसदी हो गई। गौरतलब है कि विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया और उप-सहारा अफ्रीका में, मोटापा एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है।पाठकों को बताता चलूं कि 30 प्रतिशत से अधिक शरीर में वसा वाली महिलाओं और 25 प्रतिशत से अधिक शरीर में वसा वाले पुरुषों को मोटापे से ग्रस्त माना जाता है।

मनुष्य की नाक मे दम न कर दे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

संजीव ठाकुर

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सामरिक सूचना के उजागर होने के खतरे बढ़ गए हैंद्य जब तक इस विधा में पूरी तरह पारंगत नहीं हो जाते इस पर विशेष सावधानी रख का उपयोग किया जाना चाहिए अन्यथा इसका विपरीत असर भी पढ़ सकता है। सूचनाओं विदेशी तत्वों के हाथों में जा सकती है इसके अलावा आतंकवादी संगठन इसका उपयोग कर भारी तबाही मचा सकते हैं।

यह बहुत अच्छी खबर है कि भारत ने बहुत ही कम वित्तीय निवेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अधिकतम उपयोग के बाद उसके फायदे उठाए हैंद्य ब्रिटेन के निचले सदन हाउस ऑफ़ कॉमंस के स्पीकर लिंडसे हाएल ने कहा कि ब्रिटेन संसदीय प्रक्रिया को और बेहतरीन बनाने के लिए भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रगति से उनका अनुकरण कर फायदे उठा सकता है। यह सुखद आश्चर्य है कि भारतीय संसद एक साथ 23 भाषाओं का अनुवाद कर सकता है। भारत की यह प्रगति दुनिया के देश के लिए काम आर्थिक बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अधिकतम उपयोग का एक बेहतरीन उदाहरण बन सकता है उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि भारत शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है पर संपूर्ण मानव जाति को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक पर महारत हासिल की जानी चाहिए अन्यथा यह रोबोट की तरह मानव पर संपूर्ण अधिकार जमाने वाला औजार साबित हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अमेरिका, रूस,चीन,जापान और पश्चिमी देश जिस तरह गोपनीय तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं उससे विकासशील देशों की रक्षा सूचना के उजागर होने के खतरे बढ़ गए हैं इसमें विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। निसंदेह यह दौर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का दौर है पर इसका उपयोग अतिरिक्त सावधानी के साथ किया जाना चाहिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है। अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है।

शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। अशोक कुमार त्यागी जोकि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ और दंबग अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। 25 जनवरी सन 1966 जयपुर को जयपुर में जन्में अशोक कुमार त्यागी आज आयुक्त, नगर निगम कोटा उत्तर, कोटा जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् .कम. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी माडा कोटा। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, मालपुरा टोंक। उपखण्ड अधिकारी, अलवर। उपायुक्त, नगर निगम, कोटा उत्तर कोटा। उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कोटा। उपायुक्त, नगर निगम, कोटा। विशेषाधिकारी भूमि नगर विकास न्यास, कोटा। उपखण्ड अधिकारी, देवली टोंक। उपखण्ड अधिकारी, नीमराना अलवर। उपखण्ड अधिकारी, सिकराय दौसा। जिला रसद अधिकारी, सवाईमाधोपुर। विशेषाधिकारी भूमि नगर विकास न्यास, कोटा। आयुक्त, नगर निगम कोटा। जिला आपूर्ति अधिकारी, टोंक। उपखण्ड अधिकारी, लाडनूं नागौर। उपायुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर। उपखण्ड अधिकारी, विराटनगर जयपुर। तहसीलदार, जेडीए, जयपुर। तहसीलदार, उपनिवेशन, बीकानेर। तहसीलदार, सरदारशहर चूरू। उप रजिस्ट्रार, पंजीयन विभाग पाली। उप रजिस्ट्रार, पंजीयन विभाग आमेर जयपुर। तहसीलदार, आमेर, जयपुर। तहसीलदार, मावली उदयपुर। तहसीलदार, खंडार, सवाई माधोपुर। तहसीलदार, गिरवा उदयपुर। तहसीलदार, बिजोलिया भीलवाड़ा। तहसीलदार, जेडीए जयपुर। नायब तहसीलदार, अलवर पदों पर रहे हैं। अलवर एसडीएम के पद पर रहते हुए इनकी शानदार कार्यशैली को देखने का मौका मिला। कभी गलत नहीं करना और कभी गलत सहन नहीं करने का इनका जीवन दर्शन अन्य लोगों को भी सकारात्मकता का संदेश देता हैं। टीम दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

अशोक कुमार त्यागी (राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी)

रुपक शर्मा

2025_036

बढ़ता राजस्थान

Ans_2025_035

Suduko

	1	8	7			2		4
			1	2			7	9
			4			8	5	1
	7	2	9	6		4		5
		6	3	8	5	1		
5		9	6	1		7		
7				9			1	6
8	6	1			7	3	9	2

4	5	2	1	8	6	9	7	3
9	3	6	4	7	2	1	5	8
1	7	8	5	9	3	4	6	2
5	2	1	7	4	9	8	3	6
6	8	7	3	1	5	2	4	9
3	4	9	2	6	8	5	1	7
8	1	4	9	3	7	6	2	5
2	6	3	8	5	4	7	9	1
7	9	5	6	2	1	3	8	4

कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष

नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

वृष

स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें।

मिथुन

आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

कर्क

संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

सिंह

अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

कन्या

आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा।

तुला

मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

वृश्चिक

पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

धनु

माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

मकर

आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

कुंभ

बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

मीन

हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

विधायक वर्मा की अनुशंसा पर 53 लाख के ट्यूबवेल स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा (नि.स.)। विधायक रामसहाय वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या से ग्रसित गांवों में पेयजल समस्या निजात दिलाने के लिए जलदाय मंत्री को पत्र व्यवहार एवं व्यक्तिगत मिलकर क्षेत्र में 53लाख 30 हजार रुपए के ट्यूबवेल निर्माण कार्य स्वीकृत करवाए है। विधायक वर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के गाँव नटवाड़ा में श्री बद्रीनाथ धाम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 10 लाख 66 हजार रुपए की लागत से ट्यूबवेल खुदाई कार्य करवाया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत डांगरथल के गाँव रंभा में गोशाला के पासए ग्राम पंचायत ललवाड़ी के गाँव देवपुराए ग्राम पंचायत प्यावड़ी एवं निवाई मे कृषि मंडी के पीछे 10 लाख 66 हजार सहित कुल 53लाख 30 हजार रुपए की लागत से ट्यूबवेल करवाई जाएगी। जिससे ग्रामीणों को पेयजल संबंधी समस्या से निजात मिलेगी तथा लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। विधायक वर्मा ने बताया कि क्षेत्रवासियों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के प्रयास निरन्तर व उच्च स्तर पर जारी है। इसी के परिणामस्वरूप विधानसभा क्षेत्र में पांच नए ट्यूबवेल स्वीकृत हुए है जिससे आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में ट्यूबवेलों के माध्यम से आमजन को पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी।

एग्रीस्टैंक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों हुए प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविर बुधवार, 5 फरवरी से प्रारंभ हुए। इसी के तहत तहसील टोंक की ग्राम पंचायत काबरा में, तहसील देवली की ग्राम पंचायत संथली में, तहसील दूनी की ग्राम पंचायत आंवा में, तहसील पीपलू की ग्राम पंचायत जौंला में, तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत ढ़िकोलिया में, तहसील अलीगढ़ की ग्राम पंचायत पाटोली में, तहसील निवाई की ग्राम पंचायत झिलाय में, तहसील नगरफोर्ट की ग्राम पंचायत धुंवाकलां एवं रानीपुरा में तथा तहसील टोडारासिंह की ग्राम पंचायत कुहाड़ा बुजुर्ग एवं दाबड़दुंबा में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर इन ग्राम पंचायतों में शुक्रवार, 7 फरवरी तक आयोजित होंगे।

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अन्तर्गत आवेदन मांगे

आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से करवाने और समान अवसर प्रदान करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में नि:शुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक मीना आर्य ने बताया कि आवेदक एसएसओ पोर्टल पर क्लिक कर 10 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। जिले के सभी ग्राम मुख्यालयों पर गुरुवार को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रत्येक प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

फ्लोरोसिस जांच शिविर का किया आयोजन

टोंक, 5 फरवरी। राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत देवली उपखंड के ग्राम गैरोली, नोंदपुरा, देवड़ावास, जलसीना, जलेरी ग्राम के ग्रामीणो व स्कुली बच्चों के दंत व अस्थि फ्लोरोसिस की जांच कर इस बीमारी से प्रभावित रोगियों को बचाव की जानकारी के साथ दवा उपलब्ध भी कराई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि जिला फ्लोरोसिस सलाहकार डॉ. पूनम गर्ग ने ग्रामीणों को तंबाकू, गुटखा, आदि खाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया एवं भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई।

35वीं पदयात्रा 2 मार्च को होगी रवाना

9 मार्च को खाटू श्याम जी के चढ़ायेगें 101 निशान

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। श्री श्याम मित्र मंडल पदयात्रा संघ की आयोजित बैठक में हुए निर्णय के अनुसार संघ के तत्वावधान में श्री श्याम बाबा खाटू धाम के लिए इस बार 35वीं पदयात्रा मालपुरा से 2 मार्च को रवाना होगी। संघ के पवन जैन ने बताया कि संघ की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम जी के लिए 35वीं पदयात्रा 2 मार्च को सुबह सात बजे रवाना होगी। यह पदयात्रा 8 मार्च को रींगस धाम व 9 मार्च को खाटू धाम पहुंच कर बाबा श्याम के 101 निशान अर्पण किए जाएगें।

रणथंबोर दुर्ग पर बना मादा शावक का मूवमेंट, अलर्ट मोड पर वन विभाग

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। रणथम्भौर दुर्ग पर बाघिन एरोहैड यानि टी-84 के मादा शावक का मूवमेंट लगातार बना हुआ है। हालांकि वन विभाग की ओर से बाघिन के शावक की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। रणथम्भौर बाघ परियोजना के आरओपीटी रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी अश्वनी प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार से बाघिन ऐरोहेड के एक शावक का मूवमेंट रणथम्भौर दुर्ग में बना हुआ है। बाघिन का शावक अकेले ही रणथम्भौर दुर्ग में घूम रहा है। इस दौरान शावक का मूवमेंट पद्मला तालाब, लक्ष्मी नारायण मंदिर हम्मीर महल के आसपास बना हुआ है। बाघिन के शावक की उम्र करीब डेढ़ साल है।

अल्पसंख्यक जैन समुदाय ने केन्द्र सरकार का जताया आभार

महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज की स्मृति में केन्द्र सरकार जारी करेगी 100 रुपए का सिक्का आज

निवाई सहित देश भर में अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। केंद्र सरकार ने श्रमण संस्कृति के महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के अवसर पर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने 31 जनवरी को एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर 100 रुपए का विशेष स्मारक सिक्का जारी करने की घोषणा की है। केंद्र सरकार के इस निर्णय का अल्पसंख्यक जैन समुदाय तहेदिल से स्वागत करता है। इस अवसर पर श्रमण डॉ.पुष्पेंद्र मुनी ने इस घोषणा को अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय के लिए गौरव का क्षण बताया। यह सिक्का 6 फरवरी को आचार्यश्री के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर जारी किया जाएगा।

इस अवसर पर अखिल भारतीय जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस केन्द्र सरकार के द्वारा जारी किया गया विशेष सिक्का 44 मिलीमीटर व्यास का वृत्ताकार होगा, जिसमें मिश्र चतुर्धातु का प्रयोग किया गया। इस मिश्र धातु में चांदी 50 प्रतिशत,तांबा 40 प्रतिशत,निकल 5 प्रतिशत और जस्ता 5 प्रतिशत शामिल होगा।

सिक्के के अग्रभाग में अशोक स्तंभ का चिह्न होगा जिसके नीचे 'सत्यमेव जयते' अंकित होगा। इसकी परिधि पर देवनागरी में भारत और अंग्रेजी में ढ्ढह्लष्ठढ्ढ लिखा होगा। स्तंभ के नीचे 100 का अंकन होगा।

जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा एवं श्री दिगम्बर जैन अग्रवाल समाज अध्यक्ष विष्णु बोहरा ने बताया कि महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर भारत सरकार द्वारा जारी किए जा रहे सिक्के के पृष्ठ भाग पर आचार्य विद्यासागर महाराज का चित्र होगा, जिसके बाईं ओर कमंडल और दाईं ओर पिच्छी का चित्रांकन किया गया। ऊपरी परिधि पर देवनागरी और अंग्रेजी दोनों लिपियों में 'संत शिरोमणि दिगंबर जैनाचार्य विद्यासागर महामुनिराज' का लेख होगा।

नए मंडल अध्यक्ष ने 'सबका साथ सबका विकास' की थीम पर दिया कार्य करने का भरोसा

संगठन व सरकार के मध्य सेतु बन कर आम जन को दिलाएगें राहत

प्रथम सम्मान समारोह में उमड़े लोग

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। भारतीय जनता पार्टी के नए मालपुरा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा शहर मंडल कार्यालय पर आयोजित प्रथम सम्मान समारोह में उमड़े भाजपाईयो व आम जन को सबका साथ सबका विकास की थीम पर कार्य करने का भरोसा दिया है। मेन्दवास्या अपने मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद भाजपा शहर मंडल कार्यालय पर भाजपाईयो सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनो की ओर से आयोजित प्रथम सम्मान समारोह में उमड़े लोगो को सम्बोधित करते हुए भरोसा दिला रहे थे। इस मौके पर मेन्दवास्या ने कहा है कि वैसे तो यह उनका प्रथम सार्वजनिक सम्बोधन है। क्योंकि अब तक वे केवल अपने व्यवसायिक पारिवारीक व सामाजिक कार्यो में अधिक समय दिया है। लेकिन प्रदेश के भाजपा संगठन सहित प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने उन पर विश्वास प्रकट कर जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वे सबको साथ लेकर व सबका विकास करने की सोच के साथ कार्य कर अपनी जिम्मेदारियो को पूर्ण करने का प्रयास करते रहेगें। मेन्दवास्या ने यह भी कहा कि उनको इस मुकाम पर लाने व नई जिम्मेदारियो का अहसास करवाने में मुख्य भूमिका प्रदेश भाजपा संगठन सहित जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, भाजपा शहर मंडल मालपुरा के अब तक अध्यक्ष रहे त्रिलोकचन्द जैन सहित उनके अन्य भाजपाई मित्रो की मुख्य भूमिका रही है।

कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष त्रिलोक जैन, राजेन्द्र कोठारी, शशि जैन, धनरूप शर्मा, रामप्रसाद वर्मा, बैजनाथ चौधरी, विनोद चौधरी, कालू कठमाणा, विमल कठमाणा, दिनेश शर्मा, रामअवतार कापड़ी, भागचन्द मन्दोपुर सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता व आम जन मौजुद रहे।

पीएमश्री स्कूल दूनी ने जाने पीएमश्री स्कूल राहोली के नवाचार

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के अन्तर्गत पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली के नवाचारी मिशन को जानने के लिए देवली तहसील के ख्यातनाम विद्यालय पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूनी के 30सदस्यी एक्सपर्ट टीम ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली की विजिट की। पीएमश्री स्कूल राहोली के प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने अपनी टीम के साथ विद्यालय के नवाचारों से पीएमश्री स्कूल दूनी की एक्सपर्ट टीम को परिचय करवाया। इस अवसर पर पीएमश्री स्कूल दूनी के प्रधानाचार्य भवँर लाल कुम्हार ने पीएमश्री विद्यालय राहोली के शैक्षणिक, सह शैक्षणिक नवाचारों,छात्र अनुशासन, विद्यालय स्टाफ के मैत्री भाव व मैनेजमेंट की प्रशंसा की।पीएमश्री स्कूल राहोली के ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम प्रभारी लोकेश चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के स्टाफ व विद्यार्थियों ने अपने अपने नवाचार साझा किए।

इस अवसर पर पीएमश्री स्कूल दूनी के एक्सपर्ट टीम के पदाधिकारी व सदस्य भँवर लाल कुम्हार, राजूलाल मीना,सुरेन्द्र सिंह नरूका,पूजा सेन,शान्ति लाल शर्मा,ममता शर्मा,अनुराधा कलवार व हेमराज चौधरी सहित 30 सदस्य उपस्थित रहे।

महाविधालय में एनएसएस शिविर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। बुधवार को महाविधालय में एनएसएस कार्यक्रम शिविर में खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुर्सी दौड, कबड्डी, रस्साकस्सी एवं चम्मच दौड प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. चंचल गर्ग द्वारा की गई। मिडिया प्रभारी परितोष गौतम ने बताया कि कुर्सी दौड छात्रा में प्रथम स्थान डिम्पल सांहू, द्वितीय स्थान निशा बैरवा, चम्मच दौड छात्रा में प्रथम स्थान कोमल लोधा, द्वितीय स्थान अक्षिता चौधरी एवं कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम लक्ष्मीबाई टीम एवं रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में तेजाभगत टीम विजेता रही।

छात्र कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महात्मा गांधी टीम विजेता रही। अन्त में छात्र/छात्राओं को अल्पहार वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिविर प्रभारी गणेश जाट, विजयलक्ष्मी गौतम, रमा गौतम, हीना महावर, शारीरिक शिक्षक खुशीराम मीणा, पवन सांहू, ईश्वर गुर्जर, चन्द्रप्रकाश सैनी सहित सैकडो छात्र-छात्रांऐ मौजूद रहे।

रामस्नेही सम्प्रदाय के आद्याचार्य स्वामी रामचरण जी महाराज की 305वीं जयन्ती 11 फरवरी को

अनेक कार्यक्रम होगें आयोजित, तैयारियो में जुटे संत व श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के आद्याचार्य स्वामी रामचरण जी महाराज की 305 वीं जयन्ती समारोह के कार्यक्रम 11 फरवरी को आयोजित होगें। आयोजित होने वाले कार्यक्रमो की कड़ी में मालपुरा क्षैत्र के सोड़ा स्थित श्री रामद्वारा धाम में सम्प्रदाय के प्रथमाचार्य स्वामी जी श्री रामचरण जी महाराज की 305 वीं जयन्ती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित होगें। इस संबंध में संत श्री जगबल्लभ राम जी ने बताया कि 11 फरवरी को सोड़ा स्थित स्वामी जी श्री रामचरण जी महाराज की जन्मस्थली श्री रामद्वारा धाम से कई विद्धान संतो की मौजुदगी में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का जुलुस रवाना होगा। यह जुलुस धाम के सभी मुख्य रास्तो से होकर पुन: धाम पहुंचेगा। जहां कई विद्धान संतो के प्रवचनो के बाद सम्प्रदाय के पवित्र ग्रंथ श्री अणभैय वाणी जी के पठन होगें। महाआरती व प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रमो का समापन होगा। इसके अगले दिन समीपवर्ती बनवाड़ा धाम में जयन्ती कार्यक्रमो का आयोजन होगा। इधर शाहपुरा जिला भीलवाड़ा स्थित श्री अन्तर्राष्ट्रीय सम्प्रदाय की पावन पीठ श्री रामनिवास धाम में प्रथमाचार्य स्वामी जी श्री रामचरण जी महाराज की 305 वीं जयन्ती कार्यक्रमो की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

संत नवनिध राम जी ने बताया कि श्री महाराज की 305 वीं जयन्ती के मौके पर पीठाधीश्वर अनंत विभूषित स्वामी जी श्री रामदयाल जी महाराज के निर्देशानुसार धाम में अनेक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। जिसमें समूचे धाम को हल्की गुलाबी रोशनी से रोशन करवाना, 11 फरवरी को पवित्र ग्रंथ अणभैवाण्सी जी के पाठ होना, जरूरतमंद बच्चो को पौशाक व मिठाई वितरण सहित अन्य कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमो को लेकर संत एवं श्रद्धालु तैयारियो में जुटे हुए हैं।

सीनियर डीसीएम जैन को रेल यात्रियों की समस्याओं से कराया अवगत

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। टीम वतन फाउंडेशन के फाउंडर एवं रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डी आर यू सी सी) सदस्य हुसैन आर्मी सहित टीम के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, पत्रकार नरेन्द्र शर्मा ने बुधवार को कोटा रेल मंडल कार्यालय में कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्यक प्रबंधक सौरभ जैन से मुलाकात कर रेल यात्री सुविधाओं को लेकर एक ज्ञापन दिया। साथ ही जैन का वरिष्ठ मंडल वाणिज्यक प्रबंधक के पद का कार्यभार संभालने पर बधाई देते हुए उन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का चित्र व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर हुसैन आर्मी ने वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन को पत्र के माध्यम से रेल यात्रियों की सुविधाओं तथा समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग रखी। ज्ञापन के माध्यम से जैन को अवगत करवाया कि जयपुर मुंबई सुपर फास्ट ट्रेन में सवाई माधोपुर से जयपुर का टिकिट तो दिया जाता है, लेकिन जयपुर से सवाई माधोपुर का टिकिट नहीं मिलता है, अत: इस सुविधा को शीघ्र चालू कराया जाए। साथ ही सवाई माधोपुर से गंगापुर सिटी होते हुए बामनवास लालसोट के रास्ते दौसा के लिए नई रेल सेवा शुरू की जाए तथा अजमेर से गंगापुर सिटी तक चल रही ट्रेन को सवाई माधोपुर तक चलाया जाए! इसी प्रकार कोटा सवाई माधोपुर के बीच चल रही मेमो ट्रेन का सुबह सवाई माधोपुर से जाने का समय बदल कर साढ़े पांच 6 बजे किया जावे । ज्ञापन में बताया कि सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्यों के चलते पूर्व के सभी शौचालय टॉयलेट तोड़ दिए गए, लेकिन उनकी जगह कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई ,इस कारण रेल यात्रियों को भरी असुविधा होती है! इसके लिए अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था की जाए। वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने सभी समस्याओं को सुना और जल्द ही समस्याओ के निवारण का भरोसा दिलाया। इस दौरान हुसैन आर्मी ने वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन को वतन फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मोहब्बत की रसोई एवं अन्य कई आयोजन के बारे में विस्तार से बताया जिनको सुनने के बाद सौरभ जैन ने टीम वतन फाउंडेशन द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों की सराहना की ओर उनकी ओर से हर सम्भव सहयोग का आश्वाशन दिया।

संगोष्ठी कम कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के कान्फेंस रूम में संस्थान की तकनीकी के व्यवसायीकण को लेकर एक दिवसीय संगोष्ठी कम कार्यशाला का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. अमर सिंह मीणा ने बताया कि कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के उपक्रम डेयर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के एग्रोनोवेट इडिंया लिमिटेड के चीफ एक्सूकेटिव आफीसर डॉ. प्रवीण मलिक ने कहा कि संस्थान के वैज्ञानिको देश की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार उत्पादकता में बढत, पैदावार लागत में कमी एवं पोषण व नस्ल सुधार जैसें महत्वपूर्ण पहलुओं पर फोकस करना चाहिए। कार्यक्रम में संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने संस्थान में निर्मित शाल एवं ऊन से बना पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान करते हुए विश्वास दिलाया कि संस्थान के वैज्ञानिक दिन रात नस्ल व पोषणा सुधार सहित खेती की उत्पादकता की लागत कम करने के प्रयासो में जुट हुए हैं। कार्यक्रम के बारे में आयोजन सचिव डॉ. विनोद कदम एवं सह आयोजन सचिव डॉ. अरविन्द सोनी ने विस्तार से जानकारी दी। साथ ही वैज्ञानिको द्वारा आधुनिक तकनीक के लिए किए जा रहे शोध कार्यो के बारे में जानकारी दी।

एच 2 ओ (पानी)

एक प्यासा सभा में बैठा है और वहां अधिकारीगण पानी के सिद्धान्तों का प्रतिपादन कर रहे हैं। कोई गंगा की अटूट धारा तो कोई गौमती के शीतल जल की चर्चा कर रहा है। कोई पानी के रूपों का बखान करने में लगा है तो कोई विभिन्न तरीकों से सिलीसेढ़ झील के पानी की शहर में आवक को समझा रहा है। इससे पूर्वोत्तर सरकार के सिपहसलारों ने जैसे चम्बल के पानी की कहानी रची थी। ये मूर्ख देखो,पानी के सिद्धांत को समझा भी नहीं समझ रहा ओर पानी की प्यास लगा बैठा। हद है तेरी भी इंसान, जाने किस मिट्टी का बना हुआ है तू। अरे पगले बिना किसी को समझे और बिना किसी को जाने कोई किसी को ग्रहण कैसे कर सकता है। पहले सिद्धान्त तो समझ। अब तो प्यासे की प्यास ओर व्रीवता से बढ़ गई। उसे पानी चाहिए पानी की बातें नहीं,उसे कंठ गीले करने हैं,ना कि गंगा गौमती की कथा चाहिए। ये कोई आलेख नहीं दोस्तों ना ही कोई दलील है,ये दर्द है ऐसे लोगों का जो हर गर्मी की आहट के साथ ही बैचेन हो जाते हैं,परेशान हो जाते हैं कि पानी आखिर उन्हें कब रस देगा। क्योंकि अच्छे दिन कितने भी आ गए हों लेकिन पानी का रंग साल दर साल बदलता जा रहा है। गत वर्ष तो पानी ने एक बुर्जुग को आत्महत्या करवा ही ड़ाली थी। ये दर्द है कि मिटिंग मिटिंग खेल कर पानी-पानी चिल्लाकर या पानी पुराण पढ़ कर प्यास को बुझाया नहीं जा सकता। पानी को कंठ तक पहुँचाना बेहद जरूरी है। जैसे रोटी रोटी बोलने से पेट नहीं भरा जा सकता ठीक ऐसे ही जल पुराण सुनाने से जल संकट दूर कभी नहीं हो सकता। गर्मी के कारण अब जाम लगना शुरू हो गए हैं ऐसे में आजादी के इतने साल बाद भी हालात खराब होते जा रहे हैं तो आने वाला समय कैसा होगा ये सोच कर सच में मन बैचेन हो जाता है।

रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी अलवर संस्करण

मरुधरा शिक्षा संकुल के महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)। नगर पालिका क्षेत्र स्थित मरुधरा शिक्षा संकुल के महाविद्यालय इंटीरिगर्टेड विद्यार्थियों ने बाबा गिरधारी दास आश्रम व उपखण्ड अधिकारी कार्यालय परिसर में श्रमदान किया। प्रोफेसर धोलाराम पोसवाल ने बताया कि आज एनएसएस का श्रमदान कार्यक्रम था। जो मरुधरा शिक्षा संकुल फरवरी माह में चलाता है।विद्यार्थियों ने अपने स्तर पर जो श्रमदान हो सकता था किया और भविष्य में प्रतिदिन श्रमदान करने की शपथ ली है। इस मौके पर प्रोफेसर इंदिरा यादव मौजूद रही। उन्होंने बताया कि प्रेरणास्रोत निदेशक डॉ अजय कुमार, प्राचार्य डॉ राधेश्याम शर्मा, उपप्राचार्य गिरधारीलाल गुर्जर, सुरेन्द्र आर्य का मार्गदर्शन हमारे एवं विद्यार्थियों के साथ है।

ड्यूटी से घर लौट रहे युवक को डंपर ने कुचला: रात पर शव सड़क पर, सुबह फिर परिजन व ग्रामीण पहुंचे, 7 दिन पहले दादा की हुई थी मौत

बढ़ता राजस्थान

अलवर । अलवर के रू्खु में हैवल्स कंपनी के पास मंगलवार रात करीब 8 बजे डंपर ने पैदल जा रहे एक युवक को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के 3 घंटे बाद तक परिजन सड़क जाम कर बैठे रहे। सात दिन में एक ही घर में यह दूसरी मौत है। इससे पहले युवक के घर में 7 दिन पहले उसके दादा का निधन हुआ था। हादसे में झारेड़ा गांव के 26 वर्षीय युवक दीपक राजपूत पुत्र माधोसिंह राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रात 11 बजे तक परिजन रोड जाम कर बैठे रहे। अगले दिन बुधवार सुबह भी शव को नहीं उठाने दिया गया। रात भर पुलिस मौके पर रही। अब सुबह भी काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। रात भर परिवार की महिलाएं बिलखती रही। 7 दिन पहले ही मृतक के दादा का निधन हुआ है।

फैक्ट्री से घर लौटते समय हादसा

एमआईए थानाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दीपक हैवल्स कंपनी में काम करता था। वह रात को फैक्ट्री से घर लौट रहा था। रास्ते में डंपर ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद डंपर का ड्राइवर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना की। उसके बाद मौके पर पहुंचकर लोगों ने रोड जाम कर दिया। परिजन धरने पर बैठ गए।

विपक्ष से सवालों से घबराई हुई है सरकार : जूली

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि पर्ची वाली सरकार सदन में स्थगन पर चर्चा नहीं करा पा रही हैं वही विपक्ष के सवालों जवाब भी नहीं दे पा रहे। उन्होंने कहा कि नए जिले और संभागों को लेकर सदन में आज गतिरोध बना रहा। नेता प्रतिपक्ष जूली और विपक्ष दल के विधायक सत्ता पक्ष पर जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह आक्रामक नजर आए। जूली बोले जिलों को लेकर मुद्दे पर आए प्रस्तावों को लेकर चर्चा कराए जाने के लिए अध्यक्षीय आसन से पहले ही व्यवस्था आ चुकी है। इसलिए अब उस व्यवस्था को नहीं बदला जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी सुझाव दिया कि जिन जिलों और संभागों को लेकर याचिका लगी है, उन जिले और संभागों की वे चर्चा नहीं करेंगे लेकिन बाकी जिलों और संभागों पर तो विचार रखे ही जा सकते हैं। लेकिन, सत्तापक्ष की ओर से संसदीय कार्यमंत्री चर्चा नहीं कराए जाने पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि सदन को सत्ता पक्ष गुमराह कर रहा है। प्रदेश की पर्ची वाली सरकार विपक्ष के सवालों से डरी घबराई हुई है, ऐसा लग रहा है कि सदन को कैप्चर करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा प्रदेश के लाखों लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है । उन्होंने कहा कि जब डीग को 30 किलोमीटर और सांचौर जिला बन सकता हैं वही अलवर के तीन भाग होकर 3 जिले बन सकते हैं तो फिर दोहरे मापदंड यह सरकार अन्य जिलों पर क्यों अपना रही है। उन्होंने कहा कि सदन में सरकार के मंत्री और संसदीय मंत्री अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन में संसदीय मंत्री बेवजह मंत्री को उकसाने का काम कर रहे हैं इन्हीं का विधायक सवाल पूछ रहा है, मंत्री जवाब नहीं दे पा रहा तो संसदीय मंत्री बीच में बेवजह दखल कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मलाई की गर्मी भाजपा नेताओं के सर चढ़कर बोल रही है। उन्होंने कहा कि देश और राज्यों की जीडीपी,महंगाई,बेरोजगारी पर नहीं बोलते आज डॉलर शतक की ओर जा रहा है लेकिन इस पर उनके पास एक शब्द भी बोलने को नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंदू की बात करने वाले आज तक यह नहीं बता पाए कि महाकुंभ में कितने लोग मारे गए,कुंभ में क्या तांडव हुआ है, यह सार्वजनिक आंकड़ा नहीं लाया जा रहा,मृतकों की संख्या तक यह सरकार बता ही नहीं पा रही है, यह सरकार इस तरह व्यवहार कर रही है जैसे वैश्विक महामारी कोरोना में जब देश का प्रत्येक नागरिक एक दूसरे की मदद कर रहा था तब इस सरकार ने लाशों को लावारिश की तरह पानी में बहा दिया था।

केंद्रीय मंत्री ने अलवर टाइगर मैराथन के रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मैराथन को सुव्यवस्थित रूप से कराने के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

आमजन से अधिकाधिक सहभागिता की अपील

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने सांसद खेल उत्सव के तहत 9 फरवरी को आयोजित होने वाली अलवर टाइगर मैराथन के रूट का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

केंद्रीय मंत्री यादव ने प्रताप ऑडिटोरियम, भवानी तोप से शांतिकुंज की तरफ की सड़क से होते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल, परशुराम सर्किल घोड़ा फेर का चौराहा, से वापिस प्रताप ऑडिटोरियम पर समाप्ति स्थल व अन्य खेल प्रतियोगिता के आयोजन स्थल इंदिरा गांधी स्टेडियम का प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मैराथन रूट पर साफसफाई, मोबाइल टॉयलेट, बैरिकेटिंग व यातायात व्यवस्थाए मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने इस दौरान पुलिस अधीक्षक को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रखने हेतु पर्याप्त पुलिस जाप्ते की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि अलवर सांसद खेल उत्सवए अलवर का उत्सव है। इसमें सभी सहभागी बने। उल्लेखनीय है कि अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत 9 फरवरी को अलवर टाइगर मैराथन आयोजित होगीए 6 फरवरी को छठी मील सिरमोल रोड जहरखेडा स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल में क्रिकेट का सेमीफाइनल पुरूष और महिला आयोजित होगाए 7 फरवरी को इसी स्थान पर क्रिकेट का फाइनल ;पुरूष और महिला आयोजित होगा तथा इंदिरा गांधी स्टेडियम में ग्रुप गेम्स ; पुरूष और महिलाद्ध भी आयोजित होंगे, 8 फरवरी को ग्रुप गेम्सए एथलेटिक्स

और कुश्ती का फाइलन पुरूष और महिला का समापन समारोह आयोजित होगा जिसमें खिलाडियों को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जलदाय विभाग अधीक्षण अभियंता सुनील गर्ग एवं जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, बन्नाराम मीणा, संजय नरूका सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने किया एग्रीस्टेक योजना शिविर का निरिक्षण

दोपहर 3बजे से शुरू हुआ पोर्टल, जिसके बाद मिलने लगी आईडी

सुबह 9बजे से 3बजे तक विशिष्ट फार्मर आईडी का करते रहे इंतजार

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)। उपखण्ड क्षेत्र में राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टेक योजनान्तर्गत 3दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बाबरिया और मौठूका में आयोजित हुआ। बाबरिया शिविर में किसान प्रात: 9बजे से सांय 3बजे तक विशिष्ट फार्मर आईडी का इंतजार करते रहे। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने भी अधिकारीयों से जानकारी ली, तो पाया कि फार्मर आईडी पोर्टल चालू ही नहीं हो रहा। जिला कलेक्टर अपनी फोर्मल्टी पूरी कर मौठूका के लिए प्रस्थान कर गई, उनके साथ तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़ भी प्रोटोकॉल में मौठूका के लिए निकल गए ।लेकिन अचानक क्या हुआ जिला कलेक्टर मौठूका नहीं पहुँची ।जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के जाने के बाद करीब 3बजे किसान पोर्टल खुला और एक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी प्राप्त हुई। जिसे

जिला कलेक्टर ने किसानों से की बात, सिर्फ हुई केवाईसी

हरसौरा के नायब तहसीलदार अर्जुनलाल सालोदिया और शिविर प्रभारी कानूनगो हितेश माथुर ने किसान को सुपुर्द की। सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किसान खुशहाल होंगे। किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु नित्य नई योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टेक योजनान्तर्गत कोटपूतली बहरोड़ जिले में 5फरवरी से शिविरों का सुभारम्भ किया गया है जो 31मार्च तक चलेंगे। वहीं जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल शिविर निरिक्षण में मिली कमियों या शिविर की उपलब्धियों के बारे में वर्जन देने से बचकर मौठूका के लिए निकल गई। शिविर में प्रभारी हितेश माथुर,

तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़, हरसौरा के नायब तहसीलदार अर्जुनलाल सालोदिया, कानूनगो भेरूलाल स्वामी, पटवारी विजेन्द्रसिंह, मुकेशसिंह चौहान, कृष्ण यादव, जयसिंह मीणा, राहुल यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी अशोक कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अमित कुमार, कनिष्ठ सहायक रामगिरी, हवासिंह, सरपंच मंजू रावत, सरपंच प्रतिनिधि रोतास रावत, महेश रावत, कृषि पर्यवेक्षक शान्ति गुसाईवाल, क्षमा जनरल इंश्योरेंस के तहसील प्रबंधक इंद्राज, पशुपालन विभाग से हंसराज गुर्जर सहित काफ़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। वहीं मौठूका ग्राम पंचायत शिविर में, 5दर्जन से अधिक किसानों की केवाईसी हुई वहीं किसान पोर्टल देर से चलने के कारण कुछ किसानों को विशिष्ट फार्मर आईडी प्राप्त हुई। शिविर में प्रभारी अधिकारी कानूनगो रोतास स्वामी, राजेन्द्र यादव, पटवारी विष्णु स्वामी, जीतेन्द्रसिंह, पंकज, मीना, संतोष, ग्राम विकास अधिकारी अशोक, कनिष्ठ लिपिक रामनरेश, सरपंच हंसा चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि देवेन्द्र चौधरी सहित काफ़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

शहर मे नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण व प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई जारी

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। शहर मे नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण व प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई जारी अतिक्रमण के खिलाफ कुछ दिन पहले भी कार्रवाई की गई थी और बुधवार को परिषद के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़क पर सामान रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की। कई दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया तथा कई दुकानदारों के चालान भी किए। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान ही पालीथिन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। नगर परिषद के अधिकारियों ने दुकानदारों के चालान कर उन पर रुपये का जुर्माना किया गया है। इस कार्रवाई का कई दुकानदारों ने विरोध किया तो कई मिन्नते भी मांगते रहे।

मगर नगर परिषद के दस्ते में भारी संख्या में कर्मचारियों के मौजूद होने के चलते दुकानदारों का विरोध काम नहीं आया।इस मौके पर ङ्कश्वह दीपक मीणा की मौजूदगी में अतिक्रमियों के मौके पर ही चालान काटे व प्लास्टिक जप्त की साथ में छ्वश्वह भादर सिंह यादव, ॅस्नह्व सत्यनारायण वर्मा, सुंदर लाल गुर्जर रहे।

सीबीईओ विराटनगर ने किया निरीक्षण

संतोषजनक व्यवस्थाओं एवं बालिकाओं से संवाद कर प्रोत्साहन प्रदान किया

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार समस्त केजीबीवी विद्यालय/छात्रावास के सघन निरीक्षण अन्तर्गत बुद्धवार को सीबीईओ विराटनगर शंकरलाल मीणा द्वारा केजीबीवी छात्रावास पवाना अहीर का अवलोकन निरीक्षण किया गया।

प्राचार्य महेश चंद यादव के साथ अवलोकन अधिकारी द्वारा छात्रावास के सभी क्रियाकलाप एवं गतिविधियों का सघन परीक्षण करते हुए बालिकाओं से संवाद स्थापित किया तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। बालिकाओं ने सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी बताई।

प्राचार्य महेश चंद यादव व प्रभारी प्रवक्ता रामकरण यादव की प्रभावी मोनिटरिंग व छात्रावास वार्डन नीतू कुमारी व स्टाफ के कार्यों की प्रशंसा की तथा छात्रावास संचालन व्यवस्था व शैक्षणिक वातावरण से संतुष्ट होते हुए बालिकाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया। साथ ही आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में शैक्षिक उन्नयन व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। गौरतलब है कि बुधवार को सभी केजीबीवी विद्यालय/छात्रावासों का अलग-अलग अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने ली प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक

पेयजल, स्वच्छ्ता,बजट घोषणाएं,कानून व्यवस्था सहित केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने सर्किट हाउस में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर अलवर जिले व संसदीय क्षेत्र अलवर में आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगतिए बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं अलवर सांसद खेल उत्सव के समापन कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने अलवर जिले व संसदीय क्षेत्र में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या के समाधान हेतु तत्कालीन प्रकृति एवं दीर्घकालीन प्रकृति की कार्य योजना बनाकर इसे तत्काल प्रभाव से अमल में लाएं, ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की पेयजल संबंधी असुविधा का सामना ना करना पडे। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या संबंधी निर्देशों की पालना प्राथमिकता से सुनिश्चित करेंए इनकी एक माह पश्चात पुन: समीक्षा की जाएगी। उन्होंने शहर को स्वच्छ व

सुन्दर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि साफसफाई की व्यवस्था अनवृत इसी प्रकार से जारी रहेए जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग में सुधार हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुन्दर शहर पर्यटकों के लिए आकर्षण के साथ-साथ अन्य आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी उभरता है। उन्होंने बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख 25 जनकल्याणकारी योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं से जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति लाभांवित होने से वंचित ना रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं की समयबद्ध धरातल पर क्रियान्विति कराने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा कर पुलिस अधीक्षक अलवर को निर्देशित किया कि सूचना तंत्र को मजबूत रखते रखें तथा प्रभावी मॉनिटरिंग कर जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखें। बैठक में जिला कलक्टर अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला कलक्टर कोटपूतली.बहरोड श्रीमती कल्पना अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया खेलना शिविर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने पावटा तहसील की ग्राम पंचायत खेलना में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से संवाद कर उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखें ताकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने किसानों से अपने परिचित किसानों को शिविर के बारे में जानकारी देने की अपील करते हुए बताया कि किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस

निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे.उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में निर्धारित तिथियों को प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं. उन्होंने बताया कि शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)। पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाबरिया के गाँव माजरा ढाकोड़ा व छावड़ीवास के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी के सहायक राजेश जोशी को ज्ञापन सौंपा। सेवानिवृत सुबेदार मेजर जगदीश सूद व सुबेदार राजसिंह के नेतृत्व में पहुँचे ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम माजरा ढाकोड़ा ग्राम पंचायत बनने की सभी योग्यता रखता है। ग्राम पंचायत बाबरिया की आबादी 10 हजार से भी अधिक है वहीं ग्राम माजरा की आबादी सभी तरह से ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाए जाने की सभी योग्यता पूरी करती है। माजरा ढाकोड़ा में उच्च माध्यमिक विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित आंगनबाड़ी केंद्र खुले हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछली सरकार के दौरान राजनीतिक कारणों के चलते माजरा ढाकोड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय नहीं बन पाया।

कोटा उत्तर निगम बोर्ड की बैठक में हुआ जमकर हंगामा, कांग्रेसी पार्षदों ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए अपनी ही पार्टी की मेयर को घेरा

- बैठक में हंगामे के बीच आधे घंटे बाद ही अचानक शुरू हो गया राष्ट्रगान, फिर खत्म कर दी गई बैठक
- मेयर जाने लगीं तो कांग्रेस की महिला पार्षद उनकी गाड़ी के आगे खड़ी हो गईं, मेयर को वापस अपने चेम्बर में लौटना पड़ा
- मेयर बोलीं -बजट मैंने पढ़ लिया, प्रस्तावित बजट में 701.35 करोड़ रुपए की आय व 697.84 करोड़ रुपए के व्यय का प्रावधान

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। कोटा उत्तर नगर निगम की बोर्ड बैठक बुधवार अपराह्न 3 बजे शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही कांग्रेसी पार्षदों ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एक बार तो ये पार्षद वार्डों को कचरा मुक्त करने की मांग को लेकर वेल में आ गए। हंगामा इतना ज्यादा रहा कि बोर्ड बैठक आधे घंटे में ही खत्म हो गई। बैठक के बाद भी कांग्रेसी पार्षदों ने अपने वार्डों की समस्याओं को महापौर के सामने रखा। इस बीच कांग्रेस और बीजेपी के पार्षद भी एक दूसरे के सामने हो गए और नारेबाजी शुरू कर दी। इन्होंने हाथों में तख्ती और बैनर लिए हुए थे। इस हालात के चलते नगर निगम का सभा भवन जंग का मैदान सा नजर आने लगा था।

कुरैशी के आरोप के बाद से शुरू हुआ हंगामा : बैठक शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही उप महापौर सोनू कुरैशी ने उनका खराब माइक बदलने की मांग की, लेकिन उन्हें दूसरा माइक नहीं दिया गया। इस बात पर भी हंगामा हुआ। इसके बाद कांग्रेस के दूसरे पार्षद भी अपनी-अपनी समस्याएं रखने लगे। इससे काफी हंगामेदार स्थिति पैदा हो गई। कांग्रेसी पार्षद दो बार वेल में आ गए और अपनी मांगों के पोस्टर लहराए। करीब आधे घंटे चली बैठक के पूरे समय हंगामा चलता रहा। इसी बीच राष्ट्रगान शुरू हुआ और इसके बाद बैठक खत्म हो गई। बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेसी पार्षदों ने महापौर के चेम्बर में जा पहुंचे। इन्होंने यहां विभिन्न मुद्दे उठाते हुए महापौर मंजू मेहरा को खरी-खोटी सुनाई। इस बीच महापौर गाड़ी में बैठकर जाने लगीं तो कांग्रेस की महिला पार्षद उनकी गाड़ी के आगे खड़ी हो गईं और काफी देर तक आक्रोश जताया। इसके बाद महापौर गाड़ी से उतरकर वापस अपने चेम्बर में आ गईं। इस पर कांग्रेसी पार्षद भी वापस वहां पहुंच गए।

आयुक्त व सभी अधिकारियों ने अपनाया तानाशाही रवैया : उप महापौर सोनू कुरैशी ने कहा कि हम एक साल से बोर्ड मीटिंग की मांग करते आ रहे हैं। इसके लिए धरने-प्रदर्शन किए। बड़ी मुश्किलों से बोर्ड की मीटिंग हुई। इसमें कोटा उत्तर के वार्डों के साथ हो रहे भेदभाव का मामला रखने की बात महापौर से कही। तब महापौर ने कहा कि बारी-बारी से सब अपनी बात रखें, लेकिन आयुक्त व सभी अधिकारियों ने तानाशाही रवैया अपनाया। जबरन राष्ट्रगान बजवा कर मीटिंग को बर्खास्त करवा दिया। कुरैशी का कहना था कि पहले मेरा माइक बंद किया। मैंने माइक चालू करने की डिमांड की तो मेरा माइक चालू करने की बजाय नेता प्रतिपक्ष का माइक दे दिया, जिसकी आवाज तेज थी। इन्होंने साजिश करके मेरा माइक बंद कर किया। बोर्ड बैठक में हम संविधान और कोटा की जनता की बात कर रहे थे। हम जनता से जुड़े मुद्दों की बात कर रहे थे। इन लोगों ने आम जनता की बात को कहने नहीं दिया। सबसे बड़ी दुख की बात है कि बोर्ड कांग्रेस का है, महापौर कांग्रेस की हैं। इसके बावजूद अधिकारियों ने खुद के पावर का यूज किया। उन्होंने बजट पारित करवाना चाहा ही नहीं।

बजट नहीं पढ़ा था, तब एक-एक कर बात रखने के लिए कहा था : इसके जवाब में महापौर मंजू मेहरा ने कहा- बजट मैंने पढ़ लिया है। जब पहले मैंने बजट नहीं पढ़ा था, तब मैं कह रही थी कि एक-एक करके अपनी बात रखें। उप महापौर सोनू कुरैशी व पार्षद संतोष बैरवा ने अपनी बात रखी, लेकिन उनकी बात पूरी नहीं हो पाई। सदन में शोर शराबा होने लगा, इसलिए हमने बजट पढ़ लिया। जब महापौर से पूछा गया कि राष्ट्रगान आपकी परमिशन से हुआ था क्या? इस बात का उन्होंने जवाब नहीं दिया।

बजट में ये रखे गए प्रावधान

मंजू मेहरा ने कहा कि कोटा उत्तर निगम के वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट में 701.35 करोड़ रुपए की आय व 697.84 करोड़ रुपए के व्यय के प्रावधान का अनुमान रखा गया है। बजट में आय पिछले वित्तीय वर्ष के बजट से 262.89 करोड़ रुपए अधिक और खर्च 164.54 करोड़ रुपए अधिक सम्भावित है।

भोपा के गाल फोड़ने की रस्म के साथ लगे माता के जयकारे, अरणा माता जी के मेले में उमड़े श्रद्धालु

यहां मिले संकेतों से इस साल फसल अच्छी होने का लगाया अनुमान

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (नि.स.)। बूंदी जिले के तालेड़ा क्षेत्र के अंथड़ा गांव के प्रसिद्ध अरणा माता जी का एक दिवसीय मेला बुधवार को अष्टमी के मौके पर भरा। सुबह सबसे पहले गांव के पांच-पटेलों ने माता के पूजन सामग्री चढ़ाई। इसके बाद भोपा के गाल को फोड़ने की रस्म हुई। इसी के साथ माताराणी के जयकारे गूंज उठे और मेले का शुभारम्भ हुआ। उल्लेखनीय है कि अरणा माता का यह मेला छह माह में एक बार लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार भोपा का गाल सहजता से फूट गया। इस पर मौजूद आम श्रद्धालुओं व किसानों ने माता रानी के जयकार लगाए। यहां मान्यता है कि भोपा का गाल सहजता से फूट जाए तो यह साल फसलों की दृष्टि से शुभ रहता है ।

मौसम साफ रहने से अधिक श्रद्धालु उमड़े : इस मौके पर हजारों महिला-पुरुष, छोटे-बड़े बच्चों, युवक-युवतियों ने मंदिर में माता के दर्शन किए। खास बात यह रही कि इस बार मौसम साफ रहने के कारण तथा नमाना रोड, सौतेली व वनखेड़ा सड़क का निर्माण अच्छा होने के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या खासी रही। वहीं, अरणा माता मेला कमेटी की ओर से 10 बोरी शक्कर की भोजन-प्रसादी वितरित की गई।

थानाधिकारी रहे मौजूद : सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रायथल थाना अधिकारी राजाराम जाट सुबह से ही जाप्ते के साथ मंदिर परिसर में मौजूद रहे। नमाना रोड, सौतेली व बन का खेड़ा मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित रखने के लिए 6 जगहों पर स्टोपेज लगा रखे थे।

भगवान देवनारायण के जयकारो से गूंजा शहर

प्रतिभा सम्मान समारोह मे एकता, शिक्षा, बेटियो का पढ़ाने, नुक्ता प्रथा त्यागने पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। देवनारायण जयंती के अवसर पर बुधवार को अखिल भारतीय गुर्जर विकास संगठन द्वारा शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा देवपुरा स्थित देवनारायण मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई। शोभायात्रा में सजे-धजे ऊंट-घोड़े और झांकियाँ शामिल थीं। शोभायात्रा के दौरान गुर्जर समाज के लोगों का रैला जब शहर की सड़कों से निकला, तो सड़कों पर भीड़ लग गई। इस दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर अभिनंदन भी किया गया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए बाईपास रोड स्थित भगवान देवनारायण मंदिर पहुंची, जहां सभा और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, शकुन्तला रावत, विजय सिंह बेसंला रहे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री और हिण्डोली विधायक अशोक चांदना ने की। इस दौरान ओम धगाल, दलबीर चांदना, गुर्जर समाज जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य ममता गुर्जर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की श्रृंखला में अतिथियों ने गुर्जर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान अतिथियों ने एकता, शिक्षा, समाज की बेटियों को आगे बढ़ाने, पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. देवलाल चांदना की छात्रावास परिसर में मूर्ति स्थापित करने और नुक्ता प्रथा त्यागने पर जोर दिया।

कांग्रेसजनों ने किया शोभायात्रा का स्वागत : देवनारायण भगवान की शोभायात्रा का मुख्य सब्जी मंडी के बाहर दरवाजे लगाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल गुर्जर समाज के जिलाध्यक्ष रामस्वरूप धगाल और दलवीर चांदना का साफा बांधकर माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पीसीसी सचिव सत्येन्द्र शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकिरण मीणा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश सोनी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष निशांत नुवाल, प्रदेश महासचिव यासीन कुरैशी, गिरिराज मीणा भीमगंज, पार्षद प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, शहर उपाध्यक्ष हारून खान, जिला कांग्रेस सचिव इस्तिहाक मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। देवनारायण की शोभायात्रा देवनारायण मंदिर में पहुंची, जहां मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम रहे। इस अवसर पर चांदना मार्बल की तरफ से शिक्षा के क्षेत्र में 80त्न अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर नवाजा गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री अशोक चांदना ने समाज के सभी नौनिहालों को शिक्षा में जी-तोड़ मेहनत कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

देव धाम श्री भैरू जी महाराज मंदिर के शिखर पर 5.5 फीट का भव्य कलश स्थापित, महाप्रसाद का श्रद्धालुओं ने लिया

भगवान श्री देवनारायण के जन्मोत्सव के अवसर पर हुआ यह आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। वैशाली नगर, बोरखेड़ा स्थित देव धाम श्री भैरू जी महाराज मंदिर में सेवक गिरिराज गोचर की ओर से एक दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत श्री रामायण पाठ की स्थापना हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। साथ ही मंदिर समिति की ओर से शिखर पर 5.5 फीट का भव्य कलश स्थापित किया गया। संध्या के समय मंदिर प्रांगण में जागरण का आयोजन हुआ। इसमें भजन-कीर्तन से भगवान का गुणगान किया गया। मंदिर पर श्री देवनारायण भगवान का जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने जयकारों के साथ मंगल आरती की। इसके बाद भगवान को विशेष भोग अर्पित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में 8 अखंड ज्योतियां वर्षों से प्रज्वलित हैं। ये भक्तों की अटूट श्रद्धा और आस्था का प्रतीक हैं। इसके अलावा मंदिर का धूना भी वर्षों से निरंतर अखंड रूप से जल रहा है।

विशाल भंडारे का भी हुआ आयोजन

मंदिर समिति की ओर से मंदिर के शिखर पर 5.5 फीट का भव्य कलश स्थापित किया गया। कलश स्थापना से पूर्व विधिवत पूजा, अभिषेक व हवन कर शुद्धिकरण किया गया। कलश चढ़ाने के पश्चात मंदिर परिसर में भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में महाराणा प्रताप पार्क में हुआ पौधरोपण

पार्क में रोपे गए 75 पौधे, आचार्य ने कहा- मां का ऋण उतारना असंभव

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। महावीर नगर विस्तार योजना स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में एक विशेष प्रवचन सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण के साथ हुआ। मंदिर अध्यक्ष सिद्धार्थ जैन हरसौरा ने बताया कि शांतिधारा, पाद प्रक्षालन व चित्र अनावरण का सौभाग्य रमेशचंद, नवीन कुमार, अनिल कुमार दौराया परिवार (रानपुर वाले) को प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर को पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ जोड़ते हुए पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। गुरु भक्तों और समाजजनों की मौजूदगी में आचार्य जी के सान्निध्य में 75 पौधे लगाए गए। यह पौधरोपण कार्यक्रम महाराणा प्रताप पार्क महावीर नगर विस्तार योजना में सम्पन्न हुआ। इसका सौभाग्य दौराया परिवार (रानपुर वाले) श्री रमेशचंद, नवीन कुमार, अनिल कुमार को प्राप्त हुआ।

माता की तरह पेड़-पौधे भी करते हैं सुरक्षा : श्री 108 प्रज्ञासागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार माता अपने बच्चों की परवरिश करते हुए उन्हें स्नेह, छाया और सुरक्षा प्रदान करती है, ठीक उसी प्रकार एक पेड़ भी जीवनभर हमें ऑक्सीजन, फल-फूल, छाया और संरक्षण देता है। प्रकृति हमारी मां है, उसका संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक करोड़ पौधे लगाने का संकल्प ले रखा है। इसी प्रकल्प की कड़ी में महाराणा प्रताप पार्क में पौधे रोपे गए। पौधरोपण कार्यक्रम में न केवल प्रकृति के प्रति कर्तव्यबोध व्यक्त किया गया, बल्कि माता के प्रति अटूट प्रेम और श्रद्धा का भाव भी उजागर हुआ।

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है उद्देश्य : गुरुदेव ने कहा कि मां का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता है, लेकिन उनके प्रति आभार व्यक्त करने का यह एक भावनात्मक प्रयास था। जिस तरह माता हमें नि:स्वार्थ प्रेम और देखभाल देती है, उसी तरह हमें भी प्रकृति रूपी मां की सेवा करनी चाहिए।

शहर में अवैध अतिक्रमणों पर प्रभावी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़, (नि.स.)। शहर में बढ़ रहे अवैध अतिक्रमणों से आए दिन लग रहे यातायात जाम को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर अलोक रंजन के निर्देशन पर नगर परिषद द्वारा अवैध अतिक्रमणों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। आयुक्त राम किशोर मेहता ने बताया कि शहर में अवैध अतिक्रमणों के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बाधित हो रही है। आए दिन जाम के हालात बने हुए हैं, जिससे दुर्घटना घटित होने का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार नगर परिषद द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, दुर्ग, कपासन चौराहा, चिकित्सालय के बाहर, कलेक्ट्रेट चौराहा आदि क्षेत्र से अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। श्री मेहता ने बताया कि नगर परिषद टीम द्वारा शहर के दुर्ग पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमणों की सामग्री जप्त की गई तथा दुर्ग पर चल रहे निर्माण कार्य को मौके पर बंद करवाया गया।

किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री शिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। किसानों के समग्र विकास और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील लाडपुरा एवं दीगोद में बुधवार को फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने दीगोद के निमोदा शिविर का दौरा किया। उन्होंने बताया भारत सरकार की एग्रीस्टैक परियोजना के तहत राजस्थान में फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की जा रही है, जो न केवल किसानों को एक विशिष्ट पहचान दिलाएगी, बल्कि वह उनके जीवन को सरल बनाने के साथ और भी सुविधाएं देने में सहयोग देगी। इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक किसान को 11 अंकों की आधार से जुड़ी फार्मर आईडी मिलेगी, जिससे वह विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इस कदम से किसानों को कृषि में बेहतर निवेश का अवसर तथा कृषि विशेषज्ञों से समय पर मार्गदर्शन मिल सकेगा। साथ ही फसल बीमा, आपदा प्रबंधन के तहत सहायता, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के लिए आपका ऑनलाइनपंजीकरण भी सहज और पारदर्शी तरीके से हो सकेगा।

नर्सिंगकर्मी ने की बड़ी लापरवाही, युवक के हाथ के प्लास्टर के अंदर ही छोड़ दी ब्लेड, सात दिन बाद हुआ एक्सरे तब पता चला

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। कोटा संभाग के सबसे बड़े एमबीएस हॉस्पिटल में एक घायल युवक के इलाज में बड़ी लापरवाही देखने को मिली। दरअसल, सड़क हादसे में घायल हुए इस युवक के हाथ पर प्लास्टर करते समय नर्सिंगकर्मी ने ब्लेड को अंदर ही छोड़ दिया। सात दिन बाद जब वह पक्का प्लास्टर करवाने गया तब इस बात का पता? चला। पीड़ित का कहना है कि इससे इंफेक्शन हो सकता था।

पीड़ित जाकिर (30) ने बताया कि उसकी स्टेशनरी की दुकान है। वह सात दिन पहले दुकान के ही काम से केशवपुरा की तरफ जा रहा था। तभी एक कार वाले ने अचानक उसकी कार का गेट खोल दिया। इससे उसकी बाइक टकरा गई और वह नीचे गिर गया। इसके बाद उसने एमबीएस हॉस्पिटल में डॉक्टर को दिखाया तो जांच में एक हाथ की ऊंगली में फेक्चर निकला। इस पर नर्सिंगकर्मी ने हाथ पर प्लास्टर बांध दिया था। सात दिन बाद वह अस्पताल में पक्का प्लास्टर बंधवाने आया। इस पर डॉक्टर ने एक्सरे करवाने के लिए कहा। एक्स-रे रिपोर्ट में प्लास्टर के अंदर प्लास्टर काटने वाली ब्लेड नजर आई। इस पर डॉक्टर ने प्लास्टर काटकर ब्लेड को बाहर निकाला। जाकिर का कहना है कि नर्सिंगकर्मी की ऐसी लापरवाही से हाथ में इन्फेक्शन भी हो सकता था। उसने बताया कि नर्सिंगकर्मी ने दोबारा कच्चा प्लास्टर बांध दिया था। तब डॉक्टर ने नर्सिंगकर्मी को फटकार लगाते हुए पक्का प्लास्टर बांधने को कहा, मगर नर्सिंगकर्मी ने मना कर दिया। इसके चलते वह करीब दो घंटे तक डॉक्टर और नर्सिंगकर्मी के ही चक्कर लगाता रहा।

शुरू हुए फार्मर रजिस्ट्री कैंप, हर किसान की बनेगी डिजिटल आईडी

जिला कलक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, किसानों से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर,(नि.स.)। कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की एग्री स्टैक परियोजना के तहत हर किसान की डिजिटल आईडी बनाने हेतु जिले की सभी तहसीलों में प्रारम्भिक स्तर पर एक-एक ग्राम पंचायत में शिविरों की शुरुआत हुई। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बुधवार को मनिया तहसील की ग्राम पंचायत मनिया और राजाखेड़ा तहसील की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम में एग्री स्टैक योजना के तहत आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अधिकारियों को शिविर की व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कार्मिकों से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी

लेकर आगंतुक किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के तहत मिलने वाले 11 नंबर के यूनिक आईडी के लाभों की जानकारी सरल भाषा में देने को कहा. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन तक फार्मर रजिस्ट्री शिविर के बारे में जानकारी पहुंचाने हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग करते हुए उन्हें जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभान्वित किसानों से व्यक्तिगत या अन्य माध्यमों से संपर्क करते हुए फार्मर आईडी बनवाने का कार्य करें। शिविर में आए किसानों को कृषि व पशुपालन विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने को कहा, जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्रों तक पहुंच सके।

किसानों को बताया फार्मर रजिस्ट्री का महत्व : जिला कलक्टर ने शिविर में आए किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना तथा योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि शिविरों की जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए एक पोर्टल भी बनाया गया है। इस पोर्टल ण्त्रतिबण्त्रेंजींदण्हवअण्पद से आप अपने शिविर की तिथियों व स्थान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिविरों में किसान को रजिस्ट्रेशन होने पर एक एनरोलमेंट स्लिप दी जाएगी। 24 घंटे के अंदर किसान के मोबाइल नंबर पर फार्मर रजिस्ट्री मैसेज के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी ।

इसलिए जरूरी है किसान रजिस्ट्री

भविष्य में प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। राज्य एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों को प्रदान करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी। भविष्य में नामान्तरणकरण एवं क्रय पंजीयन की प्रक्रिया में भी फार्मर आईडी आवश्यक होगी।

किसान रजिस्ट्री से किसानों को लाभ

किसान आईडी बिना अतिरिक्त दस्तावेज के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी। पात्र किसान का प्रधानमंत्री-किसान या मुख्यमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना, अन्य योजनाओं में स्वत: जुड़ना सम्भव होगा। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित खरीद संभव हो सकेगी।

7 फरवरी तक यहां लगेंगे शिविर

जिले में 5 फरवरी से शुरु हुए एग्री स्टैक परियोजना के शिविर प्रत्येक तहसील की एक-एक ग्राम पंचायत में 7 फरवरी तक लगेंगे। वर्तमान में तहसील धौलपुर की ग्राम पंचायत तगावली, तहसील मनियां की ग्राम पंचायत मनियां, तहसील सैंपऊ की ग्राम पंचायत निधेरा कलां, तहसील बसईनबाब की ग्राम पंचायत नंदपुरा, तहसील राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम, तहसील बाड़ी की ग्राम पंचायत धनौरा, तहसील बसेड़ी की ग्राम पंचायत नादनपुर, तहसील सरमथुरा की ग्राम पंचायत पिपरेंट में शिविर संचालित हैं।

एडीजे कोर्ट खोलने को लेकर अधिवक्ताओं का नौवे दिन भी आंदोलन जारी

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। भरतपुर जिले के नदबई में उपखंड मुख्यालय पर एडीजे कोर्ट खोले जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का बुधवार को 9 वें दिन भी आंदोलन जारी है। वहीं अधिवक्ताओं के

धरने को बुधवार को पंचायत समिति नदबई प्रधान मुन्नी देवी, उप प्रधान भूपेंद्र सिंह और सरपंच संघ नदबई अध्यक्ष सुजान सिंह द्वारा पूर्ण समर्थन दिया गया।

वकीलों ने कहा-वर्तमान में नदबई उपखंड और नदबई थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सेशन केसों की सुनवाई के लिए जिला एवं सेशन न्यायालय भरतपुर में जाना पडता है। जो कि, नदबई मुख्यालय से 40 किमी की दूरी पर है। जबकि, भरतपुर से कुम्हेर मात्र 15 किमी व बयाना से वैर मात्र 12 किमी की दूरी पर स्थित है। जहां एडीजे कोर्ट स्थापित हो चुके हैं अर्थात भरतपुर जिले की नदबई तहसील को छोडकर प्रत्येक मुख्यालय पर ए.डी.जे. कोर्ट स्थापित हो चुके हैं।

नदबई उपखंड और थाना लगभग 35म25 किमी की भौगोलिक परधी में स्थित है। जिस कारण ग्रामीण लोगों को सेशन केसों की सुनवाई के लिए भरतपुर जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। नदबई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय से एक वर्ष में लगभग 300 केस कमिट होकर भरतपुर जाते हैं, अर्थात भरतपुर सेशन न्यायालय में लगभग 1800 मुकदमे विचाराधीन हैं। जिसके लिए पक्षकारों एवं अभिभाषकों को पैरवी के लिए भरतपुर आना जाना पडता है। जिसमें काफी समय एवं धन भी खर्च होता है।

पूर्व राजस्थान सरकार द्वारा नदबई मुख्यालय पर नियमित एडीजे कोर्ट की स्थापना की अपने अंतिम पूरक बजट में घोषणा की गई थी परन्तु घोषणा की नोटिफिकेशन राज्य सरकार द्वारा नहीं किया गया। जिसकी वजह से नदबई मुख्यालय पर एडीजे कोर्ट की स्थापना नहीं की जा सकी।

ये रहे मौजूद : इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्याम सिंह डागुर, पूर्व अध्यक्ष लखन भातरा, गजराज सिंह फौजदार, संजय कुमार, भगवान सिंह फौजदार, भरतलाल चौधरी, प्रेमचंद शर्मा, पूरनमल शर्मा, निर्भय सिंह, रामकिशन गुर्जर, राजेंद्र सिंह, सुरजीत, अजीत सिंह, अशोक, अमित राज सिंह, जगदीश चंद, जगवीर सिंह, दिलीप डागुर, अमरचंद, मीना, पृथ्वीराज सिंह, ओमप्रकाश, संजय कुमार, धर्मवीर सिंह, सुरेश, महावीर प्रसाद, मुकेश शुक्ला आदि मौजूद थे।

जंबूरी की सर्वोच्च पताका राजस्थान ने जीती

भरतपुर संभाग की गाइड विभाग की रंगोली राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय्)। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित भारत स्काउट गाइड संगठन के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली में स्पेशल डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन 28 जनवरी से 03 फरवरी तक किया गया। जिसमें पूरे भारतवर्ष से पंद्रह हजार से अधिक स्काउट्स गाइड्स ने सहभागिता की। जंबूरी में विभिन्न देशों के स्काउट गाइड्स भी सम्मिलित हुए। भरतपुर संभाग की गाइड द्वारा बनाई गई रंगोली को राष्ट्र स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। डायमंड जुबली जंबूरी का समापन समारोह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया।

सी.ओ. स्काउट देवेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि इस विशेष जंबूरी में विभिन्न प्रकार की स्काउट गाइड विंग वार एवं सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मार्च पास्ट, कलर पार्टी, लोक नृत्य, कैम्प फायर, कैंप क्राफ्ट, बैंड प्रदर्शन , फिजिकल डिस्पले, फूड प्लाजा, प्रदर्शनी, झांकी प्रदर्शन, एसडीजी प्रोजेक्ट, वाचिंग टावर, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, फर्स्ट एड, अनुमान लगाना, टेंट पिचिंग, एथेनिक शॉ, सिगनेलिंग, स्काउट गेट, गाइड गेट, गाइड रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में

राजस्थान प्रदेश से सहभागिता कर रहे 1012 स्काउट्स गाइड्स एवं यूनिट लीडर्स ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समस्त प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सबसे महत्वपूर्ण तीन पुरस्कार चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड स्काउट विभाग, चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड गाइड विभाग तथा चीफ नेशनल फ्लैग पर कब्जा बरकरार रखा। इसके साथ ही जंबूरी में आयोजित 22 प्रतियोगिताओं में से 21 प्रतियोगिताओं में राजस्थान दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की इस उपलब्धि पर पूरे दल को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान के कर्मठ स्काउट गाइड कार्यकर्ताओं एवं जोशीले स्काउट गाइड की मेहनत एवं लग्न से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का भारत स्काउट गाइड संगठन सदैव राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान की आन, बान और शान को बनाए रखता है और भविष्य में भी बनाए रखेगा। इस अवसर पर नेशनल चीफ कमिश्नर डॉ. के.के. खंडेलवाल एवं तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री डॉ. कोवी चेझीयान ने राज्य सचिव डॉ. पी.सी.जैन, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) पूरन सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सुयश लोढा एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) नीता शर्मा व राज्य मुख्यालय के अन्य पदाधिकारियों को तीनों शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पेशल डायमंड जुबली जंबूरी में राजस्थान दल स्पेशल ट्रेन से जयपुर से त्रिची तमिलनाडु पहुंचा एवं अपने कौशल एवं समन्वित प्रयास करते हुए भारतवर्ष में राजस्थान की श्रेष्ठता साबित की। सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) नीता शर्मा के नेतृत्व भरतपुर संभाग से जिला भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर से कुल 101 सम्भागीयों ने भाग लिया एवं भरतपुर जिले से कुल 30 सम्भागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें एक पेट्रोल स्काउट तथा दो पेट्रोल गाइड ने सहभागिता की। जंबूरी में जिला भरतपुर से मास्टर आदितेन्द्र रा.उ.मा.वि. भरतपुर से 02 स्काउट, रा.उ.मा.वि. खेडली गडासिया से 02 स्काउट, रा.उ.मा.वि. बरौली चौथ के 04 स्काउट, यूनिट लीडर गोविन्द सिंह उपप्राचार्य रा.उ.मा.वि बाछरैन एवं स्काउटर भगत सिंह गुलशन सचिव स्थानीय कामां के नेतृत्व में सहभागिता की। गाइड विभाग रा.उ.मा.वि. बरौली चौथ 04 गाइड, लाला मनोहर लाल खण्डेलवाल रा.बा.उ.मा.वि. डीग 04 गाइड, लक्ष्मीबाई ओपन गाइड कम्पनी नगर की 05 गाइड, रेवती देवी अग्रवाल रा.बा.उ.मा.वि. नगर की 03 गाइड, गाइडर सरला कुमारी रा.उ.मा.वि. रूंध हेलक कुम्हेर एवं गाइडर दीपिका के नेतृत्व में सहभागिता की।

अमर शहीद रमेश स्वामी के 78 वें बलिदान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। राजस्थान हमेशा से वीरों की भूमि रही है यहां स्वतंत्रता के लिए अनेक लोग आगे आए वही भुसावर के अमर शहीद रमेश स्वामी बेगार प्रथा के विरोध करते हुए 5 फरवरी 1947 को अमर शहीद हो गए जिनकी स्मृति में प्रतिवर्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है इसी को लेकर 5 फरवरी बुधवार को प्रात: प्रभात फेरी के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रमों में आर्य समाज की ओर से उनके पार्क में पहुंचकर यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें उनके परिजनों सहित अनेक कस्बे के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। नगर पालिका की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में रामेशस्वामी ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद सिंह पांडे, शिक्षाविद पूरणमल निर्द्वन्द्व, पंडित किशोरी लाल भारद्वाज, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय्, प्रप्रकाश चन्द जाटव, श्री गांधी ज्योति महिला महाविद्यालय के संस्थापक निदेशक राजेंद्र पाण्डेय्, गंगाराम पाण्डेय्, मोहनलाल सैनी,अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश संयोजक यतेन्द्र पाण्डेय्, मास्टर सतीश चंद्र

शर्मा पूर्व पालिका अध्यक्ष देशराज पहाड़िया राजेन्द्र पथैना, टीटू स्वामी एवं उनके समस्त परिवारिजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अमर शहीद रमेश स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश-विदेश में की गई जय यात्राओं के साथ बेगार प्रथा के लिए अनुकरणीय बलिदान की बात कही।

थाना डांग व शाहपुर पंचायत के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सोपा ज्ञापन : बिजली व सड़क की बदहाली से परेशान ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल) । कस्बे के थाना डांग और शाहपुर ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बिजली और सड़क की समस्या को लेकर एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम दीपक मित्तल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों की मुख्य मांग चामड़ माता मंदिर के पास स्वीकृत भूमि पर नए जीएसएस (ग्रिड सब-स्टेशन) का निर्माण है। वर्तमान में दोनों पंचायतों को 13 किलोमीटर दूर बंध बारैठा के जीएसएस से बिजली आपूर्ति मिल रही है। अधिक लोड के कारण तारें टूटने

और ट्रिपिंग की समस्या आम है, जिससे कई बार तीन-तीन दिन तक बिजली नहीं मिलती। सरपंच प्रतिनिधि धूप सिंह ने कहा थाना किसानों के लिए थाना डांग व शाहपुर ग्राम पंचायत के लिए बिजली समस्या को लेकर जीएसएस की मांग काफी दिनों से कर रहे हैं पर हमारी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है।

बिजली की कमी से क्षेत्र के किसानों की फसलें सूख रही हैं और घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था वाले इस क्षेत्र में यह एक गंभीर समस्या बन गई है। इसके अलावा, बयाना से थानाडांग होते हुए शाहपुर तक जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। साथ ही धूप सिंह ने यह भी बताया कि तीन-चार महीने गऊ घाट गंभीर नदी चोकी सपाट पर रास्ता बंद रहने के कारण हम ग्राम वासियों को ब्रम्हबाद होकर बयाना जाना पड़ा। ग्रामीणों ने सड़क के नवीनीकरण के साथ-साथ गंभीर नदी के सपाट पर जल निकासी के लिए बम्वा डलवाने की मांग भी की है। एसडीएम ने दोनों मांगों पर गंभीरता से विचार कर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन में उमेश, कप्तान सिंह समेत कई ग्रामीण नेता मौजूद थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

कैंसर एक लाइलाज बीमारी है

इसे खेतों में रासायनिक खाद का कम उपयोग एवं फास्ट फूड का प्रयोग नहीं करने से रोका जा सकता है

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। कैंसर से संपूर्ण विश्व में औसतन प्रतिवर्ष 50 लाख से अधिक लोग काल के ग्रास होते हैं यह एक लाइलाज बीमारी है इसके लिए जन जागरण की विशेष आवश्यकता है यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉक्टर उदयभान सिंह का। डॉक्टर सिंह विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। आयोजित सेमिनार को डॉक्टर सिंह के अलावा डॉ राहुल कुमार ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जन-जागरूकता से खान-पान की आदतों में सुधार, खेती में रसायनों का कम प्रयोग तथा पर्यावरण प्रदूषण कारकों को कम करके कैंसर बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। किसान फसलों विशेषत: फल एवं सब्जियों में कीट एवं बीमारियों की रोकथाम के लिए

रासायनिक पेस्टीसाइड्स की अत्यधिक प्रयोग करते हैं पेप्टीसाइड़ युक्त फल एवं सब्जियों का उपयोग कैंसर कारक है। धूम्रपान एवं पर्यावरण प्रदूषण से फेंफड़े का कैंसर होने की सम्भावना बढ़ जाती है, अत: धूम्रपान करने से बचना चाहिए तथा पर्यावरण प्रदूषण एवं प्लास्टिक के उपयोग को भी कम करने की आवश्यकता है। समय-समय पर कैंसर सम्बन्धी चिकित्सीय जांच भी करानी चाहिए।

थाना गढ़ी बजाना में दर्ज कराई एफआईआर में कार्यवाही न होने के बाद बयाना सीईओ के पास पहुंचे फरियादी

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। गढ़ीबाजना थाना इलाके के गांव पूण्ठपुरा खेरीडांग में अनुसूचित जाति के लोगों की 21 बीघा कृषि भूमि को सवर्ण जाति के व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी से फर्जी दस्तावेजों के आधार अपने नाम रजिस्टर्ड करा लेने का मामला सामने आया है। मामले का पता चलने पर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ गढ़ीबाजना थाने में इस्तगासा के जरिए धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। उधर, मामले में जल्द कार्रवाई कराने की मांग को लेकर पीड़ित बुधवार को डिप्टी एसपी कृष्णराज से भी मिला। पीड़ित ने डिप्टी एसपी को बताया कि गढ़ीबाजना थाना पुलिस द्वारा मामले में लापरवाही बरतते हुए सही तरीके से अनुसंधान नहीं किया जा रहा है। पीड़ित उच्चैन थाना इलाके के गांव नगला तोता पिचूना निवासी बिशनलाल जाटव ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि खेरी डांग गांव में उसके चाचा सामंता जाटव की 21 बीघा कृषि भूमि है। उसके चाचा अविवाहित थे, जिनकी 2 मई 1988 को मौत हो गई थी। जिसके बाद से पीड़ित बिशनलाल और उसके परिजन चाचा के वारिसों की हैसियत से कृषि भूमि पर खेती करते

चले आ रहे हैं। गत 23 दिसंबर को जब वह अपने खेत पर फसल को देखने गया तो वहां मौजूद गांव पूण्ठपुरा निवासी अमरचंद गुर्जर और उसके बेटों मेघराज, हंसराज ने उसे खेत से भगा दिया। आरोपियों ने कहा कि उन्होंने यह जमीन अपने नाम करा ली है, इस बात की उसने तहसील कार्यालय में जानकारी की तो पता चला कि अमरचंद ने फर्जी कूट रचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी करते हुए चाचा की जमीन को अपने नाम करा लिया है। जबकि सरकार के नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति के व्यक्ति की जमीन की रजिस्ट्री सवर्ण जाति के व्यक्ति के नाम नहीं हो सकती। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मामले की जांच गढ़ी बाजना एसएचओ को सौंपी गई है। लेकिन थाना प्रभारी मामले के अनुसंधान में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

इनका कहना

मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक दस्तावेजों के लिए तहसील कार्यालय से प्रमाणित प्रतिलिपि ली जाएगी। जल्द ही अनुसंधान पूरा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पृथ्वी सिंह खटाना, एसएचओ
थाना गढ़ी बाजना

शपथ आयुक्तों की नियुक्ति हेतु आवेदन 15 फरवरी तक

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)। राजस्थान राजस्व मण्डल (शपथ आयुक्तों की नियुक्ति) नियम 1970 के अधीन इस जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों के लिये वर्ष 2025 के लिये शपथ आयुक्त नियुक्त किये जाने हैं। प्रार्थना-पत्र बार कौन्सिल के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। जिला कलक्टर अमित यादव ने बताया कि इसके लिये प्रार्थना-पत्र 15 फरवरी तक अभिभाषक संघ के माध्यम से कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आवेदनकर्ता द्वारा अपने प्रार्थना-पत्र में अपना नाम, पंजीयन क्रमांक मय पंजीयन तिथि, स्थान जहां के लिये नियुक्ति चाहते हैं तथा यदि पूर्व में शपथ आयुक्त का कार्य किया हो तो उसका भी स्पष्ट उल्लेख करें। प्रार्थना-पत्र के साथ बार कौन्सिल द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि आवश्यक रूप से संलग्न करें।

कलश यात्रा के साथ 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आगाज

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़, (नि.स.)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ के नेतृत्व में गायत्री शक्ति पीठ में 5 से 8 फरवरी को आयोजित विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिन मंगल कलश एवं सद् ग्रंथ शोभायात्रा निकली गई। जिसमें जिले भर से 1000 से अधिक गायत्री परिवार के सदस्य कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा गायत्री शक्ति पीठ चित्तौड़गढ़ मे विधिवत पूजन कर के से प्रारम्भ हुई। इसमें दो घुड़सवार सबसे आगे चल रहे थे। इसके पीछे महिला पुरुष कतार में चल रहे थे। यात्रा सेन्थी, बापुनगर, पंचवटी, प्रताप नगर, कुंभानगर, रेल्वे अन्डर ब्रिज, नगर पालिका कालोनी, रोडवेस बस स्टैन्ड, पुरानी पुलिया, अप्सरा टकीज के पास से होते हुवे महाराणा प्रताप सेतु मार्ग यज्ञ स्थल ईनाणी सिटी सेन्टर चित्तौड़गढ़ पहुच, जहा सभी कलश यात्रा का स्वागत किया एवं विधिवत रूप से कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा का जगह जगह पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा संयोजक डॉ. योगेश व्यास ने बताया की कलश यात्रा में सामाजिक संगठनों की झाँकिया शामिल रही जिसमें गायत्री माता राधा कृष्ण, भारत माता, कालिका माता, लक्ष्मी बाई की झांकी सजाई गई। वहीं कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर महिलाएं पीले कपड़े और में शामिल हुई। इस यात्रा के दौरान दो पहिया वाहन, चार पहियाँ वाहन के साथ साथ बग्गी मे गायत्री परिवार के लोग शामिल रहे। गायत्री शक्ति पीठ चित्तौड़गढ़ के मुख्य ट्रस्टी रमेश पुरोहित ने बताया की यात्रा समापन ईनाणी सिटी सेन्टर चित्तौड़गढ़ मे हुआ जहां भदेसर प्रधान सुशीला कंवर आक्या, पूर्व सभापति सुशील शर्मा, आभा शर्मा, गोविंद गदिया, डॉ. नाहर सिंह सावा ने कलश यात्रा का स्वागत किया। गायत्री परिवार के जिला संयोजक बद्रीलाल माली ने बताया की 6 फरवरी गुरुवार को प्रात: 6 बजे ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग एवं 8 बजे देव पूजन कार्यक्रम होगा जिसमें समस्त देवताओं का आवाहन होगा और साथ ही 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ वैदिक मंत्रों के साथ प्रारंभ होगा। साथ ही दोपहर 2 बजे कार्यकर्ता गोष्ठी और सायं 6 बजे संगीत प्रवचन होगा जिसे शांति कुंज की टोली नायक सुनील कुमार शर्मा, सहायक टोली नायक राम प्रताप, युग गायक राम वीर नेगी, युग वादक दिलधीर यादव, संगीतकार देव प्रसाद यादव, सारथी विवेक प्रताप सिंह द्वारा करवाया जाएगा।

राज खसरा गिरदावरी एप्स के माध्यम से पटवारी व किसान खेतों तक पहुंच रहे हैं

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (नि.स.)। झालावाड़ राज्य सरकार के दिशा अनुसार वर्तमान समय में फसल की गिरदावरी के लिए ऑनलाइन एप्स के माध्यम से फसल की गिरदावरी खेतों तक पहुंच कर करना पढ़ रहा है।

रायपुर तहसील के फतेहगढ़ हल्का पटवारी गिरिराज कारपेंटर ने बुधवार को खेजरपुर व फतेहगढ़ गांव के किसानों के साथ ऑनलाइन गिरदावरी एप्स की जानकारी व किसान अपने मोबाइल से अपनी फसल की ऑनलाइन एप्स के माध्यम से गिरदावरी करने की जानकारी दी साथ ही उन्होंने बताया कि ऑनलाइन गिरदावरी से किसानों को अपनी फसल की सही जानकारी दर्ज करने से समर्थन मूल्य पर फसल बेचने एवं कई तरह के फायदे किसानों को होगा। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला प्रचार प्रमुख महेश मेहर ने बताया कि किसानों को ऑनलाइन गिरदावरी करने से फसल का सही अंकन होने से किसानों को कई तरह के लाभ मिल सकेंगे एवं ऑनलाइन गिरदावरी निकलने से किसान स्वयं समर्थन मूल्य पर पंजीयन करवा सकेंगे साथ ही किसानों को भी गिरदावरी के बारे में जानकारी रहेगी एवं किसान जागरूक होंगे। सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों को समय पर मिल सकेगा। इस दौरान वार्ड पंच सत्यनारायण डांगी धनराज डांगी राजेश कुमार रमेश चंद्र राजकुमार मेहर जगदीश प्रसाद राधेश्याम दांगी सहित कई किसान मौजूद रहे।

अंता के इतिहास में पहली बार होंगे राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 15 फरवरी से

नगरपालिका अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल के संरक्षण में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

अंता (शफीक मंसूरी) । मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अंता द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम अंता में 15 फरवरी से राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा,प्रतियोगिता आयोजन अध्यक्ष फरीद पठान ने बताया की राजमाता विजयाराजे सिंधिया की स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 15 फरवरी से 19 फरवरी तक किया जायेगा फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन को लेकर कार्यकारिणी बनाई गई जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल को संरक्षक बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष- भारत गालव, मोहित कालरा, भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित नन्दवाना, पार्षद राधेश्याम सिंगोदिया, हेमंत नागर, कीर्ति मालव, सुरेश सोनी, जितेंद्र मीणा, सुरेंद्र गौतम,अताउल्ला खान, उपाध्यक्ष - महेश पवार, लक्ष्मण चौधरी, इलियास अंसारी, नरेंद्र पवार, मुरली गहलोत, विनोद मेघवाल, आयोजन सचिव - पार्षद धनराज चौरसिया, संयुक्त सचिव- पुष्पेंद्र सोनी, चेतन नागर, नंदकिशोर नायक, करण गौतम, हरि गुर्जर ,संगठन मंत्री - कुलदीप शाक्य, महेंद्र सुमन, जितेंद्र सुमन ,मुशर्रफ अली, अशफाक खान, केदार मालव, जीतमल मेहरा, रिंकू गुर्जर, रोहित राठौर, राजकुमार मेघवाल, कोषाध्यक्ष - राहिल खान, उप कोषाध्यक्ष - नकुल सोनी ,चिराग गालव व प्रवक्ता रविंद्र कुमार शर्मा व प्रेम शंकर शांत, सदस्य - मकसूद अली, गिरिराज चौरसिया, अब्दुलहक टेलर, गिरिराज पंवार, मुकेश भटनागर को बनाया गया है,क्लब अध्यक्ष चमन पठान ,कोषाध्यक्ष रियासत अली व शानू खान ने बताया की फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है,खेल मैदान को दुरुस्त कर आकर्षक बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

लंबे समय बाद होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर नगर के खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है वो प्रतियोगिता शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है, उन्होंने बताया की प्रतियोगिता में राजस्थान की बेहतरीन टीमें भाग ले रही है, आयोजन अध्यक्ष फरीद पठान ने कहा की सभी के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जाएगा जहां खेल प्रेमियों को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान होगा। ज्ञात रहे कि 6 फरवरी से आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय फुटबालप्रतियोगिता किन्ही कारणों से आगे खिसका दी गई है ,जिसका आयोजन अब 15 फरवरी से किया जा रहा है।

एडीएम भंडारी ने किया सरसड़ी गांव में फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। अतिरिक्त जिला कलक्टर चन्द्रशेखर भंडारी ने बुधवार को ग्राम पंचायत सरसड़ी में आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर भंडारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को शिविर की व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपस्थित कार्मिकों से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन तक फार्मर रजिस्ट्री शिविर के बारे में जानकारी पहुंचाने हेतु आवश्यक प्रचार माध्यमों का उपयोग करते हुए उन्हें जागरूक करें। उन्होंने बताया कि किसान आईडी (बिना अतिरिक्त दस्तावेज) के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी। इससे पात्र किसान का प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य योजनाओं में स्वत: जुड़ना सम्भव होगा। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित (बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के) खरीद संभव हो सकेगी। किसान की फसल के अनुसार डिजिटल तरीके से फसलों का बीमा संभव होगा।

पारसोली थाना पुलिस की कार्यवाही

60 किलोग्राम चंदन की लकड़ी जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। जिले की पारसोली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तीन बैगो से 60 किलोग्राम अवैध चंदन की लकड़ी जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त चन्दन की लकड़ी को उत्तर प्रदेश के तस्करों को सप्लाई करनी थी। अवैध रुप से चंदन की लकडी की तस्करी करने वाले तस्करो पर प्रभावी कार्यवाही के मध्यनजर एक टीम का गठन किया गया। मंगलवार को एएसआई भवानी सिंह मय जाप्ते द्वारा अवैध रुप से चंदन की लकडी की तस्करी करने वाले तस्करो पर कार्यवाही हेतु गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रावतभाटा क्षेत्र में हरपुरा मोड से आगे हाईवे रोड पर दबिश देकर दो व्यक्तियों को तीन बैग सहित पकडा गया। दोनो व्यक्तियों के बारे में जानकारी ली गई तो दोनो ने अपने नाम श्यामलाल पुत्र चुन्नीलाल सुथार तथा कालुलाल पुत्र चेनराम सालवी निवासियान राजगढ पुलिस थाना पारसोली जिला चितौडगढ होना बताया। दोनो व्यक्तियों के पास मिले तीनो बैगो की तलाशी ली गई तो तीनों बैगो के अन्दर चंदन की लकडी के टूकडे भरे हुए पाये गए। चंदन की लकडी का वजन किया गया तो कुल वजन 60 किलोग्राम हुआ। दोनो आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता में प्रकरण दर्ज कर चंदन की लकडी को जप्त किया जाकर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अग्रीम अनुसंधान जारी है।

पंच गौरव के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

बूंदी,(नि.स.)। पंच गौरव कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में प्रात: 11.00 बजे उनके कक्ष में आयोजित की गई । बैठक में जिले में चिन्हित पंच गौरव के सम्बन्ध में जिला कलेक्टर द्वारा एक जिला एक वनस्पति-धौंक के सम्बन्ध में वन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे धौंक वृक्षों के संवर्धन के लिए सम्बंधित विश्वविद्यालयों एवं अनुसन्धान केन्द्रों से संपर्क करें। उन्होंने एक जिला एक उपज - चावल के सम्बन्ध में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चावल की बुआई हेतु वर्तमान क्षेत्र में वृद्धि करने के प्रयास किये जाए तथा चावल की थ्रेशिंग हेतु क्लस्टर आधार पर यंत्र उपलब्ध कराने के प्रस्ताव तैयार करें तथा उन्होंने उत्पादित चावल के निर्यात संवर्धन हेतु उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने एक जिला एक पर्यटन स्थल- रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के सम्बन्ध में वन विभाग एवं पर्यटन विभाग को मिलकर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व को पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद- सेंड स्टोन के संवर्धन एवं विकास के लिए सम्बंधित खनिज एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों को कार्य योजना तैयार कर उस पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने एक जिला एक खेल- कबड्डी के सम्बन्ध में खेल विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए की वर्तमान में कबड्डी हेतु मैदान में मेट लगवाए तथा कबड्डी खेल हेतु ग्राम स्तर से ब्लॉक एवं जिला स्तर तक की जाने वाली गतिविधियों की कार्ययोजना बनाए।

पुस्तक मेला 2025 में कपासन के लेखक रवि चंद्रन द्वारा लिखी 'पेरेंटिंग विद पर्पस' पुस्तक को अभिभावकों ने सराहा

बढ़ता राजस्थान



कपासन (नि.स.)। नई दिल्ली 1 से 9 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले में पुस्तक 'पेरेंटिंग विद पर्पस' का प्रदर्शन किया जा रहा है।उक्त पुस्तक लेखक रवि चंद्रन कपासन जिला चितौड़गढ़ राजस्थान द्वारा लिखी गयी है।यह पुस्तक आधुनिक पेरेंटिंग पर आधारित एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करती है।इस पुस्तक को भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में प्रदर्शित किया गया है। पेरेंटिंग विद पर्पस पुस्तक में लेखक द्वारा पेरेंटिंग के विभिन्न पहलुओं को समझाते हुवे बच्चों के पालन-पोषण के महत्व को बताया है।पुस्तक में बताया है कि अभिभावक बच्चों को एक सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन कर सकते हैं।उन्हें जीवन के विभिन्न पहलुओं से सिखा सकते हैं। लेखक रवि चंद्रन का मानना है कि पेरेंटिंग केवल बच्चों की देखभाल तक सीमित नहीं है।यह उनके मानसिक-भावनात्मक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। पुस्तक में उनके अनुभव व विचारों के माध्यम से माता-पिता को एक नई सोच व दृष्टिकोण मिलता है।इस पुस्तक का उद्देश्य पेरेंटिंग के क्षेत्र में एक नई दिशा देना है।जिससे माता-पिता बच्चों के साथ अधिक सशक्त व सजीव संबंध बना सकें। मेले में इस पुस्तक को देख रहे पाठकों एवं अभिभावकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। उल्लेखनीय है कि विश्व पुस्तक मेला में विभिन्न भाषाओं एवं विधाओं की पुस्तकों के साथ उक्त पुस्तक का प्रदर्शन पुस्तक प्रेमियों व पेरेंटिंग में रुचि रखने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।यह पुस्तक प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफार्म अमेजन पर भी खरीदा जा सकता है।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्त शासी इकाई नेहरू युवा केंद्र चित्तौड़गढ़ द्वारा माय भारत के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्वयंसेविका व मदर टेरेसा महिला मंडल डूंगला अध्यक्ष श्वेता सामर के नेतृत्व में अंबेडकर छात्रावास डूंगला में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में ब्लॉक की छह टीमों सहित कुल 150 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिनमें कबड्डी, रस्साकशी, 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ शामिल थीं। कबड्डी प्रतियोगिता में मलूक दास की खेड़ी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता जबकि किशन करेरी की टीम उपविजेता रही। रस्साकशी स्पर्धा में बालिका छात्रावास डूंगला टीम विजेता बनी और मदर टेरेसा मंडल डूंगला की टीम उपविजेता रही। दौड़ प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच डूंगला सोहनी बाई तथा विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षक दिनेश चंद्र पुरोहित उपस्थित रहे। खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया व समूह की विजेता टीम को केंद्र द्वारा स्पोर्ट्स किट प्रदान किया जावेगा।

केकड़ी के सीए अंकित जैन की मुम्बई में ऐतिहासिक जीत, समाज में खुशी की लहर

सीए संस्था वसई के चुनाव में चुने गए कार्यकारिणी सदस्य

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। महाराष्ट्र प्रांत के मुम्बई महानगर में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की मीरा-भायंदर स्थित वसई ब्रांच के चुनाव में केकड़ी के मूल निवासी सीए अंकित जैन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए नए उम्मीदवारों में सबसे अधिक मतों से आगे रहते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया तथा इस शानदार उपलब्धि के साथ संस्था की नौ सदस्यीय कार्यकारिणी में सदस्य चुने गए। चुनाव में 14 प्रत्याशियों ने भाग लिया। अंकित जैन की इस जीत पर न केवल मुंबई, बल्कि केकड़ी और मीरा रोड में भी हर्ष का माहौल हो गया। इस सफलता से पूरे जैन समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। सीए अंकित जैन ने बताया कि इस जीत में मीरा रोड दिगंबर जैन समाज और मीरा-भायंदर के सीए समुदाय का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने चुनाव के दौरान प्रचार व जनसंपर्क में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उधर वसई ब्रांच के पूर्व चेयरमैन व सदस्यों सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने सीए अंकित जैन को उनकी ऐतिहासिक जीत की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

युवा कांग्रेस द्वारा कपासन में आयोजित बैठक में यंग इंडिया बोल ऐप को लेकर चर्चा की

बढ़ता राजस्थान

कपासन(नि.स.)। नगर में स्थित कांग्रेस कार्यालय पर युवा कांग्रेस की मासिक बैठक का यंग इंडिया बोल के विधानसभा प्रभारी देवेंद्र कोरिया की उपस्थिति में आयोजन किया गया।जिसमे कपासन विधानसभा की ब्लाक कार्यकारिणी एवं नगर कार्यकारिणी गठन को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ विस्तृत की चर्चा गयी। युवा नेता सतनारायण चोटिया ने बताया कि बैठक में यंग इंडिया बोल के एप्प से युवाओं को जोड़ने संबंधी युवा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की तथा उक्त ऐप से जोड़ने की प्रक्रिया से अवगत कराते हुवे अधिकाधिक लोगों को इस ऐप से जोड़ने हेतु कार्यकर्ताओ को प्रेरित किया गया। इस बैठक में पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष प्रकाश जाट मेवदा,युवा कांग्रेस जिला महासचिव विजय बारेगामा,युवा कांग्रेस जिला महासचिव रोहित कोदली,युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग प्रदेश महासचिव अकरम मंसूरी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत, युकां के दीनबंधु सोमानी,मधुसूदन कुमावत,सुनील प्रधान,यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण माली,ओबीसी नगर अध्यक्ष सुनील तेली,अमित मोदी,अशोक लोहार,रफीक अंसारी,लाला व्यास, अली अंसारी, गोपाल सेन,सुरेश जाट,नारायण जाट, लक्ष्मण कुमावत आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वित्तीय प्रबंधन एवं साइबर अपराध पर कार्यशाला शुक्रवार को

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के सहयोग से वित्तीय प्रबंधन एवं साइबर अपराध पर शुक्रवार को एक दिवसीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। करियर एवं प्लेसमेंट प्रभारी माया पारीक ने बताया कि यह पाठ्यक्रम वित्तीय प्रबंधन, निवेश रणनीतियों और वित्तीय क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसके अंतर्गत सेबी विशेषज्ञ श्रीमती शकुंतला पारीक द्वारा गहन जानकारी व व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इससे छात्रों को वित्तीय जगत को सुरक्षित रूप से समझने में सहायता मिलेगी।

राजेश्वरी के मंदिर पर शतचंडी पाठ के समापन पर हुआ रात्रि जागरण कार्यक्रम

पूर्णाहुति यज्ञ के बाद आज होगा भंडारा, विनायक सेवा समिति का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। शहर की आस्था के केंद्र मां राज्यराजेश्वरी कैला माता के मंदिर पर 30 जनवरी गुरुवार से माघ महीने के गुप्त नवरात्रों में शतचंडी पाठ का आयोजन किया जा रहा था। ऐसे में मंगलवार सप्तमी को पाठ समापन पर जहां माता रानी को छप्पन भोग की प्रसादी लगाई गई। वही रात में फूल बंगला एवं देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि जागरण कार्यक्रम में जब बाहर से आए कलाकारों ने धार्मिक गीतों पर अपनी प्रस्तुतियां दी तो सैकड़ो की संख्या में मौजूद श्रद्धालु झूम उठे।

पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा। शहर की विनायक सेवा समिति द्वारा कराए गए इस विशेष आयोजन में 29 जनवरी को शहर में 500 कलशों के साथ विशेष शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद 30 जनवरी गुरुवार को माता रानी के मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ विद्वान पंडितों द्वारा शतचंडी पाठ का शुभारंभ किया। जो लगातार 7 दिन तक जारी रहा। 4 फरवरी मंगलवार को पाठ समापन पर माता रानी के मंदिर को फूलों से सजाया गया और छप्पन भोग की प्रसादी लगाई गई। इसके बाद रात को देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विनायक सेवा समिति के महामंत्री रामकुमार चौधरी और अध्यक्ष राजेंद्र मंगल ने बताया कि समिति द्वारा शहर वासियों के सहयोग से यह विशेष आयोजन किया गया। आज 5 फरवरी को पूर्णाहुति हवन यज्ञ किया जाएगा और कल गुरुवार को दोपहर 12 बजे से माता रानी के मंदिर पर शहर वासियों के लिए भंडारे का आयोजन होगा।

एसडीएम और एसएचओ के साथ गणमान्य लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर जहां अपने पूरे परिवार के साथ माता रानी का आशीर्वाद लेने मंदिर पहुंचे। वही कोतवाली एसएचओ हरवीर सिंह और पुलिस जाप्ते के साथ शहर के गणमान्य नागरिक,स्वमसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी और श्रद्धालु मंदिर में मौजूद रहे।रात्रि जागरण में बाहर से आए कलाकारों ने धार्मिक गीतों पर ऐसी प्रस्तुति दी की श्रोता और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।पूरा कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा।

ई-स्टांप के सुरक्षा मानकों के प्रति व्यापक जागरूक रहें : डीआईजी रामावतार गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। ई-स्टांप के विभिन्न सुरक्षा मानकों के प्रति आम जनता में व्यापक जागरूकता लाने के लिए डीआईजी, पंजीयन एवं स्टांप विभाग अजमेर, रामावतार गुर्जर ने मॉडल उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री एवं अन्य प्रयोजनों के लिए ई-स्टांप खरीदने वाले नागरिकों को जागरूक करते हुए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग कहता है, अपने ई-स्टांप सर्टिफिकेट को जाने नवाचार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज के इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना और ई-स्टांप के उपयोग के दौरान ई-स्टांप की प्रामाणिकता और इसके विभिन्न सुरक्षा मानकों की जांच करने के लिए आप सभी को शिक्षित करना है।

डीआईजी अजमेर रामावतार गुर्जर ने कहा कि पंजीयन विभाग और स्टॉकहोल्डिंग के नवाचार के माध्यम से हमारा मुख्य उद्देश्य अजमेर, नागौर, टोंक, ब्यावर, डीडवाना, मेड़ता, कुचामन और इसके आसपास के क्षेत्र के लोगों में ई-स्टांप के मौजूदा सुरक्षा मानकों के प्रति व्यापक जागरूकता लाना है। सब रजिस्ट्रार शीला चौधरी ने मॉडल उप पंजीयक कार्यालय में उपस्थित आम लोगो को संबोधित करते हुए बताया कि अपनी संपत्तियों के पंजीकरण के लिए आम जनता को ई-स्टाम्पिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से ई-स्टांप पेपर में मौजूद 2-डी बार कोड को स्कैन कर, ई-स्टांप की प्रामाणिकता की जांच करनी चाहिए। साथ ही, बदलते डिजिटल युग में आम आदमी द्वारा ई-स्टांप खरीदते समय किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए उसमें मौजूद सभी सुरक्षा मानकों की जांच करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जानकार बनिए, सतर्क रहिए।

सब रजिस्ट्रार शीला चौधरी ने ई-स्टांप के विभिन्न सुरक्षा मानकों जैसे माइक्रो प्रिंट, तीन स्थानों पर वॉटरमार्क में स्टांप ड्यूटी, टेक्स्ट थ्रेड में भुगतान की गई स्टांप ड्यूटी, टेक्स्ट थ्रेड में तिथि समय, टू डी बार कोड, असममित क्रम में प्रमाणपत्र संख्या और टेक्स्ट रिबन में एसएचसीआईएल के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में रीडर चंद्र खानचंदानी, स्टॉक होल्डिंग की ओर से ई-स्टाम्पिंग एरिया मैनेजर पवन रुनवाल, देवीलाल, नीरज सिसोदिया, स्टांप विक्रेता, एसीसी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

बच्चों ने उकेरे कैंसर अवेयरनेस और तंबाकू रोकथाम के चित्र

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई के पॉपुलेशन बेस्ड कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में कैंसर अवेयरनेस और तंबाकू रोकथाम के विषय पर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चारभुजा रावतभाटा के क्लास 6 टू 10 क्लास के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल पीबीसीआर के सीनियर सुपरवाइजर ललित कुमार ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस पर बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक करने तथा तंबाखू उत्पादों की रोकथाम के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चारभुजा रावतभाटा के निदेशक श्री जे सी शर्मा ने अपने स्टाफ के साथ रजिस्ट्री टीम के सभी अधिकारियों का का स्वागत कर कैंसर और तंबाकू रोकथाम के ऊपर प्रकाश डाला एवं इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रखने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा संचालित टोबेको क्यूट लाईन के बारे में भी सीनियर सुपरवाइजर ललित कुमार ने विस्तृत जानकारी दी, बताया गया कि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के साथ मिलकर टबैको क्यूट लाईन कार्यक्रम संचालित है, जो कोई भी तंबाकू उत्पादों का सेवन करता है , और उसको छोड़ नहीं पा रहा है तो 1800112356 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर काउंसलर से बात कर अपनी इन आदतों को छोड़ सकता है, इस सेवा के माध्यम से अभी तक हजारों लोगो के तंबाकू छोड़ कर अपनी परिवार के लिए खुशियों का चुनाव किया है, इस नंबर पर संपूर्ण भारत से कही से भी कॉल किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से प्राचार्य श्री ओपी आर्य सुमन गुप्ता जमुना शर्मा शालिनी गौतम प्रीति यादव सीमा कक्कड़ पूजा गुप्ता रंजन अजमेर रानू शर्मा उपासना निश्चित शर्मा सलोनी बालसूरी जय श्री राठौर हर्षिता मीणा और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल रावतभाटा से सीनियर सुपरवाइजर ललित कुमार, फील्ड इन्वेस्टिगेटर हरि प्रकाश नागर, मनोज कुमार शृंगी, शिरील कुमार गुप्ता, कुंजबिहारी सैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी बच्चों को एवं विद्यालय स्टाफ को अल्पाहार प्रदान किया गया।

7 माह से फरार 20 हजार का इनामी बदमाश धरा : डेढ़ लाख की लूट में शामिल आरोपी को बसेड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। धौलपुर पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूट के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 7 महीने से फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में बसेड़ी थाना प्रभारी बृजेश कुमार मीना के नेतृत्व में टीम ने आरोपी सोनू गुर्जर (22) को गिरफ्तार किया। मामला 30 जुलाई 2023 का है, जब भारत फाइनेंस इल्यूजन लिमिटेड के फील्ड ऑफिसर राजेश गुर्जर लोन की किस्तें वसूलने के बाद हीरापुरा से बसेड़ी जा रहे थे। रास्ते में दो बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा बांधकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राजेश के विरोध करने पर बदमाशों ने उनके सिर में कट्टे का बट मारकर उन्हें बेहोश कर दिया और 1.50 लाख रुपए से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में पहले ही दो आरोपी रामनाथ गुर्जर और प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया था। सोनू गुर्जर और जीतू की तलाश जारी थी।

4 फरवरी को पुलिस टीम ने सोनू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 309 (6), 111, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और जल्द ही उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

अलीगढ़ ग्राम पंचायत के कई गाँवो के लोगो ने सौपा एसडीएम को ज्ञापन

परिसीमन और पंचायत पुनर्गठन के दौरान अलीगढ़ में ही बनाये रखने की मांग

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। उपखंड के अलीगढ़ ग्राम पंचायत के गांव मठ घेसुआ,घेसुआ,इकबालपुर,सूखे का पूर, फुसपुरा के दर्जनों की संख्या में आए ग्रामीणों ने बुधवार को ग्रामीण पंच पटेलों के साथ ग्राम पंचायत पुनर्गठन मामले में अपने सभी गांवो को अलीगढ़ ग्राम पंचायत में रखे जाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। जिसमें जिला कलेक्टर से मांग की है कि उनके सभी गांव अलीगढ़ ग्राम पंचायत में ही रखे जाएं,पुनर्गठन के दौरान उन्हें पूरा उलावटी ग्राम पंचायत से नहीं जोड़ा जाए। गांव मठ घेसुआ के सतीश चंद्र,नेकराम,लज्जाराम,रामेश्वर, मोहन,रामबाबू,बने सिंह,जवाहर सिंह के साथ दर्जनों की संख्या में आये ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच ओमवीर सिंह के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंच प्रदर्शन किया और उपखंड अधिकारी हेमंत कुमार घनघोर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि उनकी ग्राम पंचायत अलीगढ़ है। जो उनके गांव से महज एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है। वर्तमान में ग्राम पंचायतो का पुनर्गठन एवं परिसीमन कार्य चल रहा है। जिसमें आशंका है कि उनके गांव को पूरा उलावटी से जोड़ा जा रहा है। जिसकी दूरी 5 से 6 किलोमीटर है। ऐसे में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को भेजे ज्ञापन में मांग की है कि उन्हें अलीगढ़ ग्राम पंचायत से अलग नहीं किया जाए।

कैंसर पीड़ित महिला को दो यूनिट रक्त उपलब्ध करवाया

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। रावतभाटा के उपनगर चारभुजा क्षेत्र में रहने वाले दिहाडी मजदूर की धर्मपत्नी उषा देवी को ब्लड कैंसर होने की वजह से उनके शरीर का रक्त कम हो गया इस वजह से उनको तकलीफ होने लगी तब उन्होंने रावतभाटा के उप जिला सरकारी अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टरों ने उन्हें रक्त चढ़ाने के लिए कहा। रावतभाटा सरकारी अस्पताल में रक्त उपलब्ध नहीं होने की वजह से उन्होंने समाजसेवी बालकिशन गुलाटी से रक्त उपलब्ध करवाने को कहा तब उन्होंने तुरंत ही कोटा से दो यूनिट रक्त उपलब्ध करवाया और बुधवार को सरकारी अस्पताल में मरीज को रक्त चढ़ाया गया। परिवार वालों ने बालकिशन गुलाटी का आभार जताया । इस मौके पर नीरज कक्कड़ हॉस्पिटल स्टाफ और महिला के पति मौजूद थे।

हत्या के मामले में एडीजे कोर्ट ने सुनाया फैसला, दो आरोपियों को आजीवन कारावास

सरमथुरा के सुनकई गांव में दो वर्ष पूर्व हुई थी गोली मारकर अमन की हत्या

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। एडीजे कोर्ट ने करीब 2 वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों द्वारा सुनकई गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग पर दिन दहाड़े अमन की गोली मारकर हत्या की थी। जिसका मामला एडीजे कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजे कोर्ट के अपर लोक अभियोजक एडवोकेट मनोज सिंह परिहार ने बताया कि 18 दिसंबर 2020 को सरमथुरा थाना क्षेत्र के सुनकई गांव में रेलवे क्रॉसिंग पर आपस में बातचीत कर रहे तीन-चार लड़कों में से एक युवक अमन पुत्र लालपति मीणा निवासी सुनकई को आरोपी सुरजीत पुत्र शक्ति सिंह और ऋषि पुत्र विशाल मीणा में गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह दोनों आरोपी कुमरपुरा गांव के थे। जिनसे मृतक का घटना से दो-चार दिन पूर्व क्रिकेट मैच को लेकर विवाद हुआ था। गोली लगने से अमन की मौके पर ही मौत हो गई। जिसका मामला मृतक के भाई राधे पुत्र लालपति मीणा ने सरमथुरा थाने में दर्ज कराया था। पुलिस जांच के बाद पूरा मामला बाड़ी एडीजे कोर्ट में विचाराधीन था। जिस पर बुधवार को एडीजे नीरज कुमार ने फैसला सुनाते हुए अमन की हत्या के आरोपी सुरजीत पुत्र शक्ति सिंह और ऋषि पुत्र विशाल को मामले का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है साथ में पचास हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण तथा भंडार गृह में उपलब्ध राशन सामग्री की गुणवत्ता का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा बुधवार को जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा कारागृह में निरुद्ध बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित भण्डार गृह में पहुंच कर उपलब्ध राशन सामग्री की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदी एवं उनके परिजन के मध्य वार्ता प्रक्रिया की जानकारी ली, जिसके दौरान कार्यवाहक जेल अधीक्षक पूरन चंद द्वारा बताया कि भविष्य में बंदी एवं उनके परिजन के मध्य वार्ता प्रक्रिया को हाई टेक्नोलॉजी से परिपूर्ण सुगम एवं सरल किया जाएगा। उन्होंने जेल में निर्माणाधीन नई रसोई घर के प्रगति कार्य के संबंध में भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ अमित कम्ठान, लीगल एड डिफेंस काउंसिल डिप्टी चीफ पप्पू गुर्जर सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

गुप्त नवरात्र का कल समापन

तांत्रिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है गुप्त नवरात्र

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। इस बार 30 जनवरी (गुरुवार) से प्रारंभ हुए गुप्त नवरात्र का समापन 7 फरवरी (शुक्रवार) को होगा। मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान, सवाई माधोपुर के अध्यक्ष पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार गुप्त नवरात्रि हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है। यह साल में दो बार मनाई जाती है। एक बार माघ माह में और फिर आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में। इसे गुप्त इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसमें साधक अपनी साधना, अनुष्ठान और पूजा गुप्त रूप से करते है । यह तांत्रिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस साल माघ माह की गुप्त नवरात्रि 30 जनवरी से लेकर 7 फरवरी तक रही है ।

गुप्त नवरात्रि के नियम क्या हैं ?

गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-पाठ के साथ कलश स्थापना करने का भी महत्व है। कलश स्थापना के साथ सुबह और संध्या पूजा के समय दुर्गा चालीसा अथवा दुर्गा सप्तशती का पाठ जरूर करें। पूजा के दौरान माता को लोंग व बताशे का भोग चढाना चाहिए। इसके साथ कलश स्थापना करते समय मां को लाल पुष्प और चुनरी भी अर्पित करें।

गुप्त नवरात्रि में क्या खाना चाहिए ?

ज्योतिषाचार्य ताराचंद शास्त्री के अनुसार व्रती को इन नौ दिनों के उपवास में यह ध्यान रखना चाहिए कि फलाहार में गेहूं के आटे और नमक का इस्तेमाल वर्जित होता है। लेकिन इसके अलावा कुछ पोषक पदार्थ हैं जिन्हें आप व्रत के दौरान खा सकते हैं, जैसे साबूदाना, कुट्टू के आटे, और सिंघाड़े के आटे से बने व्यंजन।

गुप्त नवरात्रि में सिद्धि कैसे प्राप्त करें ?

पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि गुप्त नवरात्रि में की गई साधना को बेहद प्रभावशाली माना जाता है. इस दौरान भक्तों को नियमित व्रत, मंत्र जाप और हवन करने की सलाह दी जाती है. माना जाता है कि गुप्त नवरात्रि में की गई भक्ति और साधना से न केवल मनोकामनाएं पूरी होती हैं, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है ।

ज़िला कलेक्टर ने किया महात्मा गांधी ज़िला चिकित्सालय का निरीक्षण, जिले वासियो को निरंतर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने जिलेवासियों के बेहतर स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को महात्मा गांधी ज़िला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ज़िला कलेक्टर ने चिकित्सालय कार्मिको को निर्देशित करते हुए कहा की चिकित्सक सेवाभाव एवं संवेदनशीलता के साथ मरीजों का उपचार सुनिश्चित करें। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन से जुड़े कार्यों को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि जिले को स्वास्थ्य सूचकांकों में अग्रणी बनाने के लिए चिकित्सा व्यवस्थाओं को अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सक अस्पताल में समय पर पहुंचे और रोगियों एवं उनके परिवारजनों के साथ अच्छा व्यवहार रखें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का गहनतापूर्वक अवलोकन करते हुए वार्डों में रोगियों से बात कर उन्हें उपलब्ध हो रही चिकित्सा सुविधाओं का फीडबैक लिया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने पीएमओ डॉ अरुण गौड व अन्य चिकित्सा अधिकारीयो को निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायें। उन्होंने ओपीडी सुविधाओं का भी अवलोकन किया और भीड़ होने पर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

अभिषेक @49

पिता कर्ज में डूबे तो पढ़ाई छोड़ी

काम के लिए भटकते रहे, अमिताभ की सिफारिश नहीं ली

परिवार के लिए करिश्मा से तोड़ा रिश्ता

अभिषेक बच्चन का आज 49वां बर्थडे है। अभिषेक महानायक अमिताभ बच्चन के इकलौते बेटे हैं, लेकिन न पिता के बराबर उन्हें पहचान मिली और न ही कामयाबी। बल्कि उन्हें पिता से कमतर ही आंका गया। अभिषेक ने ओटीटी पर जरूर अपना लोहा मनवाया, लेकिन गुरु, युवा, धूम जैसी फिल्मों का हिस्सा बनने के बाद भी बॉलीवुड में खुद की पहचान के लिए लड़ते रहे।

अभिषेक चाहते तो पिता के नाम का फायदा उठाते और फिल्म इंडस्ट्री का सफर आसानी से तय कर लेते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वे करियर की शुरुआत में 2 साल तक काम के लिए भटकते रहे, लेकिन पिता से सिफारिश के लिए नहीं कहा।

आज 49वें बर्थडे पर जानते हैं अभिषेक बच्चन की जिंदगी के 5 बड़े फैसले, जो उन्होंने अपने परिवार के खातिर लिए..

फैसला-1- पिता की मदद के लिए पढ़ाई छोड़ी, प्रोडक्शन बॉय बने अभिषेक जब अमेरिका के बोस्टन में ग्रेजुएशन कर रहे थे, तब अमिताभ बच्चन बेहद बुरे दौर से गुजर रहे थे। पिता की खराब हालत उनसे देखी नहीं गई और वे सब कुछ छोड़कर भारत वापस आ गए। इस बारे में उन्होंने प्रभु चावला के इंटरव्यू में कहा था, 'मैं बोस्टन में पढ़ाई कर रहा था, उस वक्त पापा की कंपनी अमिताभ बच्चन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एबीसीएल) अच्छे दौर से नहीं गुजर रही थी। मुझे लगा कि अगर पापा के पास रहूंगा तो उनकी मदद कर पाऊंगा, उन्हें मॉरल सपोर्ट दे पाऊंगा। इसी सोच के साथ मैं सब कुछ छोड़ कर भारत वापस आ गया। वापस आने के बाद मैंने पापा से कहा- मैं आ गया हूं। आपके लिए जो कर सकता हूं, वह करने के लिए तैयार हूं। फिर उन्होंने मुझे अपनी फिल्म मेजर साहब में प्रोडक्शन बॉय बना दिया। मतलब मेरा काम होता था चाय बनाना, लाइट्स इधर-उधर रखना, स्टार्स को जगाना।

यह फिल्म 1997 में रिलीज हुई थी और इसके बाद मेरे पास बिल्कुल काम नहीं था। मैं एक साल तक घर पर रहा। फिर काम मांगने की जद्दोजहद शुरू की, लेकिन किसी डायरेक्टर-प्रोड्यूसर ने काम नहीं दिया।'

फैसला-2- पिता के कहने पर पहली फिल्म का ऑफर ठुकराया अभिषेक बच्चन की पहली फिल्म रिफ्यूजी थी, लेकिन इससे पहले उन्हें फिल्म समझौता एक्सप्रेस का ऑफर मिला था। इस फिल्म के डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा थे। जब इंडस्ट्री से कोई भी अभिषेक को काम देने के लिए तैयार नहीं था, तब ओमप्रकाश मेहरा ने मदद का हाथ आगे बढ़ाया।

फिल्म समझौता एक्सप्रेस में अभिषेक एक पाकिस्तानी आतंकवादी का किरदार निभाने वाले थे। जब ओमप्रकाश मेहरा और अभिषेक इस फिल्म की कहानी अमिताभ बच्चन के पास ले गए तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा- बकवास स्क्रिप्ट है बच्चों, निकल जाओ।

पिता के इस जवाब से अभिषेक समझ गए थे कि फिल्म का हिस्सा नहीं बनने में ही भलाई है। आखिरकार उन्होंने फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया।

रिफ्यूजी का ऑफर मिला, लेकिन एक्टिंग नहीं आती थी अभिषेक बच्चन को फिल्म रिफ्यूजी का ऑफर डायरेक्टर जे.पी दत्ता ने दिया था। इस बारे में अभिषेक ने कहा था, 'एक लंबे स्ट्रगल के बाद मुझे यह फिल्म मिली थी। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। हालांकि, मुझे एक्टिंग के बारे में कुछ पता नहीं था, लेकिन कुछ कर गुजर जाने की चाहत थी। मैं दुनिया के सामने खुद को साबित करना चाहता था।'

इस फिल्म का ऑफर मिलने का किस्सा भी बहुत दिलचस्प है। अभिषेक को एक अवॉर्ड फंक्शन में जाना था, लेकिन उनके पास पहनने के लिए कुछ फॉर्मल नहीं था। वे जींस-टीशर्ट में जाना नहीं चाहते थे। ऐसे में उन्होंने शेरवानी पहन ली जो बहन श्वेता की शादी में पहनी थी। उस फंक्शन में जे.पी दत्ता को फिल्म बॉर्डर के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला था। अवॉर्ड लेने के बाद जैसे ही जे.पी दत्ता स्टेज से उतरे, उनकी नजर अभिषेक पर पड़ी। फिर अगले दिन उन्होंने एक्टर को अपने ऑफिस बुलाया और फिल्म रिफ्यूजी का ऑफर दिया।

फैसला-3- फिल्में फ्लॉप हुईं तो एक्टिंग छोड़नी चाही, पिता के सुझाव पर बदला फैसला 2000 से 2004 तक अभिषेक की 20 फिल्में रिलीज हुई थीं, जिनमें से 17 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थीं। लोगों ने उन्हें फ्लॉप एक्टर का तगमा भी दे दिया था। हालांकि, फिर उन्होंने 2004 की फिल्म धूम से वापसी की।

इस बारे में अभिषेक ने सिद्धार्थ कानन के इंटरव्यू में कहा था, 'मेरी कई फिल्में नहीं चली थीं। मेरी हर कोशिश फेल हो जा रही थी। पब्लिक प्लेटफॉर्म पर फेल होना बहुत मुश्किल होता है। उन दिनों अखबार में कोई मुझे गाली देता था तो कोई कहता कि एक्टिंग नहीं आती है। एक अखबार के फ्रंट पेज पर लिखा था- जीरो नबंर 1। मैं सोचने लगा कि फिल्मों में आने का फैसला ही क्यों किया।

हालात से तंग आकर एक दिन इन बातों पर पापा से बात की। उनसे कहा- पापा शायद मेरा फिल्मों में आने का फैसला गलत था। शायद मैं इस इंडस्ट्री के लिए नहीं बना हूं। मैं जो कुछ कर रहा हूं, वह काम नहीं आ रहा।

इस पर बिग बी ने कहा- बेटा, मैंने तुम्हारी परवरिश इसलिए नहीं की कि तुम इन चीजों से भागो। हर दिन तुम्हें सुबह उठना होगा और अपने हक के लिए लड़ना होगा। मैं एक एक्टर के तौर पर तुम्हें बता रहा हूं कि तुम हर फिल्म के साथ बेहतर कर रहे हो। जो भी काम मिले, बड़ा-छोटा कुछ भी, तुम जरूर करो। बस काम करो। भरोसा करो, तुम ठीक हो जाओगे। इस तरह से पापा ने हौसला बढ़ाया और मैं फिर से जंग लड़ने के लिए निकल गया। इसके बाद चीजें बेहतर भी हुईं।'

फैसला- मां के फैसले की वजह से करिश्मा से अलग हुए! अभिषेक का नाम कई एक्ट्रेसेस से जुड़ चुका है, लेकिन ऐश्वर्या से पहले जिस एक्ट्रेस का रिश्ता उनके साथ कुछ हद तक मुक्कमल हुआ था, वे थीं करिश्मा कपूर। अभिषेक-करिश्मा की पहली मुलाकात श्वेता बच्चन की शादी में हुई थी। इसके बाद दोनों की मुलाकात का सिलसिला जारी रहा। परिवार को भी दोनों के रिश्ते से कोई आपत्ति नहीं थी।

अमिताभ बच्चन के 60वें बर्थडे के मौके पर जया बच्चन ने अनाउंस किया था कि करिश्मा बच्चन खानदान की होने वाली बहू हैं। बेटे अभिषेक से उनकी सगाई हो चुकी है।

इस अनाउंसमेंट के ठीक एक साल बाद कपल ने सगाई तोड़ दी। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, जया बच्चन चाहती थीं कि शादी के बाद करिश्मा एक्टिंग छोड़ दें, जिससे एक्ट्रेस की मां बबीता बिल्कुल सहमत नहीं थीं। वहीं उन्होंने बेटी के फ्यूचर के लिए अमिताभ बच्चन से प्रीनअप साइन करने के लिए कहा था।

प्रीनअप एक तरह का एग्रीमेंट है, जिसका मतलब होता है कि कपल शादी के पहले डिसाइड कर लेते हैं कि अगर फ्यूचर में उनका तलाक हुआ तो दोनों के बीच एसेट्स का कैसे बंटवारा होगा।

उस समय बच्चन परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा था। इस कारण प्रीनअप वाला समझौता मुश्किल हो गया। नतीजतन अभिषेक और करिश्मा ने परिवार के लिए अपनी सगाई तोड़ दी और रास्ते अलग कर लिए।

न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक बच्चन एक्ट्रेस रानी मुखर्जी के साथ भी रिलेशनशिप में रहे। हालांकि, जया बच्चन इस रिश्ते से खुश नहीं थीं। उन्हें रानी का बड़बोलापन पसंद नहीं था। उन्होंने अभिषेक को रानी से दूर रहने की हिदायत दी थी। आखिरकार अभिषेक मां का कहना मानकर रानी से अलग हो गए।

अभिषेक ने कहा था- उस लड़की से शादी करना चाहता था जो मेरे साथ परिवार का भी सम्मान करे करिश्मा से अलग होने के बाद अभिषेक ने ऐश्वर्या राय से शादी की। सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'हम पहले अच्छे दोस्त थे, लेकिन रिलेशनशिप की शुरुआत फिल्म उमराव जान के सेट से शुरू हुई थी। इसके बाद हमने शादी कर ली।

मैं एक ऐसी लड़की से शादी करना चाहता था जो मुझसे तो प्यार करे ही, लेकिन मेरे परिवार के भी करीब रहे। उनकी इज्जत करे, उन्हें प्यार दे। ऐश्वर्या के अंदर यह खूबियां थीं।'

फैसला-5- करियर बनाने में अमिताभ बच्चन के नाम का इस्तेमाल नहीं किया 25 साल के एक्टिंग करियर में अभिषेक बच्चन ने काम पाने के लिए कभी भी पिता अमिताभ बच्चन के नाम का इस्तेमाल नहीं किया। स्ट्रगल करते रहे और खुद के दम पर पहचान हासिल की। मगर लोगों की यह धारणा रही है कि करियर संवारने में उन्हें पिता से मदद मिली होगी।

इस बारे में उन्होंने कहा था, 'मैंने काम मांगने के लिए पापा के नाम का इस्तेमाल नहीं किया है। अगर ऐसा करता तो शायद खुद को ही धोखा देता। मैं लोगों को सिर्फ अपना नाम बताता और काम दिखाता था। इसी के आधार पर काम मांगता था। पापा का नाम बताता तो शायद राहें आसान होतीं, लेकिन मैंने ऐसा किया नहीं।

सच्चाई यह है कि उन्होंने (अमिताभ बच्चन) भी कभी किसी को कॉल तक नहीं किया। उन्होंने मेरे लिए कभी कोई फिल्म नहीं बनाई। इसके उलट मैंने उनके लिए फिल्म पा प्रोड्यूस की।

मेरा सरनेम मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं पूरी कोशिश करता हूं कि मैं अपने पिता का नाम रोशन कर सकूं और उन्होंने जो मिसाल कायम की है उसे आगे ले जा सकूं। इस सरनेम के साथ जो शोहरत और फेम आज जुड़ा है वो मेरे दादाजी और मेरे पिताजी की कमाई है।

ओटीटी पर खेली करियर की दूसरी पारी, अभिषेक के पास सिर्फ एक बड़ी फिल्म

अभिषेक बच्चन का फिल्मी करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा, लेकिन ओटीटी ने उन्हें नई पहचान दी। उन्होंने वेब सीरीज 'ब्रीद इन टु द शैडो' से ओटीटी डेब्यू किया था। सीरीज में उनकी एक्टिंग को दर्शकों और क्रिटिक्स ने बहुत सराहा। उन्हें 2022 में फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट मेल एक्टर का अवॉर्ड मिला था।

वहीं, इस साल उनकी फिल्म हाउसफुल 5 रिलीज होने वाली है। इसमें वे अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ जैसे कलाकारों के साथ दिखाई देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का बजट 375 करोड़ रुपए है। इसके अलावा अभिषेक के पास दूसरी कोई बड़ी फिल्म नहीं है।

कैंसर पर बात करते हुए इमोशनल हुईं हिना खान

बोलीं- हमसे पूछिए कितना मुश्किल होता है रिपोर्ट का पॉजिटिव आना, इसलिए जागरूक रहना जरूरी

4 मार्च को विश्व कैंसर दिवस के मौके पर नरगिस फाउंडेशन की ओर से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सोनाली बेंद्रे और टीवी एक्ट्रेस हिना खान पहुंचीं, जहां हिना कैंसर पर बात करते हुए इमोशनल हो गईं।

हिना खान ने कहा, आपको अंदाजा नहीं है कि वो पल कितना सुकून भरा होता है जब आपकी रिपोर्ट नेगेटिव आती है। जब आपके टेस्ट में कैंसर का कोई संकेत नहीं मिलता, तो वह कितनी बड़ी राहत होती है। लोग कहते हैं कि पैसे वेस्ट हो गए, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। बल्कि, आपको एक सुखद एहसास होता है कि आपकी जिंदगी में कैंसर जैसा कुछ नहीं है। इमोशनल होते हुए हिना खान आगे कहती हैं, हमसे पूछिए, ये कितना मुश्किल होता है जब आप वो रिपोर्ट पढ़ते हैं। वो घंटी, जिसकी आवाज से आपको ये पता चलता है कि आपकी जांच रिपोर्ट आ चुकी है और डॉक्टर बताते हैं कि कैंसर का पता चला है, वो पल कितना दुख देता है। हालांकि, सही वक्त में मुझे इसके बारे में पता चल गया और इसका इलाज भी जारी है। हिना खान की मानें तो कई लोग कैंसर के बारे में बात नहीं करते, लेकिन इसे करना चाहिए क्योंकि आज के समय में जागरूकता होना जरूरी है, ताकि हम लोगों को मोटिवेट कर सकें। हर किसी की जिंदगी में अच्छे दिन होते हैं, तो बुरे भी आते हैं, लेकिन अच्छे दिन एक बार जरूर लौटकर आते हैं। उससे भी बड़ी बात यह है कि कैंसर ठीक हो सकता है। हिना ने कहा कि यही वजह है कि अब उन्होंने सबको जागरूक करने का ठान लिया है।

सोनाली बेंद्रे ने कहा, 'कैंसर से डरना चाहिए, लेकिन उससे लड़ना भी उतना ही जरूरी है। ऐसा नहीं है कि इसका इलाज नहीं हो सकता। आपको समय-समय पर अपना चेकअप कराना चाहिए, क्योंकि अगर पहले या दूसरे स्टेज में आपको कैंसर के बारे में पता चल जाता है, तो इसके ठीक होने के चांस ज्यादा होते हैं।

थर्ड स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं हिना

हिना ने 28 जून, 2024 को सोशल मीडिया पर बताया था कि उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर है। पोस्ट में हिना ने लिखा था, हाल ही में उड़ रही अफवाहों के बीच, मैं आपको कुछ जरूरी जानकारी देना चाहती हूं। मैं ब्रेस्ट कैंसर के तीसरे स्टेज पर हूं। मैं ठीक हूं। मैं स्ट्रॉन्ग हूं और डटी हुई हूं। इस बीमारी पर काबू पाने के लिए पूरी तरह से कमिटेड हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है और मैं इससे और भी मजबूत होकर उबरने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए तैयार हूं।

सोनाली को 2018 में डिटेक्ट हुआ था कैंसर

जुलाई 2018 में सोनाली को कैंसर डिटेक्ट हुआ था और वो इसका इलाज कराने के लिए न्यूयॉर्क चली गई थीं। वहां वे करीब 6 महीने तक रही थीं। इलाज के बाद सोनाली कैंसर फ्री हो गई थीं। सोनाली ने 1994 में फिल्म नाराज के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी।

उदित नारायण के सपोर्ट में उतरे अभिजीत भट्टाचार्य

किसिंग विवाद पर किया बचाव, बोले- लड़कियां उनके पीछे पड़ी थीं

सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य ने किसिंग विवाद पर उदित नारायण का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि सिंगर्स के साथ ऐसी घटनाएं हो जाती हैं। उदित नारायण सुपरस्टार सिंगर हैं। लड़कियां उनके पीछे पड़ी थीं। न्यूज 18 के इंटरव्यू में अभिजीत ने कहा, 'इस तरह की घटनाएं हम सिंगर्स के साथ हमेशा होती रहती हैं। अगर हमारी उचित सुरक्षा नहीं की जाती है या हम बाउंसर्स से घिरे नहीं होते हैं तो लोग हमारे कपड़े तक फाड़ देते हैं। ऐसा मेरे साथ पहले भी हो चुका है।

मैं एक बार साउथ अफ्रीका में कॉन्सर्ट कर रहा था। 3-4 लड़कियों ने मुझे इतना खतरनाक किस किया कि मैं दोबारा मंच पर जा नहीं पा रहा था। यह सब लता जी के सामने ही हुआ था। मेरे गालों पर लिपस्टिक के निशान थे।

अभिजीत बोले- उन्होंने किसी को अपने करीब नहीं बुलाया था

अभिजीत ने आगे कहा, 'वह उदित नारायण हैं। लड़कियां उनके पीछे पड़ी थीं। उन्होंने किसी को भी अपने करीब नहीं बुलाया। मुझे यकीन है कि जब उदित परफॉर्मेंस देते हैं, तो उनकी पत्नी को-सिंगर के तौर पर उनके साथ होती हैं। उन्हें सक्सेस को एंजॉय करने दें। वह एक रोमांटिक सिंगर हैं। वह भी एक बड़े खिलाड़ी हैं और मैं एक अनाड़ी हूं। कोई उनके साथ खेलने की कोशिश मत करो।'

क्या था पूरा मामला?

31 जनवरी को उदित नारायण ने एक कॉन्सर्ट में परफॉर्म किया था। इस कॉन्सर्ट से जुड़ा एक वीडियो सामने आया था, जिसमें देखा गया कि एक लड़की उनके साथ सेल्फी लेने के लिए स्टेज के करीब आई। जब वह उदित नारायण के साथ सेल्फी ले रही थी, तभी उसने सिंगर को गाल पर किस कर लिया। बदले में सिंगर ने उसे लिप पर किस कर दिया। यह वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर उदित नारायण को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा।

उदित ने कहा था- यह फैंस की दीवानगी है, इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए

कुछ समय बाद उदित ने इस वीडियो पर सफाई भी दी। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत में कहा था, 'फैंस इतने दीवाने होते हैं। हम लोग ऐसे नहीं हैं। हम डीसेंट लोग हैं। इस चीज को वायरल करके क्या करना है। वहां भीड़ में बहुत सारे लोग थे और हमारे पास बॉडीगार्ड भी थे। लेकिन फैंस को लगता है कि उन्हें किसी भी तरह हमसे मिलने का मौका मिल जाए। तो ऐसे में कुछ लोग हाथ मिलाने के लिए हाथ बढ़ाते हैं, कुछ हाथ पर किस करते हैं। ये सब दीवानगी होती है, इस पर उतना ध्यान नहीं देना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा था, 'जब मैं स्टेज पर गाता हूं तो वहां एक पागलपन होता है। फैंस मुझसे प्यार करते हैं, मुझे भी लगता है उन्हें खुश होने दो। मैं 46 सालों से इंडस्ट्री में हूं। मेरी छवि ऐसी नहीं रही है। जब फैंस मुझ पर प्यार लुटाते हैं तो मैं हाथ जोड़ लेता हूं। मंच पर यह सोचकर झुक जाता हूं कि फिर आज का ये वक्त लौट के आए या ना आए।'

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

हम बाहर की चुनौतियों से नहीं, बल्कि अपने अंदर की कमजोरी से हारते हैं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

राज्यसभा में भड़के खड़गे

पूर्व पीएम चंद्रशेखर के बेटे से बोले- चुप बैठ, तेरा बाप मेरा साथी था

धनखड़ ने कहा- बयान वापस लें

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भाषण देते समय भड़क उठे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर से कहा कि चुप बैठ, तेरा बाप भी मेरा साथी था। तू क्या बात करता है। विवाद बढ़ता देख चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने दोनों से शांत रहने को कहा। और कहा-चंद्रशेखर देश के बड़े नेताओं में से एक हैं। इसलिए अपना बयान वापस लें। दरअसल, खड़गे 3 फरवरी को बजट सत्र के तीसरे दिन बहस के दौरान वे अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में हुई गिरावट पर बोल रहे थे, तभी शेखर ने उन्हें बीच में टोक दिया। नीरज शेखर ने उन्हें बीच में टोक दिया था। इस पर खड़गे ने उन्हें याद दिलाया कि वे उनके पिता के समकालीन हैं, इसलिए नीरज उन्हें टोकें नहीं।

चेयरमैन ने टोका तो बोले- हम दोनों साथ गिरफ्तार हुए थे-धनखड़ के हस्तक्षेप के बाद खड़गे ने कहा कि उन दोनों को एक साथ गिरफ्तार किया गया था। इसलिए उन्होंने कहा था कि उनके पिता खड़गे के साथी हैं। इसके बाद धनखड़ ने उनसे- आप कह रहे हैं तेरा बाप, क्या हम इस अभिव्यक्ति को प्रमाणित कर सकते हैं? आप एक अन्य माननीय सदस्य को कह रहे हैं तेरा बाप, हमें चंद्रशेखर के प्रति सम्मान रखना चाहिए। कृपया, अपना बयान वापस लें।

कौन हैं नीरज शेखर, जिन्हें खड़गे ने डांटा-समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद नीरज शेखर 2019 में भाजपा में शामिल हो गए। उनके पिता चंद्रशेखर को देश के इतिहास में सबसे बड़े समाजवादी नेताओं में से एक माना जाता है और उन्होंने अक्टूबर 1990 से जून 1991 तक छह महीने तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया।

खड़गे बोले- मैंने कभी किसी का अपमान नहीं किया-खड़गे ने चेयरमैन को टोकते हुए कहा- किसी का अपमान करना मेरी आदत नहीं है। इसके बाद उन्होंने भाजपा पर पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- किसी ने कहा कि वे नहाते समय रेनकोट पहनते हैं, किसी ने कहा कि वे बात नहीं करते, किसी ने कहा कि वे सरकार नहीं चला सकते।



महाकुंभ के 24वें दिन मोदी की संगम में डुबकी

योगी के साथ संगम नोज पहुंचे, मंत्रोच्चार के बीच स्नान किया

पुण्य स्नान से धन्य हुआ : मोदी

बढ़ता राजस्थान

प्रयागराज (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज में संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने भगवा रंग के वस्त्र पहन रखे थे। हाथ और गले में रुद्राक्ष की मालाएं थीं। मंत्रोच्चार के बीच मोदी ने अकेले ही संगम में डुबकी लगाई। स्नान के बाद पीएम ने सूर्य को अर्घ्य दिया। करीब 5 मिनट तक मंत्र का जाप करते हुए सूर्य पूजा की। संगम नोज पर गंगा पूजन किया। मां गंगा को दूध अर्पित किया, साड़ी चढ़ाई।

संगम स्नान के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा- महाकुंभ में आज पवित्र संगम में डुबकी लगाकर मैं भी करोड़ों लोगों की तरह धन्य हुआ। मां गंगा सभी को असीम शांति, बुद्धि, सौहार्द और अच्छा स्वास्थ्य दें। मोदी गंगा पूजन के बाद सीधे बोट से अरैल घाट पहुंचे। वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मोदी के संगम स्नान के दौरान सीएम योगी भी साथ रहे।

2 घंटे प्रयागराज में रहे मोदी महाकुंभ में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसलिए पीएम ने कार्यक्रम बेहद सीमित रखा। वह करीब दो घंटे प्रयागराज में रहे। उन्होंने किसी से मुलाकात नहीं की। यहां तक कि दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक भी बमरौली एयरपोर्ट पर ही रहे।

मोदी का विमान सुबह करीब 10.30 बजे दिल्ली से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचा। यहां ष्टरू योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पीएम डीपीएस के हेलीपैड पहुंचे। यहां से उनका काफिला अरैल के ङ्कढ्ढक्क घाट पहुंचा। वहां से योगी के साथ बोट से संगम पहुंचे।

पीएम के दौरे को देखते हुए मेले की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। संगम क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात की गई। 54 दिन में पीएम का महाकुंभ का दूसरा दौरा है। इससे पहले 13 दिसंबर को यहां आए थे।

पटना पहुंचे राहुल गांधी, फिर उठाई जातीय जनगणना की मांग, पीएम मोदी और आरएसएस पर लगाए बड़े आरोप

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना में आरोप लगाया कि भारत के वर्तमान सत्ता तंत्र और संस्थाओं में दलितों तथा वंचितों की कोई भागीदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि दलितों, अल्पसंख्यकों, समाज के कमजोर वर्गों की सटीक संख्या पता लगाने के लिए पूरे भारत में जाति आधारित जनगणना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज भारत की सत्ता संरचना में, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, कॉर्पोरेट हो, व्यापार हो, न्यायपालिका हो, आपकी भागीदारी कितनी है? राहुल ने कहा कि दलितों को प्रतिनिधित्व तो दिया गया है लेकिन अगर सत्ता संरचना में भागीदारी नहीं है तो इसका कोई मतलब नहीं है। अगर मंच के पीछे से निर्णय लिए जाएं तो मंच पर बैठाने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि आज अलग-अलग जाति के लोगों को टिकट देना एक फैशन बन गया है, ये बात पीएम मोदी भी कहते हैं। लेकिन फिर, आपने विधायकों की शक्तियां छीन लीं।

मैं भी गांव से निकलकर आया हूं : सीएम

कहा : गरीबों और युवाओं की पीड़ा को जानता हूं, एक साल में देंगे एक लाख नौकरी

बढ़ता राजस्थान

भीनमाल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार दोपहर को भीनमाल पहुंचे। जहां उन्होंनें नरसाणा स्थित प्रसिद्ध श्री दूदेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हिस्सा लिया और सभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने पूर्ववर्ती सरकार पर पेपर लीक को लेकर निशाना साधा। सीएम ने युवाओं को नौकरी और किसानों के हित में काम करने का भरोसा दिया। सीएम ने कहा-पहले आए दिन पेपर लीक हो जाते थे। पिता विश्वास करता था। बेटा-बेटी उन्हें विश्वास दिलाते थे कि परीक्षा में पास होकर उनके सहयोग में काम करेंगे। मगर 19 में से 17 पेपर लीक करके युवाओं के सपनों को बर्बाद करने का काम किया तो कांग्रेस की सरकार ने किया। आपने देखा होगा कि एक साल में एक भी पेपर आउट नहीं हुआ।

पेपर लीक को लेकर पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना

नौकरियों को लेकर सीएम ने कहा- हमने कहा कि हम एक साल में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम करेंगे। हमने 60 हजार नौकरी अब तक दे दी हैं। 15 हजार अगले महीने तक दे देंगे। जुलाई तक एक लाख युवाओं को नौकरी देने का काम किया जाएगा।

सरकार सभी वादों को पूरा करेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने वादों को पूरा करते हैं, उसी तरह उनकी सरकार भी अपने सभी वादों को पूरा करेगी। केंद्र से मिलने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अतिरिक्त राज्य सरकार भी किसानों को लाभ प्रदान करेगी। महिलाओं के कल्याण पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा-सरकार महिलाओं और बहनों के जीवनस्तर में सुधार के लिए विशेष कार्यक्रम चलाएगी। उन्होंने भारतीय सनातन संस्कृति की महत्ता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को आस्था और संस्कृति से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सीएम के साथ ये रहे मंच पर मौजूद

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दोपहर 2:40 पर हेलिकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां सांसद लुंबाराम चौधरी और पूर्व जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सीएम के साथ मंच पर पूनासा महंत बाबूगिरी महाराज, गजीपुरा महंत प्रेम भारती महाराज, भाडू महंत शिवगिरी महाराज, जालौर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक डॉ. समरजीत सिंह, पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को मिलेगा एक और विकल्प

इंडिगो एयरलाइंस ने शुरू की प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट

जयपुर। जयपुर से महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। स्पाइसजेट और एलाइंस एयरलाइंस के बाद इंडिगो एयरलाइंस ने प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट शुरू की है। यह फ्लाइट कुंभ मेले तक संचालित की जाएगी। जो हर दिन जयपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से जयपुर आएगी। इससे पहले भी स्पाइसजेट एयरलाइंस और एलाइंस एयरलाइंस द्वारा प्रयागराज के लिए 2 सीधी फ्लाइट संचालित की जा रही है।

जबकि एक फ्लाइट 11 फरवरी से प्रस्तावित है। ऐसे में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इंडिगो एयरलाइंस ने एक और सीधी फ्लाइट प्रयागराज के लिए शुरू करने का फैसला किया है। जिससे महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों को एक और विकल्प मिलेगा।

हर दिन शाम सुबह 7 बजे जयपुर से प्रयागराज के लिए रवाना होगी-इंडिगो एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया- महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एयरलाइंस द्वारा जयपुर से प्रयागराज के लिए एक और सीधी फ्लाइट शुरू की जा रही है।

अब पहाड़ी इलाकों में भी दुश्मनों का होगा सफाया

भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर ने किया लाइव फायरिंग का अभ्यास

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना देश के लिए किसी भी परिस्थिति में तत्पर रहती है। इस बीच दुर्गम पहाड़ी इलाकों में भी भारतीय सेना युद्ध लड़ने के लिए तैयार है। बता दें कि भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर मंगलवार को वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ सिक्किम के चुनौतीपूर्ण उच्च-ऊंचाई वाले इलाके में लाइव फायरिंग प्रदर्शन को अंजाम दिया। इस अभ्यास से देश के सबसे रणनीतिक रूप से संवेदनशील इलाकों में से एक में युद्ध की तत्परता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई है। जानकारी के अनुसार इस अभ्यास में पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्च सिस्टम का प्रयोग किया गया। ये रॉकेट सिस्टम स्वदेशी रूप से विकसित तोपखाना प्रणाली है।

दुश्मनों के लिए काल है पिनाका

जानकारी दें कि केवल 44 सेकंड से भी कम समय में 40 से 75 किलोमीटर की दूरी के 12 रॉकेट दागने में सक्षम है। आज के अभ्यास में पिनाका ने कठिन इलाकों में खतरों को बेअसर करने के लिए उच्च-मात्रा, केंद्रित हमले करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आज त्रिशक्ति कोर ने पैदल सेना के साथ मशीनीकृत इकाइयों और तोपखाने के बीच एक समन्वय का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान तेज गतिशीलता, सटीक लक्ष्यीकरण और तेजी से तैनाती पर ध्यान केंद्रित किया गया।

राजस्थान विधानसभा : राइजिंग राजस्थान से जुड़े आरोपों पर जमकर हंगामा, मंत्रियों ने जताई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक इंद्रा मीणा के आरोपों पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक इंद्रा मीणा ने कहा- राइजिंग राजस्थान है क्या, मुख्यमंत्री के बेटे की कितनी फर्मों का टेंडर शामिल करवाया, यह बता दीजिए। यह रिकॉर्ड है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री और कई मंत्रियों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आरोप लगाने से पहले सदन में प्रूफ दीजिए इस तरह बिना प्रूफ नहीं बोलने देंगे। मंत्रियों ने आरोपों को कार्यवाही से निकालने की मांग की। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा- सदन में हम इस तरह बकवास आरोप बिना प्रूफ नहीं सुनेंगे। इस पर इंद्रा मीणा ने कहा कि सबूत दूं क्या, आप तय करोगे कि कोई क्या बोलेगा। हंगामे के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा- हर विधायक को टोकेंगे, यह बर्दाश्त नहीं होगा।

हरिमोहन शर्मा ने पंचायती राज के तबादलों को लेकर तंज कसा

राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा- अंतर्विरोध मुख्यमंत्री को कमजोर कर रहे हैं। अलग-अलग संभाग पर अलग-अलग मुख्यमंत्री बने हुए हैं। कोटा संभाग के मुख्यमंत्री अलग, बीकानेर और जोधपुर के मुख्यमंत्री के अलग हैं, जयपुर के मुख्यमंत्री अलग हैं। शर्मा ने पंचायती राज के तबादलों में गड़बड़ियों को लेकर सरकार पर जमकर तंज कसा। उन्होंने कहा- पंचायती राज में तबादलों का यह हाल था कि 1000 तबादलों पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। हिंदुस्तान में यह रिकॉर्ड बन गया है, इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है। हरिमोहन शर्मा ने मंत्री दिलावर से कहा- मैं आपकी बेशर्मी के लिए आपको धन्यवाद देता हूं। मंत्री दिलावर ने कहा कि स्टे का कोई आधार तो होगा।

जिलों को खत्म करने के मुद्दे पर आज होगी चर्चा

इससे पहले स्पीकर वासुदेव देवनानी ने शून्यकाल में विपक्ष को मुद्दा उठाने की अनुमति दी थी, लेकिन बाद में फैसला वापस ले लिया। इससे नाराज कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा बढ़ा तो देवनानी ने कुछ देर के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर स्पीकर ने जिलों को खत्म करने को लेकर लगे स्थगन प्रस्ताव पर गुरुवार को अनुमति देने की व्यवस्था दी। स्पीकर ने कहा- कल नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी और गंगापुर विधायक रामकेश मीणा को बोलने की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद मंत्री जवाब देंगे। स्पीकर ने कहा- न मैं पक्ष के और न विपक्ष के दबाव में हूं, यह साफ कह रहा हूं। इस नाते इस मुद्दे पर मैंने नियमावली को देखा है। एक ही व्यवस्था हो सकती है कि आज जो व्यवस्था हो गई। कल इस स्थगन पर दो सदस्यों को बोलने की अनुमति दी जाएगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com